

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, गुरुवार 6 अगस्त 2026

भोपाल से पेटियों में भेजा गया छत्तीसगढ़ समेत ओडिशा में खपाने का अंदेशा

ट्रेन से पहुंची 500 किलो पनीर की खेप, एनालॉग के शक पर पकड़ा, पर कारोबारी कौन, पता नहीं!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रतिबंध के बाद एनालॉग पनीर की स्मलिंग जोर पकड़ने लगा है। बुधवार को अमरकंटक एक्सप्रेस से उतारी गई करीब 500 किलो पनीर की बड़ी खेप पकड़ी गई। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि पनीर भोपाल में पैक कर छत्तीसगढ़ और ओडिशा में खपाने के लिए भेजा गया था। सुबह 10 बजे रेलवे स्टेशन पहुंचे इस पनीर की सैंपलिंग सहित अन्य कार्रवाई के लिए करीब चार घंटे तक खाद्य एवं औषधि प्रशासन और रेलवे के फूड ऑफिसर एक दूसरे ⏭शेष पेज 7 पर

खास खबर

सैंपलिंग और कार्रवाई पर घंटों मुंह ताकते रहे एफडीए और रेलवे के अफसर





सैंपल लिए गए

एनालॉग को संदेह के आधार पर सीज कर जांच के लिए सैंपल लिया गया है। राज्य शासन ने इस पर प्रतिबंध लगाया है इसलिए इसकी बिक्री और रोकथाम के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है।
-विनोद कुमार गुप्ता, जिला अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन

अंबिकापुर में पकड़ाया था पहला केस

प्रतिबंध लगने के दूसरे दिन ही चोरी-छिपे भेजे गया 100 किलो पनीर अंबिकापुर में पकड़ा गया था। पनीर रायपुर बस स्टैण्ड से रवाना राजहंस ट्रैवहल्स की बस में अंबिकापुर भेजा गया था। इस पनीर के बाद रेलवे स्टेशन में सौ किलो एनालॉग पकड़ा गया। इस आशंका से इंकार नहीं किया जा रहा है कि ज्यादा मुनाफा वाले इस नकली पनीर का कारोबार भी मावा (नकली खोवा) की तरह बल्क में हो सकता है।

छत्तीसगढ़ के बाद महाराष्ट्र और गुजरात में भी प्रतिबंध

मुंबई। महाराष्ट्र और गुजरात सरकार ने खाद्य सुरक्षा मानकों के व्यापक उल्लंघन और जनस्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के मद्देनजर कृत्रिम (एनालॉग) पनीर के निर्माण एवं बिक्री पर एक वर्ष के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। सरकारी आदेश के अनुसार, नियमों का उल्लंघन करने वालों को आजीवन कारावास और 10 लाख रुपये तक के जुर्माने का सामना करना पड़ सकता है। छत्तीसगढ़ के बाद महाराष्ट्र दूसरा और गुजरात तीसरा राज्य बन गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने बताया कि कई होटल, रेस्तरां, खान-पान सेवाएं और अन्य खाद्य प्रतिष्ठान पारंपरिक पनीर के स्थान पर 'एनालॉग' पनीर का उपयोग कर रहे थे।

खबर संक्षेप

कैबिनेट सचिवों को एक वर्ष का सेवा विस्तार

नई दिल्ली। कैबिनेट सचिव टी. वी. सोमनाथन और गृह सचिव गोविंद मोहन को बुधवार को एक-एक वर्ष का सेवा विस्तार दिया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने सोमनाथन को 30 अगस्त, 2026 के बाद और एक वर्ष के लिए कैबिनेट सचिव के पद पर सेवा विस्तार देने को मंजूरी दे दी है।



हाथों में दी रोटी-सब्जी प्रधानाध्यापिका निलंबित

बलिया। बलिया जिले के पलिया गांव स्थित कम्पोजिट विद्यालय में मध्याह्न भोजन के दौरान रोटी और सब्जी थाली में परोसने के बजाय छात्र-छात्राओं के हाथों में दिए जाने का वीडियो वायरल होने के मामले में प्रभारी प्रधानाध्यापिका को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही विद्यालय में कार्यरत अनुदेशिका की संविदा समाप्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

15 लाख के इनामी समेत तीन माओवादी गिरफ्तार

सरायकेला। झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में बुधवार को 15 लाख रुपये के इनामी माओवादी समेत तीन माओवादियों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। गिरफ्तार माओवादियों में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की क्षेत्रीय समिति का सदस्य मदन महतो उर्फ शंकर महतो उर्फ चरण शामिल है।



28 करोड़ के ड्रग्स जब्त, तीन गिरफ्तार

गुवाहाटी। असम के कछार जिले में पुलिस और असम राइफल्स के संयुक्त अभियान में करीब 28 करोड़ रुपए मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए गए और तीन संदिग्ध तस्करों को गिरफ्तार किया गया। संयुक्त दल ने अभियान के दौरान 1.1 लाख याबा गोलियां और 223 ग्राम हेरोइन बरामद की। असम में मादक पदार्थ माफिया के खिलाफ कानून के तहत कड़ी कार्रवाई जारी है। कछार पुलिस और असम राइफल्स के संयुक्त अभियान में 1.1 लाख याबा गोलियों तथा 223 ग्राम हेरोइन जब्त की गई।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक, कई अहम फैसले

छग में एआई मिशन पर खर्च होंगे 500 करोड़, 100 डेटा लैब बनेंगी, 6 लाख विद्यार्थियों को देंगे ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। इनमें राज्य में एआई के लिए द्वार खोलने सहित कई अन्य निर्णय शामिल हैं। मंत्रिपरिषद ने 'छत्तीसगढ़ राज्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मिशन' को मंजूरी दी है। इस मिशन का उद्देश्य राज्य में सुशासन, नई तकनीक, कौशल विकास और डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है। पांच साल के इस मिशन में हर साल 500 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग में निर्माण कार्यों के डिजिटल प्रबंधन के लिए वर्क्स एण्ड अकाउंट मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम लागू करने के प्रथम चरण को मंजूरी दी है।

एआई मिशन के तहत - 100 एआई डेटा लैब बनाई जाएंगी, 5 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए जाएंगे, 300 से अधिक एआई स्टार्टअप्स को सहायता दी जाएगी, 6 लाख विद्यार्थियों और 1.5 लाख सरकारी कर्मचारियों को एआई का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शासन के कार्यों को आसान और तेज बनाने के लिए 50 से अधिक एआई आधारित सेवाएं विकसित की जाएंगी। यह मिशन भारत सरकार ⏭शेष पेज 7 पर

खास खबर

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना के दिशा-निर्देशों में संशोधन को मंजूरी, पावर कंपनी का जारी होगा बांड

लोक निर्माण में नया सिस्टम

मंत्रिपरिषद् ने लोक निर्माण विभाग में निर्माण कार्यों के डिजिटल प्रबंधन के लिए वर्क्स एण्ड अकाउंट मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम लागू करने के प्रथम चरण को मंजूरी दी है। इस प्रणाली के माध्यम से कार्यों की स्वीकृति, ई-प्राक्कलन, ई-प्रोक्योरमेंट, ई-मेजरमेंट बुक, बिल भुगतान, लेखा प्रबंधन तथा ⏭ शेष पेज 7 पर



एस-एसएनए मॉडल को मंजूरी

मंत्रिपरिषद् ने राज्य योजनाओं के लिए स्टेट नोडल एजेंसी(एस-एसएनए) मॉडल लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य सरकारी योजनाओं की राशि का अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करना है। अब योजनाओं की राशि विभिन्न बैंक खातों में लंबे समय तक निष्क्रिय नहीं रहेगी, बल्कि एक केंद्रीकृत मदर अकाउंट के माध्यम से आवश्यकता होने पर ही सीधे हितग्राहियों या वेंडरों को भुगतान किया जाएगा।

अंजोर विजन के लिए अनुदान

मंत्रिपरिषद् ने वित्त विभाग के उस प्रस्ताव का अनुमोदन किया है, जिसके तहत एशियन डेवलपमेंट बैंक(एडीबी) से छत्तीसगढ़ अंजोर विजन 2047 के क्रियान्वयन हेतु अंजोर लाइट तकनीकी सहायता परियोजना के लिए 15 करोड़ रुपये का पूर्णतः अनुदान प्राप्त किया जाएगा। यह तीन वर्ष (1 दिसंबर 2026 से 30 नवंबर 2029) की बहु-क्षेत्रीय परियोजना है, जिसमें राज्य शासन अथवा भारत सरकार का कोई वित्तीय अंशदान नहीं होगा। परियोजना के अंतर्गत सार्वजनिक वित्त प्रबंधन को सुदृढ़ करना, पीपीपी इकोसिस्टम का विकास, ग्रीन एवं ब्लेंडेड फाइनेंस को बढ़ावा देना, राज्य के सार्वजनिक उपक्रमों की कार्यक्षमता में सुधार, क्लाइमेट-रेजिलिएंट परियोजनाओं का विकास ⏭ शेष पेज 7 पर

हरिभूमि-आईएनएच का जिला संवाद आज सक्ती में



डॉ. हिमांशु द्विवेदी



डॉ. चरणदास महंत



गुरु खुशवंत साहेब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर हरिभूमि एवं आईएनएच के संयुक्त तत्वावधान में जिला संवाद का आयोजन 6 अगस्त गुरुवार को दोपहर 12 बजे से राधा कृष्ण मंदिर, सक्ती में किया जाएगा। आयोजन में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब सहित जनप्रतिनिधियों से प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी संवाद करेंगे। कार्यक्रम में जांजगीर की लोकसभा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, पूर्व भाजपा प्रत्याशी चंद्रपुर श्रीमती संयोगिता ⏭शेष पेज 7 पर

विकास और समस्याओं पर चर्चा

कार्यक्रम में जिले के विकास से जुड़े मुद्दों, शासन की योजनाओं की प्रगति, चल रहे विकास कार्यों तथा स्थानीय समस्याओं पर विस्तार से चर्चा और मंथन होगा। विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, उद्योग-व्यापार जगत, प्रबुद्ध नागरिक एवं विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ भी आयोजन में अपनी भागीदारी निभाएंगे।

मरकाटोला और सिहारीनाला में भालू के हमले की दो घटनाएं

भालू के हमले में भाई-बहन सहित तीन की मौत, एक युवती गंभीर





हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिले के नरहरपुर वन परिक्षेत्र में बुधवार को भालू के हमले की दो अलग-अलग घटनाओं ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। पहली घटना लारगांव मरकाटोला में हुई, जहां भाई और बहन की भालू के हमले में मौत हो गई, जबकि उन्हें बचाने पहुंची छोटी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं दूसरी घटना ग्राम सिहारीनाला में हुई, जहां खेत जा रहे एक बुजुर्ग की भालू के हमले में जान चली गई। दोनों घटनाओं में कुल तीन ⏭शेष पेज 7 पर



विधायक कई घंटे तक डटे रहे

घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक आशाराम नेताम भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि यह अत्यंत दुखद एवं पीड़ादायक घटना है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शासन की ओर से पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। विधायक कई घंटे तक मौके पर रहे और दोनो शव को जिला अस्पताल में पीएम के लिए भेजने के बाद वापिस हुए।

मादा शावक की मौत से आक्रोशित थी मादा भालू

दरअसल यह मादा भालू शावक की मौत से आक्रोशित हो गई थी। वनमंडलाधिकारी रौनक गोयल ने बताया कि भालू के शावक का पीएम करवाया गया, जिसके लीवर में दिक्कत थी, जिसके कारण उसकी मौत हुई है। इसके अलावा भालू की जाँच भी की गई है। वहीं मृतकों के परिजनों को 6-6 लाख की सहायता राशि दी जाएगी।

लगातार चौथी बार 5.25 प्रतिशत पर कायम रेपो रेट

पश्चिम एशिया तनाव से नहीं घटी महंगाई

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच बुधवार को नीतिगत दर रेपो को इस साल लगातार चौथी बार 5.25 प्रतिशत पर कायम रखने के साथ 'तटस्थ' रुख को भी बरकरार रखा। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि पश्चिम एशिया तनाव चुनौती बन गई है। ऐसे में महंगाई दबाव सीमित बना हुआ है। हालांकि, खाद्य पदार्थों, ईंधन और अन्य कच्चे माल की लागत में बढ़ोतरी के ⏭शेष पेज 7 पर



नए वित्त वर्ष में आएंगे प्लास्टिक के नोट

मल्होत्रा ने यह भी कहा कि आरबीआई अगले वित्त वर्ष की शुरुआत में पॉलिमर यानी प्लास्टिक से बने नोट जारी करने की तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ देशों में पॉलिमर नोट का 30 वर्षों से अधिक समय तक चलने का रिकॉर्ड हैं। ये नोट खासतौर पर कम मूल्य वर्ग के नोटों के लिए उपयोगी होंगे, क्योंकि इनका इस्तेमाल और चलन अधिक होता है।

बचत करने वालों को बड़ी राहत

आरबीआई का यह फैसला अपनी बचत के पैसे बैंक में रखने वालों के लिए राहतभरा है, क्योंकि एफडी पर मिलने वाला ब्याज फिलहाल कम नहीं होगा। हालांकि, सभी बैंक आरबीआई के बताए मुताबिक ब्याज दरें एक जैसी नहीं रखते, वे अपनी लागत और बाजार को देखकर इसमें थोड़ा बदलाव कर सकते हैं। चुनौतीपूर्ण स्थिति के बावजूद आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि के अनुमान को 6.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत कर दिया है।



पांच मंजिला इमारत जितना बड़ा स्पेसएक्स का रॉकेट चांद से टकराया

4.5 टन वजनी, 8,690 किमी प्रति घंटा रफ्तार से गिरा नीचे

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

प्रसिद्ध एंत्रेप्न्योर इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स का एक बेकाबू रॉकेट चांद की सतह से टकरा गया है। 4 हजार किलो वजनी और करीब 5 मंजिला इमारत जितना बड़ा यह रॉकेट करीब 8,690 किमी/घंटा की रफ्तार से टकराया। नासा ने कहा कि इस टक्कर से पृथ्वी को कोई खतरा नहीं है। हालांकि इस टक्कर की पुष्टि तस्वीरों के आने के बाद होगी। यह बेकाबू टुकड़ा स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट का ऊपरी हिस्सा है। इसे जनवरी 2025 में फ्लोरिडा से अमेरिका और जापान के दो लूनर लैंडर को अंतरिक्ष में भेजने के लिए लॉन्च किया गया था। मिशन पूरा होने के बाद रॉकेट का यह हिस्सा अंतरिक्ष में तैरता रह गया। पिछले 18 महीनों के दौरान पृथ्वी, चंद्रमा और सूर्य के गुरुत्वाकर्षण की वजह से इसका रास्ता धीरे-धीरे बदल गया।

आइंस्टीन क्रेटर के पास हुई टक्कर

यह टक्कर चांद के 'आइंस्टीन क्रेटर' के पास हुई। यह क्षेत्र चांद के उस हिस्से में है जहां दिन का उजाला रहता है और जो पृथ्वी से दिखाई देता है। हालांकि, वैज्ञानिकों के मुताबिक इसे आम टेलिस्कोप से देखना नामुमकिन था, क्योंकि टक्कर के वक्त बनी रोशनी बेहद हल्की थी।



तस्वीरों के लिए इंतजार

फिलहाल जब यह हादसा हुआ, तब चांद का चक्कर लगा रहा कोई भी स्पेसक्राफ्ट सही पोजिशन में नहीं था, इसलिए लाइव तस्वीरें नहीं मिल पाई हैं। दक्षिण कोरिया का 'दानुरी' ऑर्बिटर और नासा का 'लूनर रिकोनिसेंस ऑर्बिटर' आने वाले दिनों में टक्कर वाली जगह के ऊपर से गुजरेंगे और तस्वीरें लेंगे। वैज्ञानिक पुरानी और नई तस्वीरों की तुलना करके चांद की सतह पर बने नए निशान की पहचान करेंगे।

चांद पर पहले से मौजूद 190 टन कचरा

इस टक्कर के बाद चांद पर इंसानों की छोड़ी गई या दुर्घटनाग्रस्त हुई चीजों की संख्या बढ़कर लगभग 3,000 हो गई है। इनका कुल वजन करीब 190 टन हो चुका है। वैज्ञानिक चिंतित हैं कि भविष्य में बढ़ते लूनर ट्रैफिक के कारण ऐतिहासिक अपोलो लैंडिंग साइट्स को नुकसान न पहुंचे और नए स्पेसक्राफ्ट्स के टकराने का जोखिम न बढ़े।

यह टक्कर खोलेगी अंतरिक्ष के नए राज

साइंस म्यूजियम की स्पेस हेड लिब्बी जैक्सन के अनुसार, आमतौर पर जब कोई प्राकृतिक उल्कापिंड चांद से टकराता है, तो वैज्ञानिकों के पास उसका शुरुआती डेटा नहीं होता। लेकिन इस रॉकेट की स्पीड, वजन और आकार का डेटा पहले से मौजूद था। इस टक्कर से बने नए गड्ढे और उड़ी हुई धूल की परत का अध्ययन करके वैज्ञानिक यह समझ सकेंगे कि अरबों साल पहले चांद और हमारे सौर मंडल का निर्माण कैसे हुआ था।

खबर संक्षेप

370 हटाने के बाद कश्मीर में व्यापक बदलाव : मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 2019 में अनुच्छेद



370 को हटाये जाने के बाद से जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों के जीवन में बड़े बदलाव आए हैं, वहां बुनियादी ढांचे का विस्तार हुआ है तथा शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, उद्यमिता और खेल के क्षेत्रों में अवसरों में वृद्धि हुई है। अनुच्छेद 370 को हटाये जाने के सात वर्ष पूरे होने पर मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा वह यह सुनिश्चित करने के लिए भी कटिबद्ध है कि हर नागरिक को 'बड़े सपने देखने और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने' का मौका मिले।

फैक्ट्री में केमिकल लीक तीन मजदूरों की मौत

बेंगलूरू। कर्नाटक के यादगिरी जिले के कडेचूर-बडियाल इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक फैक्ट्री में केमिकल लीक होने से दम घुटने के कारण 3 मजदूरों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान तेलंगाना के महबूबनगर निवासी कटला गणेश और मध्य प्रदेश के कटनी निवासी विक्रम सिंह गोंडा और संजय सिंह गोंडा के रूप में हुई है। हादसे में आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले के रहने वाले मंचला हेमंत और मंचला शिवकुमार घायल हो गए। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने सैदापुर थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अब महाराष्ट्र में रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल शुरू

मुंबई। महाराष्ट्र में रेजिडेंट डॉक्टरों ने बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। महाराष्ट्र



एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स (एमएआरडी) राज्य सरकार के उस फैसले का विरोध कर रहा है, जिसमें होम्योपैथ डॉक्टरों को महाराष्ट्र मेडिकल काउंसिल (एमएमसी) में रजिस्ट्रेशन और एलोपैथिक दवाएं लिखने की अनुमति दी गई है। रेजिडेंट डॉक्टरों का कहना है कि इस फैसले से मरीजों की सुरक्षा और इलाज की गुणवत्ता पर असर पड़ सकता है।

प्रधानमंत्री ने 37 पार्टी सांसदों से नाश्ते पर की मुलाकात, कई मुद्दों पर की बात

'सोशल मीडिया के इस्तेमाल में सावधानी बरतें टीवी पर गलत बात न कहें, पूरी गरिमा बनाए रखें'

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन और पार्टी में हाल में शामिल हुए आम आदमी पार्टी के कुछ पूर्व नेताओं समेत 37 पार्टी सांसदों के साथ सुबह बैठक की और इस बात पर जोर दिया कि संसद में बिना किसी अवरोध के सुचारू तरीके से कामकाज होना चाहिए। सोशल मीडिया और टीवी पर भी उन्होंने सांसदों को बहुत सतर्क रहने की सलाह दी।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम मोदी ने बैठक के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने सांसदों को राजनीतिक दर्शन, संसदीय नैतिकता और व्यक्तिगत आचरण के बारे में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने खासतौर से सोशल मीडिया पर व्यवहार को लेकर चिंता जताई। मोदी ने सांसदों को आगाह किया कि वे दिल्ली में किससे मिल रहे हैं और किसके साथ बैठ रहे हैं, इसका ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि लेटरहेड का इस्तेमाल और अपना आचरण बहुत सावधानी से करें। सोशल मीडिया और टीवी पर भी उन्होंने सांसदों को बहुत सतर्क रहने की सलाह दी। पीएम ने कहा कि टीवी पर कोई भी गलत बात न कहें और हर समय पूरी गरिमा बनाए रखें। उन्होंने सांसदों से फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स (ट्विटर) जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सक्रिय रहने, युवाओं से जुड़ने और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को उजागर करने को कहा। साथ ही, युवाओं को खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने का भी सुझाव दिया। पीएम ने सांसदों को दिल्ली के राजनीतिक दायरे से बाहर निकलने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि वे केवल लुटियंस दिल्ली तक ही सीमित न रहें। सूत्रों के मुताबिक, यह बातचीत काफी सौहार्दपूर्ण रही, जिसमें पीएम ने सांसदों के सवालों के जवाब भी दिए।

सांसदों को दिल्ली के राजनीतिक दायरे से बाहर निकलने की दी सलाह



संसद में गरिमा और संयम जरूरी

संसदीय बहस के दौरान होने वाली तनातनी पर पीएम ने कहा कि सदन के अंदर की चिंता को बाहर न ले जाएं। उन्होंने कहा कि सदन का माहौल कभी-कभी तनावपूर्ण हो सकता है, लेकिन आपको इसे अपने साथ नहीं ले जाना चाहिए। चिल्लाने या गुस्से में बोलने की जरूरत नहीं है। आप सभी पार्टी की लाइन जानते हैं, इसलिए हर मुद्दे पर अपनी बात शांति से रखें। पीएम ने सांसदों को सलाह दी कि वे सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के सदस्यों को जानें। उन्होंने कहा कि आपको पता होना चाहिए कि सदन में आपके साथी कौन हैं। उन्होंने सांसदों को संसद की लाइब्रेरी में हर दिन कम से कम एक या दो घंटे बिताने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

योग और समय प्रबंधन का मंत्र

जब सांसदों ने पीएम से उनके व्यस्त शेड्यूल और जिम्मेदारियों को संभालने का राज पूछा, तो उन्होंने कहा, 'मैं वर्तमान में जीता हूं। अभी मैं आप सभी से बात कर रहा हूं, तो मैं सिर्फ यहीं हूं।' उन्होंने सांसदों को सलाह दी कि वे वर्तमान में रहें और देश के बेहतर भविष्य के लिए काम करें। पीएम ने अपनी दिनचर्या साझा करते हुए कहा, 'मैं केवल 3.5 घंटे सोता हूं, लेकिन हमेशा योग करता हूं, जो मुझे ठीक से काम करने में मदद करता है। आप सभी को स्वस्थ जीवन शैली अपनानी चाहिए और रोजाना योग करना चाहिए।'

सांसदों ने साझा किए अनुभव

बैठक के बाद बीजेपी सांसद अशोक मित्तल ने बताया कि पीएम ने युवाओं से जुड़ने के लिए उन्हें ध्यान से सुनने और विनम्रता से बात करने की सलाह दी। सांसद विक्रमजीत सिंह साहनी ने कहा कि पीएम ने संसद को गंभीरता से लेने और इसे सुचारू रूप से चलाने पर जोर दिया। बीजेपी सांसद राहुल सिन्हा ने कहा कि पीएम ने हम सभी को सुना और महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। सांसद सुप्रिता देव ने बताया कि पीएम ने संसद को एक विश्वविद्यालय की तरह बताया, जहां नेताओं को एक-दूसरे से सीखना चाहिए। बीजेपी नेता तरुण चुघ ने कहा कि पीएम ने पार्टी राजनीति से ऊपर उठकर सार्वजनिक जीवन में गरिमा बनाए रखने का पाठ पढ़ाया।

रामंदिर चंदा चोरी, छात्र आंदोलन को लेकर विपक्ष है हमलावर

लोकसभा में गतिरोध बरकरार, बिना चर्चा के विधेयक पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी में प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस की कार्रवाई और राम मंदिर चंदा चोरी जैसे मामलों को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच संसद में बनी हुई तनातनी जस की तस बरकरार है। नतीजा, मॉनसून सत्र के तीसरे दिन यानी बुधवार को भी लोकसभा में कोई सरकारी कामकाज नहीं हुआ। कांग्रेस व अन्य दलों द्वारा नारेबाजी के साथ किए गए शोरशराबे की वजह से प्रश्नकाल-शून्यकाल दोनों बाधित हुए और कार्यवाही को एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 2 बजकर 21 मिनट पर गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। वहीं, इसी हंगामे के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बैंकर्स बुक्स एविडेंस विधेयक-2026 को पहले की ही भांति बिना किसी चर्चा के सदन से पारित कर दिया गया।



सर्वोच्च न्यायालय में बढ़ेंगे 4 मी-लाई

संसद ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन विधेयक, 2026 को मंजूरी दे दी। राज्यसभा ने विधेयक पर चर्चा के बाद इसे पारित कर लोकसभा को लौटा दिया। लोकसभा इसे सोमवार को ही पारित कर चुकी थी। विधेयक के कानून बनने के बाद सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) को छोड़कर न्यायाधीशों की संख्या 33 से बढ़ाकर 37 हो जाएगी। यानी अब शीर्ष अदालत में सीजेआई सहित कुल 38 न्यायाधीश होंगे। यह संशोधन सुप्रीम कोर्ट (न्यायाधीशों की संख्या) अधिनियम, 1956 में किया गया है।

रीजीजू ने संसद चलाने राहुल से सहयोग मांगा, परिसीमन को लेकर भी चर्चा



संसद में जारी गतिरोध समाप्त करने के प्रयास के तहत संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात कर मानसून सत्र की शेष अवधि के दौरान सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने में सहयोग मांगा। सूत्रों ने बताया कि इस दौरान परिसीमन और महिला आरक्षण से संबंधित विधेयकों को फिर से पेश किए जाने की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई, लेकिन कांग्रेस नेता की ओर से कोई आश्वासन नहीं मिला। कुछ राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि स्वतंत्रता दिवस के बाद, संसद का एक विशेष सत्र बुलाकर पिछले सत्र में पारित नहीं हो सके परिसीमन विधेयक और नारी शक्ति वंदन (संशोधन) विधेयक को दोबारा पेश किया जा सकता है।

बॉम्बे हाईकोर्ट ने मेटा और एक्स को दिया निर्देश

तुरंत हटाए जाएं गडकरी से जुड़े सोशल मीडिया पोस्ट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म मेटा और एक्स को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के खिलाफ आपत्तिजनक कंटेंट फौरन हटाने का आदेश दिया। साथ ही पोस्ट करने वाले यूजर्स की जानकारी भी मांगी। हाईकोर्ट ने इन कंपनियों से कहा, 'भविष्य में भी अगर मंत्री की ओर से ऐसा कोई कंटेंट ध्यान में लाया जाता है, तो उसे भी हटाया जाएगा।'

गडकरी ने 27 जुलाई को हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की थी। इसमें



आरोप लगाया गया था कि सोशल मीडिया पर उन्हें और उनके परिवार को ई-20 इथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम से होने वाले कथित मुनाफे से जोड़ा जा रहा है। याचिका में कहा गया, 'लोग उनके खिलाफ आपत्तिजनक कमेंट्स और मीम बना रहे हैं। इससे उनकी इमेज खराब हो रही है।'

अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दायर करने की अनुमति : हाईकोर्ट ने गडकरी को मेटा और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के साथ-साथ उन अज्ञात लोगों के खिलाफ भी सिविल मुकदमा दायर करने की अनुमति दी है, जो उनके और उनके परिवार के खिलाफ गलत जानकारी फैला रहे हैं। सोशल मीडिया पर दावे किए जा रहे हैं कि पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने से गाड़ियों के इंजन और कई पार्ट्स को नुकसान पहुंच रहा है।

ऐसे मामलों के लिए बनाना चाहिए सिस्टम

जस्टिस आरिफ डॉक्टर की सिंगल बेंच ने कहा, मेटा और गूगल फौरन इन पोस्ट को हटाने पर काम करे। यह भी पूछा कि क्या उनके पास ऐसा कोई सिस्टम है, जिससे बिना कोर्ट गए ऐसी पोस्ट को हटाया जा सके। प्लेटफॉर्म को ऐसी पोस्ट खुद ही हटा देनी चाहिए। जस्टिस डॉक्टर ने कहा, 'आपके पास इतनी टेक्नोलॉजी है, तो क्या आपके पास कोई ऐसा सिस्टम नहीं है, जो ऐसे मामलों को पकड़ सके। अगर कोई अश्लील या अपमानजनक चीज डालता है, तो उसे तुरंत हटा दिया जाना चाहिए। यह बहुत ही घटिया बात है।'

श्रीलंका में बाढ़ का कहर, सात लोगों की मौत, स्कूल बंद

कोलंबो। श्रीलंका के चाय उत्पादक पर्वतीय इलाकों में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई है। हालात को देखते हुए स्कूल बंद कर दिए गए हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पिछले दो दिनों से जारी मूसलाधार बारिश के कारण देश के कई हिस्सों में घर, खेत और सड़कें जलमग्न हो गई हैं। सरकारी आपदा प्रबंधन केंद्र के अनुसार मध्य श्रीलंका के पर्वतीय क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। आपदा प्रबंधन केंद्र के प्रवक्ता प्रदीप कोडिप्पिली ने बताया कि मध्य क्षेत्र में भूस्खलन में दो मकान दब गए, जिससे कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा बाढ़ से दो अन्य लोगों की जान चली गई।

सीजेपी फाउंडर दीपके बोले- देश को जन-आंदोलन की जरूरत

प्रेशर ग्रुप की तरह करेंगे काम नहीं बनाएंगे पॉलिटिकल पार्टी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने बुधवार को कहा, 'कॉकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी फिलहाल राजनीतिक पार्टी नहीं बनेगी। अभी भारत को एक मजबूत प्रेशर ग्रुप की जरूरत है, इसलिए कॉकरोच पार्टी उसी भूमिका में काम करेगी।' दीपके ने कहा, 'अगर हम राजनीतिक पार्टी बनाते, तो हमारा आंदोलन सफल नहीं होता। आंदोलन इसलिए सफल हुआ, क्योंकि अलग-अलग विचारधाराओं और राजनीतिक दलों के लोग लोकतंत्र को कमजोर करने वाली चीजों के खिलाफ एक साथ आए। आज भारत को किसी नई राजनीतिक पार्टी की नहीं, बल्कि एक मजबूत जन आंदोलन की जरूरत है।' महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में सीजेपी की बुधवार से दो दिवसीय बैठक शुरू हो गई है। बैठक से पहले मीडिया से बातचीत में दीपके ने बताया कि इसमें जंतर-मंतर आंदोलन की समीक्षा, E20 पेट्रोल, शिक्षा व्यवस्था जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी।

झारखंड के प्रदर्शन में जाने का किया ऐलान

दीपके ने कहा, हमारे आंदोलन को सिर्फ शिक्षा के मुद्दे पर समर्थन नहीं मिला। लोगों ने इसलिए साथ दिया, क्योंकि राजनीतिक व्यवस्था, न्यायपालिका, मीडिया और चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं पर उनका भरोसा कम हो गया है। मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था बहुत खराब स्थिति में है और लोकतांत्रिक संस्थाओं में लोगों का भरोसा वापस लाने के लिए व्यापक जन आंदोलन और जनता के दबाव की जरूरत है। सीजेपी झारखंड जाएगी और वहां आंदोलन कर रहे छात्रों के साथ खड़ी रहेगी। हम झारखंड के छात्रों की हर मांग का समर्थन करते हैं।

इस लिस्ट में टाटा ग्रुप है दूसरी पसंद, तीसरे स्थान पर है अमेजन

गूगल भारत का सबसे आकर्षक नियोक्ता, नौकरी के लिए पहली पसंद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रैंडस्टैड एम्प्लॉयर ब्रांड रिसर्च (आरईबीआर) 2026 की रिपोर्ट के मुताबिक, गूगल भारत का सबसे आकर्षक नियोक्ता के रूप में सामने आया है। इस लिस्ट में टाटा ग्रुप दूसरे नंबर पर और अमेजन तीसरे स्थान पर है। इस रिपोर्ट के लिए रैंडस्टैड इंडिया ने देशभर के करीब 3,500 लोगों से राय ली। यह सर्वे दुनिया के 34 देशों में किए गए एक बड़े सर्वे का हिस्सा था, जिसमें 1.75 लाख से ज्यादा लोगों ने भाग लिया। रिपोर्ट में इस बात का भी खुलासा हुआ है कि कर्मचारी अब केवल अच्छी सैलरी नहीं बल्कि करियर ग्रोथ, ऑफिस कल्चर, वर्क-लाइफ बैलेंस, हेल्थ और सैलरी जैसे कई चीजों पर ध्यान दे रही है।

रिसर्च में नौकरी बदलने को लेकर आई अहम जानकारी सामने



कर्मचारी कंपनी में आखिर क्या कर रहे हैं तलाश?

रिपोर्ट के मुताबिक, आज के कर्मचारी ऐसे नियोक्ता की तलाश कर रहे हैं जो उन्हें सिर्फ अच्छी सैलरी ही नहीं बल्कि बेहतर काम का माहौल और आगे बढ़ने के मौके भी दे। कर्मचारी चाहते हैं कि कंपनियां उन्हें करियर ग्रोथ, सम्मानजनक माहौल, स्वास्थ्य सुविधाएं, काम में लचीलापन और अच्छी सैलरी जैसी सुविधाएं दें। अब लोग सिर्फ कंपनी की सुविधाओं को नहीं, बल्कि कंपनी अपने कर्मचारियों के साथ कैसा व्यवहार करती है, इसे भी महत्व दे रहे हैं। सर्वे में लोगों ने आगे बताया कि नौकरी की सुरक्षा के लिए अच्छा प्रदर्शन करने पर पहचान मिलना और करियर में आगे बढ़ने के मौके (47%) उतने ही जरूरी हैं जितना अच्छी सैलरी और सुविधाएं. इसके अलावा, कंपनी की ओर से साफ और ईमानदार बातचीत भी कर्मचारियों के भरोसे के लिए अहम मानी जा रही है। 46% लोगों ने कहा कि पारदर्शी संवाद से कंपनी पर उनका विश्वास बढ़ता है।

हाइब्रिड मॉडल हो रहा सामान्य

रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि भारत में हाइब्रिड वर्क मॉडल तेजी से सामान्य हो रहा है। करीब 42% कर्मचारियों ने कहा कि वे हाइब्रिड तरीके से काम कर रहे हैं यानी कुछ दिन ऑफिस और कुछ दिन घर से काम करते हैं। युवा कर्मचारी रिमोट वर्क को ज्यादा पसंद कर रहे हैं। जेनरेशन Z के 63% और मिलेनियल्स के 62% कर्मचारियों ने बताया कि वे कम से कम कुछ समय घर से काम करते हैं, जबकि जेनरेशन X में यह आंकड़ा 51% रहा। रैंडस्टैड इंडिया के मैनेजर निदेशक नारायण अय्यर ने कहा कि कंपनियों को बदलती कर्मचारी जरूरतों के हिसाब से अपनी रणनीति बदलनी होगी। जो कंपनियां करियर ग्रोथ, लचीलापन, बेहतर माहौल और अच्छी सुविधाएं देंगी।

ये हैं भारत में टॉप एम्प्लॉयर ब्रांड

गूगल, टाटा ग्रुप, वीरांगना, सैमसंग इंडिया, इंफोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी समूह, हिंदुस्तान यूनिलीवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, डेल टेक्नोलॉजीज।

अब कतार से ही होंगे दर्शन

अयोध्या में वीआईपी पास सिस्टम खत्म

एजेंसी ▶▶ अयोध्या



अयोध्या के राम मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने राम दरबार दर्शन की व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया है। अब राम दरबार के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को अलग से विशेष पास बनवाने की जरूरत नहीं होगी। नई व्यवस्था के तहत श्रद्धालु पहले सामान्य दर्शन कतार से रामलला के दर्शन करेंगे। इसके बाद वे सीधे मंदिर की प्रथम मंजिल पर स्थित राम दरबार के दर्शन भी कर सकेंगे। इसके लिए किसी अतिरिक्त अनुमति या विशेष पास की आवश्यकता नहीं होगी। अब तक राम दरबार के दर्शन सीमित संख्या में जारी किए जाने वाले विशेष पास के माध्यम से कराए जाते थे। इस वजह से हर श्रद्धालु को दर्शन का अवसर नहीं मिल पाता था। ट्रस्ट ने अब इस विशेष पास प्रणाली को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। नई व्यवस्था का उद्देश्य श्रद्धालुओं के लिए दर्शन प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाना है, ताकि अधिक से अधिक भक्त बिना अतिरिक्त औपचारिकताओं के राम दरबार के दर्शन कर सकें।

रायपुर
गुरुवार 6 अगस्त 2026
श्रावण, कृष्ण पक्ष अष्टमी
वर्ष : 25, अंक : 17
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 33.0
न्यून. 22.5

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

3 घंटे 51 मिनट का समय विशेष शुभ

27 अगस्त को भद्रा का प्रभाव सुबह 9 बजकर 8 मिनट से रात 9 बजकर 32 मिनट तक रहेगा, इसलिए उस दिन राखी बांधना उचित नहीं माना जाएगा। इस कारण 28 अगस्त को बिना किसी बाधा के श्रद्धा और उल्लास के साथ यह पर्व मनाया जा सकेगा। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार भद्रा काल में राखी बांधना वर्जित होता है, क्योंकि इसे अशुभ माना जाता है। राहत की बात यह है कि 28 अगस्त को भद्रा सूर्योदय से पहले ही समाप्त हो जाएगी, जिससे पूरे दिन राखी बांधना शुभ रहेगा। विशेष रूप से सुबह 5 बजकर 57 मिनट से लेकर 9 बजकर 48 मिनट तक का समय राखी बांधने के लिए सर्वोत्तम रहेगा।

वर्ष का दूसरा चंद्रग्रहण

वैदिक पंचांग के अनुसार, 28 अगस्त अर्थात रक्षाबंधन के दिन चंद्रग्रहण लगेगा। भारतीय समय के अनुसार, चंद्रग्रहण की शुरुआत सुबह 6 बजकर 53 मिनट पर होगी। वहीं, इसका समापन दोपहर 12 बजकर 31 मिनट पर होगा। इस ग्रहण की कुल अवधि 5 बजकर 39 मिनट पर होगी। रक्षाबंधन के दिन लगने वाला चंद्र ग्रहण एक आंशिक चंद्र ग्रहण है। यह ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। 2026 का दूसरा चंद्र ग्रहण पश्चिमी एशिया के कुछ हिस्सों, दक्षिणी अमेरिका, अफ्रीका, यूरोप में दिखाई देगा। चूंकि यह चंद्रग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा, इसलिए यहां सूतक मान्य नहीं होगा और ना ही रक्षाबंधन के पर्व में किसी तरह का कोई असर पड़ेगा।

29 वर्ष पश्चात रक्षा पर्व भद्रा बंधन से मुक्त, सूर्योदय होते ही चंद्रग्रहण, लेकिन यह भारत में मान्य नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

इस वर्ष रक्षाबंधन में बहनों को शुभ मुहूर्त का इंतजार करने की आवश्यकता नहीं होगी। वे पूरे दिन कभी भी अपने भाइयों को राखी बांध सकेंगी। 29 वर्ष पश्चात इस बार राखी में भद्रा का साया नहीं है। पंचांग के अनुसार सावन पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 27 अगस्त 2026, गुरुवार को सुबह 9 बजकर 8 मिनट से होगी और इसका समापन 28 अगस्त, शुक्रवार को सुबह 9 बजकर 48 मिनट पर होगा। सनातन धर्म में उदयातिथि का विशेष महत्व होता है अर्थात जिस दिन सूर्योदय के समय जो तिथि विद्यमान हो, उसी दिन पर्व मनाया जाता है। इस नियम के अनुसार, 28 अगस्त को सूर्योदय के समय पूर्णिमा तिथि रहेगी, इसलिए रक्षाबंधन का पर्व 28 अगस्त को ⏭शेष पेज 7 पर

- 27 अगस्त को प्रात: 9 बजे प्रारंभ होगी पूर्णिमा, उदया तिथि के आधार पर राखी 28 को
- सूर्योदय के पूर्व ही समाप्त हो जाएगी भद्रा



निश्शंक होकर बांधें राखी

2026 में रक्षाबंधन पूर्ण रूप से भद्रामुक्त है। निश्शंक होकर पूरे दिन बहनें अपने भाइयों को राखी बांध सकती हैं।
- पं.मनोज शुक्ला, महामाया मंदिर

खबर संक्षेप

एयर इंडिया ने तेवोल्डे को बनाया नया सीईओ

नई दिल्ली। एयर इंडिया ने बुधवार को इथियोपियन एयरलाइंस समूह के पूर्व प्रमुख तेवोल्डे गेब्रेमरियम को अपना अगला एमडी और सीईओ नियुक्त करने की घोषणा की। वह कैंपबेल विल्सन का स्थान लेंगे, जिन्होंने इस साल अप्रैल में अपने इस्तीफे की घोषणा की थी।



पति ने पत्नी की उसके प्रेमी से कराई शादी

संत कबीर नगर। उत्तर प्रदेश के संत कबीरनगर जिले में एक असामान्य घटना में एक व्यक्ति ने शिव मंदिर में अपनी पत्नी का कथित तौर पर उसके प्रेमी से विवाह कराया। व्यक्ति ने अपनी पत्नी का कुछ समय से दूसरे शख्स के साथ प्रेम संबंध होने का दावा किया। यह घटना धनघटा तहसील के डेबरी गांव में हुई। फूलमती की पांच संतानें हैं, जिनमें 18 साल का एक बेटा शामिल है।

दो करोड़ से अधिक मूल्य की मेफेड्रोन बरामद

मुंबई। मुंबई पुलिस ने दो करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ मेफेड्रोन बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मादक पदार्थ निरोधक प्रकोष्ठ की टीम ने मंगलवार देर रात चेंबूर क्षेत्र में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 681 ग्राम मेफेड्रोन बरामद की गई।



बाजूबंद में छिपाया गया एक किलो सोना बरामद

नई दिल्ली। दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने इस्तांबुल से आई दो महिला यात्रियों के पास से 'बाजूबंद' में छिपाकर लाया जा रहा करीब एक किलोग्राम सोना जब्त किया। दोनों महिला यात्री पांच अगस्त को आईजीआई हवाई अड्डे पर पहुंची थीं। 'एडवांस पैसेंजर इंफॉर्मेशन सिस्टम' (एपीआईएस) के आधार पर प्रोफाइलिंग के बाद उन्हें ग्रीन चैनल पार करने के उपरांत रोका गया।

'आरएसी' यात्रियों को भी बिस्तर और कंबल

नई दिल्ली। रेल मंत्रालय ने 'रिजर्वेशन अगेंस्ट कैंसिलेशन' (आरएसी) टिकट पर यात्रा करने वाले यात्रियों को बिस्तर और कंबल (बेडरोल किट) उपलब्ध कराने के अपने निर्देश को एक बार फिर दोहराया है। यह कदम लगभग सभी रेलवे मंडलों से इस संबंध में लगातार शिकायतें मिलने के बाद उठाया गया है।



उपग्रह एनवीएस-3 प्रक्षेपण को तैयार

नई दिल्ली। सरकार ने बुधवार को संसद को बताया कि भारत की क्षेत्रीय नौवहन उपग्रह प्रणाली (नाविक) के लिए एनवीएस-3 उपग्रह प्रक्षेपण की खातिर तैयार है। इसके बाद, एनवीएस-4 और एनवीएस-5 का प्रक्षेपण किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि इन उपग्रहों के प्रक्षेपण के बाद सात उपग्रहों वाले 'नाविक' के बुनियादी समूह को पूरा करने के लिए एक और उपग्रह प्रक्षेपित करने की योजना है। हालांकि, सिंह ने इन प्रक्षेपणों की समयसीमा का उल्लेख नहीं किया।

भारत सरकार का कड़ा रुख, कंपनी ने स्वीकार की गलती

सुबह अल्टीमेटम, शाम को मानी 'चूक', वीडियो विवाद में झुका मेटा, जुकरबर्ग ने मांगी माफी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पोस्ट फेसबुक से हटाने और प्लेटफॉर्म में कई खामियों को लेकर भारत सरकार के कड़े रुख के बाद मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने माफी मांगी है। केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव और आईटी सचिव एस. कृष्णन से मुलाकात के दौरान मेटा की ग्लोबल टीम ने बाल शोषण सामग्री, डीपफेक कंटेंट और प्लेटफॉर्म संचालन में हुई गलतियों पर खेद जताया है। मेटा टीम ने यह भी कहा, बड़ी चूक हो गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फेसबुक वीडियो हटाए जाने के विवाद के बीच मेटा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्क जकरबर्ग ने भारत सरकार से माफी मांगी है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, जकरबर्ग ने मेटा प्लेटफॉर्म पर बाल शोषण और डीपफेक सामग्री और प्लेटफॉर्म के संचालन में हुई गलतियों पर खेद व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि फेसबुक, इंस्टाग्राम, थ्रेड्स सहित अन्य सोशल मीडिया संचालित करने वाली कम्पनी मेटा लंबे समय से केंद्र की कड़ी निगरानी में है।

यह घटनाक्रम उस समय सामने आया जब बुधवार सुबह संसद की संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष निशिकांत दुबे ने मेटा को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा था कि यदि मार्क जकरबर्ग व्यक्तिगत रूप से माफी नहीं मांगते हैं तो कंपनी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की सिफारिश की जा सकती है, जिसमें सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 79 के तहत मिलने वाले 'सेफ हार्बर' संरक्षण पर पुनर्विचार भी शामिल है।

भारत मेटा का सबसे बड़ा बाजार

85.3 करोड़
52 से 55 करोड़
70.26 करोड़



विवाद की मुख्य वजह क्या थी?

दरअसल, यह पूरा विवाद तब शुरू हुआ जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेल्फी वीडियो पोस्ट को फेसबुक पर सीमित कर दिया गया था। इस वीडियो में उन्होंने पेपर लीक मामलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का वादा किया था। मेटा ने इसे अपनी एआई-संचालित ऑटोमेटेड कंटेंट फिल्टर की तकनीकी गड़बड़ी बताते हुए पोस्ट बहाल कर दी थी। हालांकि, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने इस सफाई को अपर्याप्त मानते हुए मेटा के वैश्विक अधिकारियों को समन भेजा था।

45 मिनट चली अहम बैठक

सरकारी सूत्रों के अनुसार, मेटा के चीफ ग्लोबल अफेयर्स ऑफिसर जोएल कप्लान के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन से लगभग 45 मिनट तक बैठक की। इसके बाद आईटी मंत्री से भी मुलाकात हुई। इसी बैठक के बाद जकरबर्ग की ओर से माफी का संदेश सरकार तक पहुंचा।

सरकार सख्त

हाल के महीनों में भारत सरकार ने मेटा के प्लेटफॉर्म पर बाल यौन शोषण सामग्री, डीपफेक वीडियो और कथित एल्गोरिद्मिक पक्षपात को लेकर लगातार चिंता जताई है। सरकार सोशल मीडिया कंपनियों से ऐसी सामग्री के खिलाफ अधिक प्रभावी कार्रवाई और जवाबदेही की मांग कर रही है।

सरकार ने क्या कहा?

सूत्रों के मुताबिक बैठक में मेटा को स्पष्ट शब्दों में बताया गया कि यदि कंपनी अपने एल्गोरिद्म के माध्यम से यह तय करती है कि कौन-सा कंटेंट किसे दिखाया जाएगा, तो वह केवल एक निष्पक्ष "इंटरमीडियरी" नहीं मानी जा सकती। ऐसे में उसे आईटी अधिनियम के तहत मिलने वाले सेफ हार्बर संरक्षण का स्वतः लाभ नहीं मिलेगा।

मेटा का रुख

मेटा पहले भी कह चुका है कि उसके प्लेटफॉर्म पर बाल शोषण के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' नीति लागू है और कंपनी ऐसी सामग्री की पहचान कर उसे हटाने के लिए लगातार अपनी तकनीक और सुरक्षा प्रणालियों को मजबूत कर रही है।

अब आगे क्या?

इस घटनाक्रम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की कानूनी जवाबदेही और 'सेफ हार्बर' व्यवस्था पर नई बहस छेड़ दी है। यदि सरकार भविष्य में यह मानती है कि एल्गोरिद्म आधारित कंटेंट चयन करने वाले प्लेटफॉर्म केवल निष्क्रिय मध्यस्थ नहीं हैं, तो मेटा समेत अन्य वैश्विक सोशल मीडिया कंपनियों के लिए भारत में नियामकीय ढांचा काफी सख्त हो सकता है।

डीईओ कार्यालय पहुंची जांच टीम को बैरंग लौटना पड़ा



4.53 करोड़ के गबन का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

बलरामपुर-रामानुजगंज जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 4.53 करोड़ रुपये से अधिक की कथित वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है। डीईओ मनीराम यादव पर फर्नीचर, स्टेशनरी, खेल सामग्री, लेखन सामग्री समेत अन्य मदों में अनियमित भुगतान करने का आरोप है। शिकायत के बाद संभागीय आयुक्त के निर्देश पर कलेक्टर ने जांच के आदेश दिए हैं। कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर प्रमोद गुप्ता ⏭शेष पेज 7 पर

भंडार गृह का होगा सत्यापन

अपर कलेक्टर प्रमोद गुप्ता ने बताया कि भंडार गृह का सत्यापन जांच का महत्वपूर्ण हिस्सा है। संबंधित कर्मचारी की अनुपस्थिति और वैकल्पिक प्रभार नहीं दिए जाने से सत्यापन नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया गंभीर वित्तीय अनियमितता की आशंका दिखाई दे रही है, हालांकि अंतिम निष्कर्ष विस्तृत जांच और दस्तावेजों के परीक्षण के बाद ही सामने आएगा।

जांच के बाद होगी कार्रवाई

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अगली जांच में वित्तीय अभिलेखों, खरीदी से जुड़े दस्तावेजों और भंडार गृह में उपलब्ध सामग्री का मिलान किया जाएगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर यह तय होगा कि अनियमितता किस स्तर पर हुई। इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की जाएगी।

शराब दुकान से अवैध बिक्री और जांच में गफलत, दो आबकारी एसआई निलंबित



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शराब के सरकारी कारोबार में गड़बड़ी के मामले में दो आबकारी उप निरीक्षकों आशाराम शाक्यस और पी. माधव राव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। इससे जुड़े एक मामले में सहायक जिला आबकारी अधिकारी निलोफर जैन पर कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। यह कार्रवाई आबकारी आयुक्त ने की है। एक मामला सरकारी दुकान से अवैध रूप से अधिक शराब बेचने का है। दूसरे मामले में विदेशी शराब दुकान में अधिक कीमत वसूलने की शिकायत पर एसआई द्वारा उसे छोड़कर ⏭शेष पेज 7 पर

दुकान से अवैध शराब बेचने का मामला

धमतरी जिले में 53 पेटी अवैध शराब की बरामदगी की जांच के बाद आबकारी विभाग ने बलौदाबाजार जिले के दो अधिकारियों पर कार्रवाई की है। जांच में सामने आया कि जब्त शराब का स्रोत बलौदाबाजार जिले के लटुवा स्थित देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान से जुड़ा था, जहां से निर्धारित सीमा ⏭शेष पेज 7 पर

दो उप निरीक्षक निलंबित

आबकारी आयुक्त ने पाया कि संबंधित वृत्त के प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक आशाराम शाक्य अपने कर्तव्यों के निर्वहन, निरीक्षण और नियंत्रण में लापरवाही बरतने के प्रथम दृष्टया दोषी हैं। इसके आधार पर उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय उपायुक्त आबकारी, संभागीय ⏭शेष पेज 7 पर

सहायक जिला आबकारी अधिकारी पर भी गिरी गाज

इसी मामले में जारी दूसरे आदेश में कहा गया है कि बलौदाबाजार जिले में संबंधित मदिरा दुकान का प्रभार सहायक जिला आबकारी अधिकारी निलोफर जैन के पास था। जांच में उनके स्तर पर भी पर्यवेक्षण और प्रशासनिक नियंत्रण में कमी पाई गई। चूंकि वे राजपत्रित अधिकारी हैं, इसलिए उनके विरुद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया है।को सस्पेंड किया गया है, इसके साथ ही सहायक जिला आबकारी अधिकारी पर कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। एक अन्य मामले में बलौदाबाजार जिले आबकारी उप निरीक्षक पी माधव राव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।



सड़क पर नाव

नई दिल्ली। देश के कई राज्यों में बाढ़-बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य असम हैं। 23 इलाके अब भी प्रभावित हैं। यहां लोगों का रेस्क्यू करने सड़कों पर नाव चलानी पड़ रही है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश और लैंडस्लाइड के कारण 300 से ज्यादा सड़कें बंद हैं। उत्तरप्रदेश के बिजनौर में गंगा नदी का पानी हाईवे पर बह रहा है। केरलम में 1 अगस्त से लगातार बारिश ने अब तक 25 लोगों की जान ले ली है। उत्तराखंड के देहरादून और बागेश्वर में भारी बारिश के चलते 12वीं तक के स्कूलों में बुधवार को छुट्टी कर दी गई।

हाईकोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका

पीएससी में गड़बड़ी, पूर्व आईएएस को राहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा-2021 में हुए प्रश्नपत्र लीक एवं भर्ती घोटाले में गिरफ्तार आयोग के पूर्व सचिव और सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी जीवन किशोर ध्रुव की नियमित जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा, प्रतियोगी परीक्षाओं का पर्चा लीक करने जैसे कृत्य से लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद होता है। यह अपराध हत्या से भी अधिक जघन्य है, क्योंकि हत्या से केवल एक परिवार प्रभावित होता है, लेकिन ऐसे कृत्यों से पूरे समाज और व्यवस्था पर असर पड़ता है। सीबीआई की जांच के ⏭शेष पेज 7 पर

सीबीआई ने जब्त किया था दस्तावेज

सीबीआई द्वारा आरोपी के भिलाई स्थित आवास पर की गई छापेमारी में पेपर नंबर-7 सामान्य अध्ययन के उत्तर और पेपर नंबर-2 निबंध के प्रश्न-कम-आंसर बुकलेट की प्रतियां बरामद हुई। जांच में सामने आया कि मुख्य परीक्षा के पेपर नंबर-7 के 47 प्रश्नों में से 42 प्रश्न वही थे, जो आरोपी के घर से जब्त दस्तावेजों में दर्ज थे।

युवाओं को शांत करने की जरूरत, संयम बरतें

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि विरोध-प्रदर्शनों के दौरान कानून-प्रवर्तन एजेंसियों को संयम बरतना चाहिए। कुछ 'गुमराह तत्व' पथराव भी करें, तब भी युवाओं को शांत किया जाना चाहिए। कोर्ट ने 20 जुलाई को आयोजित 'संसद चलो' मार्च के आयोजकों के खिलाफ कथित तौर पर हिंसा भड़काने के आरोप में कार्रवाई के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई करने के लिए सहमति जताई। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने एक सेवानिवृत्त वायुसेना अधिकारी की ओर से दायर इस याचिका को इसी तरह के विषय पर एक याचिका के साथ जोड़ दिया।



प्रेस कॉन्फ्रेंस में भावुक हुईं शेख हसीना

जेल भेजें या मार दें, दिसंबर में लौटूंगी बांग्लादेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बांग्लादेश से दो साल पहले भागकर भारत आईं वहां की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बुधवार को दिल्ली के फॉरेन कॉरेस्पोंडेंट्स क्लब ऑफ साउथ एशिया में मीडिया को संबोधित किया। शेख हसीना फिजिकली तो मौजूद नहीं हुईं, लेकिन ऑडियो माध्यम से उन्होंने लोगों को संबोधित किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भावुक होते हुए हसीना ने कहा, मुझे पता है कि वे मुझे जेल में डाल सकते हैं या मार भी सकते हैं, फिर भी मैं दिसंबर में बांग्लादेश वापस जाउंगी। लोगों का समर्थन मेरे लिए बहुत जरूरी है। मौत की सजा, झूठे मुकदमे और दिखावटी सुनवाई मुझे डरा नहीं सकती। मेरे खिलाफ चल रही कानूनी कार्रवाई गैरकानूनी, असंवैधानिक और राजनीतिक मकसद से प्रेरित है। शेख हसीना ने कहा कि पिछले दो सालों से मैंने अपने प्यारे बांग्लादेश को मुश्किलों से जूझते देखा है। यह वह बांग्लादेश नहीं है जिसे हमने बनाया था, यह वह बांग्लादेश नहीं है जिसके लिए 1971 में 30 लाख लोगों ने अपनी जान दी थी।

बांग्लादेश के लोगों से अलग नहीं हुई



शेख हसीना ने रोते हुए कहा कि मैं एक ऐसी व्यक्ति के तौर पर बात कर रही हूं, जिसने अपनी जिंदगी बांग्लादेश के लोगों के साथ बिताई है और जिसे अपने देश से दूर जाने के लिए मजबूर किया गया, लेकिन मैं कभी भी अपने लोगों से अलग नहीं हुई।

2 साल पहले भारत आई थीं शेख हसीना

शेख हसीना अगस्त 2024 से भारत में रह रही हैं। छात्र आंदोलन के बाद उनकी सरकार गिर गई थी और उन्हें ढाका छोड़ना पड़ा था। पिछले साल नवंबर में ढाका के एक विशेष ट्रिब्यूनल ने 2024 के आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई को लेकर मानवता के खिलाफ अपराध के मामले में उन्हें गैरहाजिरी में मौत की सजा सुनाई थी।

खबर संक्षेप

युवक व तीन अपचारी बालकों ने की थी कांग्रेस नेता की हत्या

भिलाई। कांग्रेसी नेता व पूर्व उपसरपंच प्रकाश सिंह कश्यप के हत्याकांड मामले में पुलिस ने तीन अपचारी बालक और एक युवक को गिरफ्तार किया है। एएससपी शोभराज अग्रवाल ने बताया कि आसपास में लगे सीसी कैमरों के सहारे से पुलिस आरोपी तक पहुंची। जिसमें कादम्बरी नगर दुर्ग निवासी आदर्श उर्फ लाल 19 वर्ष के युवक और तीन अपचारी बालको को पकड़ा गया। पूछताछ में चारों ने लूटपाट करने के बाद विरोध करने पर हथियार से हमला करना स्वीकार किया है। दुर्ग-धमधा रोड पर सुनसान जगह पर घटना को अंजाम दिया गया था। आरोपियों के पास से पुलिस ने डंडा, बाइक समेत हथियार जब्त किया गया। पुलिस के अनुसार प्रकाश सिंह कश्यप के साथ बाइक में ग्राम तुमाकला निवासी चोवाराम लोधी, भूषण पटेल सवार थे। तीनों जुनवानी के शंकराचार्य अस्पताल से वापस घर लौटते समय रास्ता भटकने पर आरोपी युवकों ने रोक दिया था। इस दौरान आरोपियों ने लूट का प्रयास कर रहे थे। जिसका विरोध प्रकाश ने किया। विरोध करने पर चारों ने धारदार हथियार से ताबड़तोड़ प्रकाश पर वार कर दिया। जिसे देख प्रकाश के दोस्त अपनी जान बचाकर भाग निकले। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और प्रकाश को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया लेकिन डॉक्टर ने चेक कर उसे मृत घोषित कर दिया।

वृद्धा और युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

कांकेर। भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम पारवी निवासी



53 वर्षीय नीरा सलाम पति मानसिंह सलाम और ग्राम मोखा निवासी 19 वर्षीय किरण मंडावी पिता शिवलाल ने फांसी लगाकर 4 अगस्त को आत्महत्या कर लिया। मृतको को परिजनों ने पुलिस को बताया कि अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाने से मौत हुई है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

पुनर्मूल्यांकन के लिए चुकाने होंगे प्रति प्रश्न 100 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने दसवीं दूसरी बोर्ड परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए हैं। इसके बाद विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण सेवाएं शुरू की गई हैं। इन सेवाओं में उत्तरपुस्तिकाओं की स्कैन कॉपी, अंकों का सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन शामिल है। स्कैन कॉपी के लिए 5 से 9 अगस्त तक, जबकि सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के लिए 16 से 19 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं।

अलग खबर

स्कैन कॉपी के लिए 9 अगस्त तक कर सकेंगे आवेदन

समय पर आवेदन न करने पर सुविधा का लाभ नहीं मिलेगा

उत्तरपुस्तिकाओं की स्कैन कॉपी के लिए आवेदन 5 अगस्त से 9 अगस्त तक किए जा सकते हैं। अंकों के सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन 16 अगस्त से 19 अगस्त 2026 तक स्वीकार किए जाएंगे। विद्यार्थियों को निर्धारित समय-सीमा का पालन करना होगा। समय पर आवेदन न करने पर सुविधा का लाभ नहीं मिलेगा। मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका की स्कैन कॉपी के लिए प्रति विषय 300 रुपए का शुल्क निर्धारित है। अंक सत्यापन के लिए प्रति उत्तर पुस्तिका 300 रुपए का भुगतान करना होगा। पुनर्मूल्यांकन के लिए प्रति प्रश्न 100 रुपए का शुल्क लगेगा। सभी शुल्क ऑनलाइन माध्यम से जमा किए जाएंगे।



बोर्ड ने इन सुविधाओं के लिए आवेदन विंडो खोल दी है। विद्यार्थी अपनी मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका की स्कैन कॉपी प्राप्त कर सकेंगे। आवश्यकता पड़ने पर वे अंकों के सत्यापन के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद उत्तरों के पुनर्मूल्यांकन का विकल्प भी उपलब्ध होगा। यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से संपन्न होगी। स्कैन कॉपी प्राप्त करने के बाद ही विद्यार्थी सत्यापन या पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन कर पाएंगे। यह कदम पारदर्शिता बढ़ाने और विद्यार्थियों को संतुष्ट करने के लिए उठाया गया है।

कैबिनेट ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना के दिशा-निर्देशों में संशोधन को दी मंजूरी

गांवों की गलियों में अब बन सकेंगी सीसी सड़कें, मिट्टी के कार्य की अनिवार्यता खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने ग्रामीण अधोसंरचना विकास की अपनी प्रमुख योजनाओं में शामिल मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के दिशा-निर्देशों में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना अंतर्गत बारहमासी सड़कों के निर्माण के लिए जारी दिशा-निर्देशों में संशोधन को मंजूरी प्रदान की गई। संशोधनों का उद्देश्य उन ग्रामीण क्षेत्रों तक सड़क और नाली निर्माण का दायरा बढ़ाना है, जो अब तक विभिन्न योजनाओं की पात्रता से बाहर रह जाते थे। निर्माण प्रक्रिया को सरल बनाकर परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने का रास्ता भी साफ किया गया है।

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना राज्य सरकार की योजना है, जिसके माध्यम से उन ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराया जाता है जो प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना या अन्य योजनाओं के दायरे में नहीं आतीं। इसका उद्देश्य गांवों के भीतर और गांवों को जो ड़ ने वाले ऐसे मार्गों का विकास करना है, जिनसे ग्रामीणों की आवाजाही, कृषि परिवहन और बुनियादी सेवाओं तक पहुंच बेहतर हो सके। अब तक योजना के दिशा-निर्देश अपेक्षाकृत सीमित थे, जिसके कारण कई ग्रामीण मार्ग और आंतरिक बस्तियां इसमें शामिल नहीं हो पाती थीं। नए संशोधनों से इस दायरे का विस्तार किया गया है।

खास खबर

ये बदलाव आया

सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब ग्रामीण आंतरिक गलियों में भी सीसी सड़क और नाली निर्माण योजना के तहत कराया जा सकेगा। पहले योजना का फोकस मुख्यतः संपर्क मार्गों पर था, जबकि गांवों के भीतर की गलियां अक्सर दूसरी योजनाओं पर निर्भर रहती थीं।दूसरा महत्वपूर्ण संशोधन यह है कि सड़क निर्माण से पहले मनरेगा के माध्यम से मिट्टी कार्य कराना अब अनिवार्य नहीं होगा। पहले कई परियोजनाएं इस शर्त के कारण लंबित रहती थीं, क्योंकि मनरेगा के तहत पहले मिट्टी कार्य पूरा होने का इंतजार करना पड़ता था। सरकार का मानना है कि इस अनिवार्यता को हटाने से सड़क निर्माण की गति बढ़ेगी और परियोजनाओं में देरी कम होगी।



अधिक गांव और सड़कें होंगी शामिल

संशोधित दिशा-निर्देशों के अनुसार अब योजना की पात्रता का दायरा बढ़ाकर ऐसे सभी ग्रामीण मार्गों को को शामिल किया गया है, जो प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना या किसी अन्य सरकारी योजना में शामिल नहीं हैं। इससे उन गांवों को भी सड़क सुविधा मिलने की संभावना बढ़ेगी, जो अब तक किसी योजना के दायरे से बाहर थे।

नीतिगत बदलाव क्यों महत्वपूर्ण

यह संशोधन केवल तकनीकी बदलाव नहीं है, बल्कि ग्रामीण विकास की रणनीति में भी बदलाव का संकेत देता है। गांवों की आंतरिक गलियों को योजना में शामिल करने, मनरेगा की पूर्व शर्त हटाने और वित्तीय स्रोतों का दायरा बढ़ाने से सड़क परियोजनाओं के तेजी से शुरू होने और अधिक गांवों तक पहुंचने की संभावना है। यदि संशोधित दिशा-निर्देशों का प्रभावी क्रियान्वयन होता है, तो इससे ग्रामीण संपर्क, आवागमन और बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच में सुधार देखने को मिल सकता है।

वित्तीय व्यवस्था भी होगी अधिक लचीली

कैबिनेट ने योजना के लिए वित्तीय संसाधनों के स्रोत भी बढ़ाने का फैसला किया है। आवश्यकता पड़ने पर नाबार्ड ऋण, पर्यावरण एवं अधोसंरचना विकास मद, जिला खनिज न्यास मद तथा अन्य उपलब्ध स्रोतों से भी धन उपलब्ध कराया जा सकेगा। इससे केवल एक बजटीय स्रोत पर निर्भरता कम होगी और स्वीकृत परियोजनाओं के लिए धन जुटाना आसान होगा।

राज्य स्तर पर होगी निगरानी

संशोधित व्यवस्था के तहत कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृति संबंधित प्रशासनिक विभाग देगा। वहीं, योजना के क्रियान्वयन की निगरानी, विभिन्न विभागों के बीच समन्वय और प्रगति की समीक्षा के लिए राज्य स्तरीय उच्चाधिकार प्राप्त समिति गठित की जाएगी। सरकार का उद्देश्य है कि सड़क निर्माण से जुड़े निर्णय और क्रियान्वयन में बेहतर समन्वय हो तथा परियोजनाएं समय पर पूरी हों।

प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर का पलटवार

'राजनीति का अपराधीकरण' और 'अपराधियों का कांग्रेसीकरण' ही कांग्रेस का मूल चरित्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने कहा है कि जिस कांग्रेस पार्टी ने अपने पिछले पांच वर्षों के भूपेश बघेल शासनकाल में छत्तीसगढ़ को अपराध, माफियाराज और भ्रष्टाचार की मण्डी बना दिया था, उसके नेताओं का आज कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाना 'सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली' जैसी कहावत को चरितार्थ करता है। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा राज्य की कानून-व्यवस्था पर दिए गए बयान पर तीखा पलटवार करते हुए इसे बेहद हास्यास्पद, अवसरवादी और राजनीतिक ढोंग करार दिया है।



प्रदेश प्रवक्ता डॉ. मिश्रा ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के पूर्ववर्ती शासनकाल में अपराधियों को खुलकर सत्तावादी संरक्षण प्राप्त था। 'राजनीति का अपराधीकरण और अपराधियों का कांग्रेसीकरण' यही कांग्रेस का वास्तविक राजनीतिक चरित्र रहा है। भूपेश सरकार के समय संगठित गिरोहों, शराब माफिया, सट्टा-जुआ और गांजा-अफीम के अवैध कारोबारियों को जिस तरह से शासकीय और राजनीतिक संरक्षण मिला, उसने पूरे छत्तीसगढ़ को अपराध की भट्ठी में झोंक दिया था। बैज के आरोपों का करारा जवाब देते हुए डॉ. मिश्रा ने कहा कि आज जो कांग्रेस नेता नशे के कारोबार और अपराधों की दुहाई दे रहे हैं, वे शायद भूल गए हैं कि राज्य में नशे के नेटवर्क का तंत्र और अवैध कारोबार का ढाँचा उन्हीं की भूपेश सरकार के दौरान फैला और पनपा। कांग्रेस शासन में थानों का राजनीतिकरण कर दिया गया था और पुलिस प्रशासन का उपयोग केवल विरोधियों को दबाने तथा सत्ताधारियों के अवैध धंधों को संरक्षण देने में किया जाता था।

भाजपा सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर कर रही काम

भाजपा प्रवक्ता डॉ. मिश्रा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार अपराध और अपराधियों के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर काम कर रही है। कानून अपने हाथ में लेने वाले किसी भी तत्व को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे उसका कोई भी राजनीतिक रसूख क्यों न हो! कांग्रेस नेता अनर्गल बयानबाजी करने और जनता को गुमराह करने के बजाय अपने अतीत के कारनामों पर आत्ममंथन करें, क्योंकि छत्तीसगढ़ की जागरूक जनता यह भली-भांति जानती है कि प्रदेश में अपराध का बीजारोपण किसने किया था?

सड़क पर चलती बाइक धू-धू कर जलने लगी

भानुप्रतापपुर। भानुप्रतापपुर-संबलपुर मार्ग पर बुधवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एक चलती हुई मोटरसाइकिल में अचानक भीषण आग लग गई। गनीमत यह रही कि समय रहते चालक की नजर उठते धुएं पर पड़ गई और उसने सूझबूझ का परिचय देते हुए तुरंत वाहन रोक दिया। चालक के सुरक्षित दूर हटते ही देखते ही देखते पूरी बाइक आग की लपटों से घिर गई और धू-धू कर जलने लगी।

असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
HMS देखकर खरीदें
घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कूलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
94060-21769

100 से अधिक सीसी टीवी कैमरा का परीक्षण

कर्ज उतारने मंदिरों में की चोरी, 16 लाख के मुकुट और जेवरात बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर- चाम्पा

जिले के तीन मंदिरों में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने एक नए गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें एक नाबालिग भी शामिल है। आरोपियों के कब्जे से चोरी का 16 लाख का आभूषण बरामद किया गया है।

एक नाबालिग सहित चार पकड़े गए

जिले में 1 जुलाई की रात बम्हनीडीह थाना क्षेत्र के राम जानकी मंदिर,नवागढ़ थाना क्षेत्र के जगमहंत के बद्री विशाल मंदिर और महंत ग्राम के चंडी दाई मंदिर में चोरी हुई थी। मंदिरो से चांदी के छत्र और मुकुट समेत अन्य आभूषण चोरी कर लिए गए थे। साइबर पुलिस के साथ कई टीम को एक्टिव कर दिया गया और 100 से अधिक सीसी टीवी कैमरा परीक्षण किया गया। इस आधार पर संदेहियो के मोबाईल टावर लोकेशन का भी परीक्षण कराया गया, जिसमें पुलिस को कुछ संदेहियों का लोकेशन घटना स्थल पर मिला। पुलिस ने ग्राम घुठिया के प्रशांत पटेल को हिरासत मे लेकर पूछताछ की तो मामले का खुलासा हो गया। पुलिस ने मामले में 1 नाबालिग समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के निशानदेही पर सेप्टिक टैंक से चोरी किए गए आभूषण बरामद कर लिया।आरोपियों के कब्जे से मंदिरों से चोरी हुए चांदी के छत्र, मुकुट, चक्र, सोने का आभुषण, दान पेटी की नकदी समेत 16 लाख 60 हजार रुपए का माल बरामद किया गया। पुलिस ने पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम घुटिया निवासी प्रशांत पटेल पिता अशोक पटेल, प्रभात पटेल पिता अशोक पटेल और परमानंद पटेल पिता बंशी लाल पटेल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

रेकी कर की वारदात

पुलिस हत्थे चढ़े आरोपियों ने बताया कि उनका कर्ज बहुत हो गया था, जिससे परेशान होकर उन्होंने मंदिरों में चोरी करने की योजना बनाई। पहले रेकी की और कटर मशीन से मंदिर का ताला काटकर चोरी की। चोरी के सभी सामान को बोरी मे भर कर सूखे सेप्टिक टैंक मे छुपा कर रख दिया।

हरिभूमि HEALTH CARE छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बडों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email-bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130



रामायण में कौशल्या का रोल करेंगी प्ले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नितेश तिवारी की अपकमिंग फिल्म 'रामायण' को लेकर सोशल मीडिया पर काफी बज बना हुआ है। फिल्म में 'गंगा माई की बेटियां' फेम एक्ट्रेस इंदिरा कृष्णन कौशल्या का रोल प्ले करेंगीं। नितेश तिवारी की अपकमिंग फिल्म 'रामायण' को लेकर सोशल मीडिया पर काफी बज बना हुआ है। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान 'राम' और साई पल्लवी माता 'सीता' का रोल प्ले करती नजर आएंगी। वहीं, फिल्म में 'गंगा माई की बेटियां' फेम एक्ट्रेस इंदिरा कृष्णन कौशल्या का रोल प्ले करेगीं और इस प्रोजेक्ट को लेकर वो काफी एक्साइटेड हैं इंदिरा कृष्णन जिस शो में काम कर रहीं उस शो के प्रोड्यूसर कोई और नहीं बल्कि रवि दुबे हैं जो फिल्म 'रामायण' में प्रभु राम के भाई लक्ष्मण का किरदार निभा रहे हैं। बातचीत में एक्ट्रेस ने इंदिरा कृष्णन कहा, ''गंगा मइया की बेटियां' मेरे कॅरियर के सबसे बेहतरीन शोज में से एक है। इसमें मैं 'दुर्गावती' का किरदार निभा रही हूं।



भिक्षु यादव के रोल से जीता राष्ट्रीय पुरस्कार

गजनी बनकर बॉलीवुड को दी पहली 100 करोड़ी फिल्म

नई दिल्ली। अभिनेता प्रदीप रावत के निधन के बाद से ही फैंस उनके निभाए किरदारों को याद करके उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। भले ही उनके चाहने वाले अब प्रदीप को किसी नए किरदार में नहीं देख पाएंगे पर एक कलाकार के तौर पर वो अपने कई यादगार किरदार पीछे छोड़ गए हैं।

महाभारत में अश्वत्थामा

बीआर चोपड़ा के प्रसिद्ध पौराणिक टीवी सीरियल 'महाभारत' में दिवंगत प्रदीप रावत ने अश्वत्थामा का किरदार निभाया था। अस्सी और नब्बे के दशक में घर-घर मशहूर हुए इस सीरियल में प्रदीप के अभिनय को भी दर्शकों ने खूब सराहा था। उस वक्त प्रदीप 36 साल के थे और इस किरदार से उन्होंने टीवी पर डेब्यू किया था।

सरफरोश में सुल्तान

1999 में रिलीज हुई आमिर खान की फिल्म सरफरोश बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। फिल्म में प्रदीप ने सुल्तान का किरदार निभाया था। सुल्तान एक तस्कर और गैंगस्टर रहता है जिसे एसीपी राठौर बने आमिर खान पूरी फिल्म में खोजते रहते हैं।

लगान में देवा

साल 2001 में रिलीज हुई फिल्म 'लगान'में भी प्रदीप ने अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने फिल्म में देवा का किरदार निभाया था। एक पुराने इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि पहले यह रोल मुकेश ऋषि को ऑफर हुआ मगर वह अपने बिजी शेड्यूल की वजह से नहीं कर पाए। आमिर ने एक रात प्रदीप को फोन किया और वह यह रोल निभाने के लिए तैयार हो गए। उन्होंने फिल्म में एक सिख फौजी देवा सिंह सोढ़ी का किरदार निभाया था।



साई में भिक्षु यादव

फिल्म 'साई' 2004 में रिलीज हुई थी। यह एक स्पोर्ट्स एक्शन फिल्म थी। फिल्म में प्रदीप रावत ने विलेन भिक्षु यादव का किरदार निभाया था। फिल्म में जेनेलिया डिसूजा और नितिन मुख्य किरदारों में थे। फिल्म साई का निर्देशन एस.एस राजामौली ने किया था। इस तेलुगु फिल्म के लिए प्रदीप ने बेस्ट विलेन का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार अपने नाम किया था। इसी फिल्म के लिए उन्हें बेस्ट विलेन के फिल्मफेयर और संतोषम अवॉर्ड से भी नवाजा गया।

गजनी में गजनी धर्मात्मा

2005 में तमिल फिल्म 'गजनी' रिलीज हुई थी। इसमें एक्टर सूर्या मुख्य किरदार में थे। फिल्म में प्रदीप रावत ने विलेन का रोल निभाया था। फिल्म हिट साबित हुई तो 2008 में 'गजनी' नाम से ही इसका रीमेक बनाया गया। इस फिल्म में मुख्य भूमिका आमिर खान ने निभाई थी। विलेन का रोल एक बार फिर प्रदीप ने ही निभाया। उन्होंने इस किरदार को इतना आइकॉनिक बना दिया कि उनके किरदार 'गजनी धर्मात्मा' का खौफ आज तक दर्शक भूल नहीं पाए। यह फिल्म 100 करोड़ कमाने वाली पहली बॉलीवुड फिल्म बनी।

नौ बार निभाया राम का किरदार, गांधी जी ने भी देखी थी फिल्म राम राज्य

नई दिल्ली। नितेश तिवारी ने फिल्म 'रामायण'के ट्रेलर लॉन्च पर कहा था कि वह रणबीर कपूर के अलावा भगवान राम की भूमिका में किसी दूसरे एक्टर के बारे में सोच भी नहीं सकते थे। जहां तक दर्शकों की बात है तो उनके मन में भगवान राम की छवि अभी भी अभिनेता अरुण गोविल के चेहरे के तौर पर बसी है। मगर क्या आप जानते हैं कि अरुण गोविल से पहले एक और बॉलीवुड अभिनेता थे, जो भगवान राम का किरदार निभाकर मशहूर हुए थे। उन्होंने बड़े पर्दे पर नौ बार भगवान राम की भूमिका निभाई। भगवान राम के जीवन पर बॉलीवुड में कई फिल्में बनी है, जिसमें से नौ फिल्मों में प्रेम अदीब ने प्रभु राम की भूमिका निभाई थी। प्रेम अदीब ने साल 1942 में विजय भट्ट की फिल्म 'भरत मिलाप' में सबसे पहले भगवान राम की भूमिका की थी। इसके बाद वह 'राम राज्य' में भी राम के किरदार में नजर आए, इस फिल्म को महात्मा गांधी ने भी देखा था। आगे चलकर प्रेम अदीब रामबाण, राम विवाह, राम नवमी, राम हनुमान युद्ध, राम लक्ष्मण, राम भक्त विभीषण और 1954 की रामायण जैसी फिल्मों में प्रभु राम के रूप में नजर आए।



बचपन से फिल्मों की तरफ था रुझान

प्रेम अदीब का परिवार उत्तर प्रदेश का रहने वाला था लेकिन उनकी जड़ें जाकर कश्मीर में जुड़ती हैं। प्रेम का परिवार कई पीढ़ी पहले कश्मीर छोड़कर उत्तर प्रदेश में बसा था। प्रेम को बचपन से ही फिल्में देखने का शौक था, आगे चलकर उन्होंने अभिनय का शौक लगा और वह मायानगरी मुंबई चले आए। लेकिन प्रभु राम की भूमिका में वह ऐसे रम गए कि लगातार बड़े पर्दे पर यही किरदार निभाते रहे। प्रेम अदीब ने हिंदी सिनेमा में खूब नाम और पैसा कमाया लेकिन साल 1959 में अचानक ब्रेन हैमरेज होने के कारण उनका निधन हो गया।

एयरपोर्ट पर ऐश्वर्या -अभिषेक संग दिखीं आराध्या



मुंबई। अभिनेत्री ऐश्वर्या राय और अभिनेता अभिषेक बच्चन हाल ही में बेटी आराध्या संग एयरपोर्ट पर स्पॉट हुए। इस दौरान जब आराध्या गेट से बाहर निकलीं तो उन्होंने कुछ ऐसा किया जिसने फैंस का दिल जीत लिया। वीडियो में देखा गया कि बच्चन परिवार मुंबई स्थित एयरपोर्ट से बाहर निकल रहा था। इस दौरान वहां फैंस समेत कई फोटोग्राफर्स फैमिली के बाहर आने का इंतजार कर रहे थे। पहले अभिषेक बच्चन कैजुअल लुक में बाहर निकले। उन्होंने बाहर आते ही गार्ड से हाथ मिलाया। इसके बाद उनकी बेटी आराध्या अपनी मां ऐश्वर्या के साथ बाहर निकलीं। पहले एक्ट्रेस ने और फिर उनकी बेटी आराध्या ने लोगों को देखकर हाथ जोड़े और मुस्कान के साथ वहां मौजूद लोगों से नमस्ते कहा। ऐश्वर्या और आराध्या को कई बार मैचिंग आउटफिट्स में देखा गया है। वायरल वीडियो में भी मां-बेटी मैचिंग करती नजर आईं। ऐश्वर्या ने ब्लैक लॉन्ग कोट पहना हुआ था। वहीं उनकी बेटी आराध्या ने मां के साथ मैचिंग करते हुए ब्लैक जैकेट कैरी की। हाल ही में आराध्या कान फिल्म फेस्टिवल 2026 में भी मां ऐश्वर्या राय के साथ पहुंची थीं। ऐश्वर्या के रेड कारपेट पर जाने से पहले आराध्या ने भी उनके साथ पोज दिए थे। आराध्या जहां रेड कलर के खूबसूरत गाउन में दिखाई दी थीं। वहीं ऐश्वर्या का लुक तो पूरे कान फिल्म फेस्टिवल में छाया रहा था।

नेगेटिव रोल के लिए मिला फिल्म फेयर अवॉर्ड

मुंबई। अपने करीब साढ़े तीन दशक के करियर में काजोल ने एक से बढ़कर एक शानदार फिल्में दी हैं। काजोल की बॉलीवुड में बोहनी साल 1992 में फिल्म 'बेखुदी' से हुई। यह फिल्म 31 जुलाई 1992 को रिलीज हुई थी। इसके बाद से काजोल ने कई यादगार फिल्में दी हैं। काजोल की फिल्म 'गुप्त' साल 1997 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में काजोल का किरदार नकारात्मक था। काजोल कई बार इंटरव्यू में इस रोल को अपने फिल्मी कॅरियर का सबसे मुश्किल किरदार कह चुकी हैं। इस किरदार के लिए काजोल को फिल्म फेयर अवॉर्ड भी मिला था। काजोल निगेटिव रोल के लिए अवॉर्ड पाने वाली पहली महिला बनीं। काजोल यूं तो अपने चुबबुलेपन और संजीदा अभिनय के बूते दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में कामयाब हैं। मगर, एक निर्देशक काजोल को अपने लिए 'लकी चार्म' मानता है। जी हां, हम बात कर रहे हैं करण जौहर की। काजोल, करण जौहर करीबी दोस्तों में से एक हैं। करण उन्हें अपना लकी चार्म मानते हैं। अगर फिल्म में काजोल का अहम रोल नहीं है तो अक्सर करण की फिल्मों में उनका कैमियो जरूर होता है।





ग्लेडियेटर्स- इन परसूट ऑफ चैलेंज का सामने आया पहला पोस्टर...

मुंबई। अजित कुमार की रेसिंग जर्नी पर बन रही डॉक्यूमेंट्री का टाइटल 'ग्लेडियेटर्स- इन परसूट ऑफ चैलेंज' है। मेकर्स ने डॉक्यूमेंट्री का पहला पोस्टर सोशल मीडिया पर जारी कर दिया है। इस डॉक्यूमेंट्री को विजय ने डायरेक्ट किया है, जो 'दैवथिरुमगल' और 'मद्रासपट्टिनम' जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। डॉक्यूमेंट्री 'ग्लेडियेटर्स- इन परसूट ऑफ चैलेंज' को अजित की पत्नी शालिनी ने गोल्डन ट्रॉफी फिल्म प्रोडक्शन बैनर के तहत प्रोड्यूस किया है। इसके पहले पोस्टर में अजित कुमार अपने रेसिंग गियर में नजर आ रहे हैं। डॉक्यूमेंट्री में एक्टर की चुनौतियों और नारायण कार्तिकेयन जैसे ड्राइवरों के साथ एंड्योरेंस इवेंट्स में जीत हासिल करने जैसे इवेंट्स को दिखाया जाएगा। अजित कुमार अपनी साउथ फिल्म 'डेयर डेविल' के साथ बड़े पर्दे पर भी वापसी करने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म को रविचंद्रन ने डायरेक्ट किया है।



अधूरी मोहब्बत की कहानी को पूरा करने फिर लौटेंगे मुसाफिर

नई दिल्ली। 'मुसाफिर कैफे' सीरीज का दूसरा सीजन भी आएगा। बुधवार को नेटफ्लिक्स ने इसका ऐलान किया है। एक वीडियो शेयर किया गया है, जिसमें पहले पार्ट की कुछ क्लिप्स साझा की गई हैं। आखिर में विक्रांत मैसी, महिमा और वेदिका यह खुशखबरी शेयर करते हैं कि मुसाफिर फिर लौटेंगे। पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा है, 'अधूरी मोहब्बत की कहानी को पूरा करने, ये मुसाफिर वापस लौटेंगे'। दूसरा सीजन नेटफ्लिक्स पर जल्दी आएगा। 'मुसाफिर कैफे 2' उस कहानी का अगला अध्याय है, जिसे एक सीजन से आगे बढ़ना ही था। जब चंदर, सुधा और प्रीति की दुनिया को एक बार फिर से रचा जा रहा है, तो दर्शक उन रिश्तों, भावनाओं और अनसुलझे सवालों का इंतजार कर सकते हैं, जिन्होंने इस सीरीज को इतना यादगार बना दिया। रोमांस के अलावा, 'मुसाफिर कैफे' ने दर्शकों के दिलों को गहराई से छुआ, क्योंकि हर कोई चंदर, सुधा या प्रीति में खुद की झलक देख सकता था, उन फैसलों में जो उन्हें लेने पड़े और उन फैसलों के सही समय में। नेटफ्लिक्स इंडिया की सीरीज हेड, तान्या बामी ने कहा, 'सीरीज 'मुसाफिर कैफे' ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। इसकी एंडिंग और आगे क्या होगा, डायलॉग्स, किरदारों और म्यूजिक को लेकर बहसें हो रही हैं। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 'मुसाफिर कैफे 2' के जरिए हम हम प्यार-मोहब्बत की कहानी को उसके अगले रोमांचक पड़ाव पर ले जाने के लिए बहुत उत्साहित हैं'। रुचिर अरुण के निर्देशन में बनी यह सीरीज दिव्य प्रकाश दुबे के इसी नाम के उपन्यास पर आधारित है।





चिंतन

सरकार युवाओं की आवाज सुने



अभियान
राजकुमार सिंह

'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान का स्वागत किया जाना चाहिए, लेकिन नशे जैसी गहरी सामाजिक और आपराधिक समस्या का इलाज केवल जागरूकता से संभव नहीं। युवाओं को खेल, कला और संस्कृति से जोड़कर नशे से दूर रखने की कोशिश जरूरी है, मगर इसके साथ नशे की आपूर्ति करने वाले संगठित तंत्र पर कठोर प्रहार भी उतना ही अनिवार्य है। सीमावर्ती क्षेत्रों से लेकर देश के महानगरों और छोटे कस्बों तक ड्रग्स की उपलब्धता बताती है कि तस्करी का नेटवर्क अभी भी मजबूत है। इसलिए नशामुक्ति का संकल्प तभी सफल होगा, जब सरकार जागरूकता के साथ तस्करों, भ्रष्ट संरक्षण तंत्र और नशे के कारोबार की पूरी शृंखला पर निर्णायक कार्रवाई करे।

जब बड़ी संख्या में देश के युवा किसी मुद्दे को लेकर सड़कों पर उतरते हैं तो उनकी हर बात से सहमत होना सरकार के लिए जरूरी नहीं, लेकिन उनकी बात सुनना जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी कि युवाओं की बात सुनना सबसे ताकतवर हथियार है, मौजूदा दौर में सरकारों के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश है। विरोध को केवल कानून-व्यवस्था की समस्या मानकर बल प्रयोग से दबाने के बजाय उसके पीछे के असंतोष को समझना लोकतांत्रिक शासन की पहली कसौटी होनी चाहिए। अगर कुछ भटके हुए युवक पत्थरबाजी जैसे रास्ते पर चले भी जाएं तो उन्हें केवल बल प्रयोग से नहीं, समझाने और काउंसलिंग के जरिए शांत करने के प्रयास किए जाने चाहिए। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों से संयम बरतने की सलाह देते हुए कोर्ट ने सरकार को भी आक्रामक रवैये से बचने को कहा है। यह संदेश इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि विरोध व हिंसा के बीच एक स्पष्ट रेखा है। शांतिपूर्ण प्रदर्शन लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन सार्वजनिक संपत्ति पर हमला, पत्थरबाजी या कानून तोड़ना स्वीकार नहीं किया जा सकता। चुनौती यह है कि राज्य इस फर्क को समझते हुए ऐसी नीति बनाएं, जिसमें कानून का राज भी कायम रहे और युवाओं की नाराजगी को संवाद का रास्ता भी मिले। दमन से तत्काल शांति दिख सकती है, लेकिन संवाद ही स्थायी समाधान की नींव रखता है। शांतिपूर्ण प्रदर्शन संविधान की भावना के अनुरूप है, लेकिन हिंसा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं हो सकती। 20 जुलाई के संसद मार्च में पुलिसकर्मियों और प्रदर्शनकारियों के घायल होने की घटना इसी संतुलन की जरूरत को सामने लाती है। संसद लोकतंत्र का सर्वोच्च संस्थागत मंच है। उसकी सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। यदि किसी प्रदर्शन के दौरान हिंसा होती है, सुरक्षा घेरे को तोड़ने का प्रयास होता है या पुलिस पर हमला किया जाता है तो जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। कानून सबके लिए समान है और आंदोलन की आड़ में हिंसा को वैध नहीं बनाया जा सकता, लेकिन दूसरी तरफ यह भी देखना होगा कि किसी आंदोलन की शुरुआत किन परिस्थितियों में हुई। सरकार यदि पहले ही संवाद का रास्ता खोल दे तो कई बार वह स्थिति पैदा ही नहीं होती जिसमें पुलिस और प्रदर्शनकारियों का आमना-सामना हो। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का सबसे महत्वपूर्ण संदेश यही है कि राज्य को संयम और संवाद दोनों को अपनी रणनीति का हिस्सा बनाना चाहिए। पुलिस की भूमिका कानून-व्यवस्था बनाए रखने की है, लेकिन बल प्रयोग अंतिम विकल्प होना चाहिए। प्रदर्शनकारियों की भी जिम्मेदारी कम नहीं है। उन्हें शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें रखने, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करने और सुरक्षा व्यवस्था का सम्मान करने की जिम्मेदारी निभानी होगी। सरकार को भी दोहरी नीति से बचना होगा। एक ओर हिंसा करने वालों पर कानून के मुताबिक कार्रवाई हो और दूसरी ओर शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के साथ बातचीत का रास्ता खुला रहे। आज जरूरत युवाओं को डराने की नहीं, उन्हें भरोसा देने की है। उनकी बात सुनी जाए, असहमति को लोकतंत्र की स्वाभाविक प्रक्रिया माना जाए और जहां शिकायत जायज हो, वहां समाधान की पहल हो। सरकार अगर युवाओं की आवाज सुनेगी तो उसे सड़कों पर टकराव कम और लोकतंत्र में भरोसा ज्यादा मिलेगा। यही मजबूत लोकतंत्र की पहचान है।

सख्ती से ही संभव नशामुक्त भारत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत' संकल्प अभियान का स्वागत किया जाना चाहिए, पर तेजी से नासूर बनती जा रही इस समस्या का समाधान मात्र संदेश नहीं, सख्ती से ही संभव होगा। इस अभियान के अंतर्गत 100 सप्ताह तक हर रविवार को खेल, कला और संस्कृति आदि गतिविधियों के माध्यम से देश भर में युवाओं को नशा मुक्ति का संदेश दिया जाएगा। स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी, सामाजिक संस्थाओं और औद्योगिक संगठनों के अलावा 100 से भी ज्यादा आध्यात्मिक संगठनों के सहयोग से यह अभियान चलाया जायेगा। जागरूकता की दृष्टि से यह निश्चय ही एक बड़ा अभियान होगा। तेजी से युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रही नशे की लत के विरुद्ध जागरूकता अभियान की जरूरत से इनकार नहीं किया जा सकता, पर स्वयं प्रधानमंत्री ने भी कहा है कि भारत में ड्रग्स की सप्लाई दुश्मन देशों की आतंकी साजिश का हिस्सा है। ऐसे में 100 रविवार जागरूकता अभियान मात्र चला कर नशामुक्त भारत का सपना आशावाद का ज्यादा नजर आता है। बेशक नशे की समस्या भारत में हाल-फिलहाल पैदा नहीं हुई। कभी पूर्वोत्तर से शुरू यह लत सीमावर्ती पंजाब और पड़ोसी हरियाणा तक पहुंच चुकी है। इससे अछूता रहने का दावा तो शायद ही कोई राज्य कर पाये, क्योंकि गुजरात के बंदरगाहों तक पर बड़ी-बड़ी खेप जब्त हुई हैं।

प्रधानमंत्री का दावा है कि ड्रग्स तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई पहले की तुलना में कई गुणा बढ़ी है, लेकिन तरह-तरह के ड्रग्स की देश के दूरदराज क्षेत्रों में भी सहज उपलब्धता सरकारी कार्रवाई को नाकाफी ही साबित करती है। यह तो खुला रहस्य है कि तमाम तरह का नशा सीमा पार से तस्करी हो कर ही भारत आता है। भारत की भौगोलिक स्थिति के मद्देनजर यह काम दशकों से चल रहा है। सच यह भी है कि ड्रग्स तस्करी अब आतंकवादियों की फंडिंग का भी बड़ा स्रोत बन चुकी है। नापाक पड़ोसी पाकिस्तान हमारे देश में नशा तस्करी का एकमात्र स्रोत तो नहीं है, लेकिन शायद सबसे बड़ा स्रोत वही है। दरअसल विभाजन के जरिये अस्तित्व में आने के बाद से ही पाकिस्तान ने भारत के विरुद्ध बहुआयामी छद्म युद्ध छेड़ रखा है। कश्मीर से पंजाब तक पाकिस्तान न सिर्फ आतंकवाद का पालन-पोषण कर रहा है, बल्कि उसके लिए धन भी नशा तस्करी और जाली करंसी के जरिये भारत से ही जुटा रहा है। कहना नहीं होगा कि नशा तस्करी जहां भारतीय युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से बीमार बना रही है, वहीं जाली करंसी अर्थव्यवस्था को खोखला कर रही है। बेशक भारत इस सबसे अनभिज्ञ नहीं है और हरसंभव कदम भी उठा रहा है, लेकिन पाकिस्तानी दुष्चक्र को पूरी तरह तोड़ा नहीं जा सका है। सीमावर्ती पंजाब में युवाओं को नशे ने इस कदर खोखला कर दिया है कि उस पर 'उड़ता पंजाब' फिल्म भी बन चुकी है। पिछले कई चुनाव से पंजाब में नशा बड़ा चुनावी मुद्दा रहा है और पुलिस से ले कर राजनेताओं तक पर तस्करी में संलिप्तता के आरोप भी लगते रहे हैं, पर उससे मुक्ति का वायदा अभी तक कोई भी सरकार वफा नहीं कर पाई है। युवा किसी भी देश का भविष्य होते हैं। फिर भारत तो है ही युवा आबादी बहुल देश। ऐसे में युवाओं के नशे के दलदल में फंसने का दुष्प्रभाव देश के वर्तमान ही नहीं, भविष्य पर भी दूरगामी होगा। तमाम तरह के नशे जिस तेजी से भारतीय युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रहे हैं, उसके आंकड़े डरावने हैं, पर उस पर अपेक्षित चिंता सरकारों और उनकी एजेंसियों में नजर आती नहीं। भारत का संविधान 'मद्य निषेध' की सोच रखता है, पर देश में 15 करोड़ से भी ज्यादा लोग शराब पीते हैं, जिसकी जायज बिक्री के एवज में सरकारें मोटा राजस्व वसूलती हैं और शराब की बोतल एवं दुकानों पर चेतावनी लिखवा कर अपने कर्तव्य की इतिश्री समझ लेती हैं। देश में लगभग तीन करोड़ लोग गांजे का सेवन करते हैं, जबकि दो करोड़ के आसपास हेरोइन आदि ड्रग्स का नशा करते हैं। आंकड़े तब और भी डरावने हो जाते हैं, जब पता चले कि इन नशाखोरों में किशोर और युवा भी बड़ी संख्या में शामिल हैं।



जाहिर है, नशा तस्करी जहां कानूनी चुनौती है, वहीं नशाखोरी एक बड़ी सामाजिक समस्या बन गयी है, जिससे परिवार तबाह हो रहे हैं। इस समस्या से लड़ने और उबरने में मदद के लंबे-चौड़े दावे भी किये जाते हैं, लेकिन कड़वा सच यह है कि नशे की लत के शिकार 80-90 प्रतिशत लोगों को तो इलाज ही नहीं मिल पाता। ज्यादातर नशा मुक्ति केंद्र भी यातना केंद्र बन गए हैं। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक ही लगभग पौने छह करोड़ लोग शराब पीने से होनेवाली समस्याओं से जूझ रहे हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2020 में भारत में प्रति व्यक्ति शराब की खपत 3.1 लीटर थी, जो 2023 में 3.2 लीटर हो गई और 2028 में 3.4 लीटर हो जाने की संभावना है। भारत में 60 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया शराब का बाजार बताता है कि कारोबारी मोटा मुनाफा कमा रहे हैं और सरकारें भरपूर राजस्व वसूल रही हैं। अन्य ड्रग्स का कारोबार गैर कानूनी है, इसलिए उसकी बाबत ऐसे ठोस आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन सभी जानते हैं कि चोरी छिपे बिकनेवाली चीज मुंह मांगी कीमत पर ही मिलती है और उसके कारोबार से होनेवाला मुनाफा भी अकूत होता है। तभी तो लोग ऐसे जोखिमभरे कारोबार में दांव लगाते हैं और पुलिस-प्रशासन से ले कर खरीददारों तक अपना नेटवर्क बनाते हैं। ऐसे में नशाखोरी का मर्ज तेजी से नासूर ही बनता जा रहा है। वैसे तो इलाज की कोई ईमानदार कोशिश नजर आती नहीं, फिर भी सरकारी दावों पर भरोसा करें तो कहना पड़ेगाः 'मर्ज बढ़ता गया ज्यों-ज्यों दवा की', पर अब तो मर्ज इलाज की हद से गुजर चुका है। अब इसकी शल्य चिकित्सा ही हो सकती है, जिसके लिए सबसे पहले व्यवस्था की शल्य चिकित्सा करनी होगी, क्योंकि बिना व्यवस्था के संरक्षण के ड्रग्स तस्करी सरीखा संगठित आपराधिक कारोबार भारत में फल-फूल ही नहीं सकता था। पूर्वोत्तर से ले कर पंजाब तक राजनेताओं और पुलिस-प्रशासन की संलिप्तता की चर्चाएं आम रही हैं, लेकिन इन खास लोगों की लगाम कसने का साहस अभी तक तो किसी ने नहीं दिखाया।

अगर प्रधानमंत्री मोदी नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही भ्रष्ट व्यवस्था की शल्य चिकित्सा भी कर पाये, तो अवश्य नशा मुक्त भारत का सपना साकार हो सकता है। कोई भी देश अपने नागरिकों से ही विकसित बनता है। जब देश के नागरिक स्वस्थ्य, सभ्य तथा सामाजिक -आर्थिक रूप से खुशहाल होंगे, तभी सही मायने में विकसित भारत का सपना साकार हो पाएगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
डॉ .रमेश ठाकुर



'हिरोशिमा त्रासदी' की विभीषिका का दर्द

मानव इतिहास में '6 अगस्त 1945' की मनहूस तारीख को शायद ही कोई भूल पाए। 'हिरोशिमा दिवस' के रूप में मनाई जाती है ये तारीख। इस तारीख में सिर्फ तबाही लिखी थी। तारीख में ऐसा मुकर्रर वक्त था, जिसने मात्र 16 मिनट के भीतर 1,30,000 लोगों की सांसें एक साथ रोकी थी। हताहतों का आकंड़ा फिलहाल सरकारी है, पर वास्तिवक संख्या इससे कहीं अधिक बताई जाती है। हिरोशिमा पर किए परमाणु हमले में मरने वालों में बूढ़े, बच्चे, नौजवान, औरतें भी थीं। सुबह करीब 8:15 बजे अमेरिका ने हिरोशिमा पर अपने 'बी-29 'एनाला गे' विमान द्वारा आसमान से परिमाणु बमों की बारिश करके पूरा शहर जिंदा जला दिया था। घटना के वक्त ज्यादातर लोग सोए हुए थे, परमाणु बम ने उन्हें सोता ही मार दिया। हिरोशिमा में जब परमाणु बम फोड़ा गया, तो जापानियों को लगा कि सूरज फटा है। जबकि, वह सूरज नहीं, बल्कि तथाकथित विकसित, सभ्य और मुट्ठी भर लोगों का निर्णय तथा एक महाशक्ति द्वारा निर्मित कृत्रिम सूरज था, जिसकी आग में लाखों निर्दोष लोग भाप बनकर चंद मिनटों में उड़ गए। घटना का सामूहिक हत्यारा अमेरिका था। अगस्त माह की जब 6 तारीख आती है या फिर परमाणु हथियारों की बढ़ती तादात पर वैश्विक मंचों पर विमर्श होता है, तो जापान की दिल दहला देने वाली यह घटना आंखों के सामने अनायास उमड़ पड़ती हैं। घटना को श्रद्धांजलि के तौर पर ही सालाना 6 अगस्त को 'हिरोशिमा दिवस' के रूप में विश्व मनाता है। यह दिन उन मुल्कों को संकल्पित होने को आहवान भी करवाता है, जो परमाणु बम फोड़ने की अनावश्यक धमकी दिया करते हैं। साथ ही अहिंसा, त्रासदी, को छोड़कर भाईचारा अपनाने और शांति के पथ पर चलने को जागरूश्क भी करता है। 1945 में अमेरिका द्वारा जापान के दो शहरों पर गिराए गए अलग-अलग तारीखों पर परमाणु बम की यह कहानी काले अध्याय के रूप में तबतक दर्ज रहेगी, जबतक दुनिया इस धरती पर वास करेगी। 6 अगस्त को गिराए पहले बम का नाम 'एनाला गे' था। वहीं, 9 अगस्त वाले बम का नाम 'लिटिल बॉय' यानी यूरेनियम-आधारित परमाणु बम था। जापान का जब तक अस्तित्व रहेगा, उनके लोग अमेरिका को माफ नहीं करेंगे। पाकिस्तान, अमरिका जैसे मुल्क आज भी परमाणु बमों को फोड़ने की धमकी देते हैं। इसलिए हिरोशिमा दिवस उनके लिए चेतावनी के अलावा सीख जैसा भी है। हिरोशिमा की घटना को आज 81 वर्ष हो गए, लेकिन दुर्भाग्य संसार आज भी युद्ध-हिंसा में संलग्न है। यूं कहें कि परमाणु हथियारों के ढेर पर बैठा है। हाल में, अमेरिका द्वारा ईराक पर परमाणु हमले की धमकी देना, दुनिया भर में बढ़ती हिंसा की घटनाएं और हथियारों को इकट्ठा करने की होड़ के बीच हमारे सामने यह प्रश्न खड़ा होता है कि हम हिरोशिमा और नागासाकी की घटनाओं से क्या कुछ सबक सीख पाए या नहीं? 81 साल पहले 2,50,000 हजार लोगों को मारकर भी अमेरिका को शांति नहीं मिली? अमेरिका की दादागिरी को जवाब देने का वक्त आ चुका है इसके लिए वैश्विक स्तर पर सभी मुल्कों को एकजुट होना होगा। साथ ही परमाणु हथियारों के निर्माणों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए जाने की दिशा में सभी देशों को सामूहिक पहल करने की जरूरत है। गौरतलब है कि हिरोशिमा त्रासदी की ये तारीख निरस्त्रीकरण और आदर्शवादी की वह अवधारणा है जो पूरी तरीके से हथियारों की समाप्ति का समर्थन करती है। हालांकि, निरस्त्रीकरण या शस्त्र नियंत्रण कोई नई घटना नहीं है। इसको सर्वव्यापी मान्यता भले ही द्वितीय विश्व युद्ध के बाद मिली हो। पर, इसका मौजूदा वक्त में नियंत्रण खुराफाती मुल्कों ने खत्म कर दिया है। जबकि, 19वीं शताब्दी में राष्ट्रों के मध्य निरस्त्रीकरण के लिए बकायदा समझौते भी हुए थे। हथियारों की मात्रा को घटाने में बहुत कुछ करने की जरूरत है। एकाध देश कुछ नहीं कर सकते। सभी को आगे आना होगा। भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ के नियमों का कभी भी उल्लंघन नहीं किया। पोखरण परमाणु परीक्षण के बाद कभी कोई प्रयोग नहीं किया। भारत सदैव इस बात का पक्षधर रहा है कि परमाणु हथियारों का बेजा इस्तेमाल कभी ना किया जाए। इस मसले पर 26 जनवरी 1946 को संयुक्त राष्ट्र ने अणु ऊर्जा आयोग की स्थापना की। उसके एक साल बाद फरवरी 1947 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में सुरक्षा परिषद द्वारा परंपरागत हथियार आयोग की स्थापना भी की गई। सन 1952 में महासभा ने उपर्युक्त दोनों आयोगों को संयुक्त करके निरस्त्रीकरण आयोग के नाम से एक नया आयोग भी बनाया। आयोग को परंपरागत और परमाणु दोनों प्रकार के हथियारों के नियमन के संदर्भ में संधि के प्रारूप तैयार करने का दायित्व सौंपा गया। इतना सब कुछ होने के बाद भी मकसद सफल नहीं हुआ।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

गलतियों को खुले मन से स्वीकार करें



संकलित
दर्शन

कार्य संपन्न होने की प्रक्रिया में कदाचित त्रुटियां रह सकती हैं, भले ही कार्य निष्ठा से किया जाए। अगर कोई आपके किए-कराए में चूक निकाले, उस पर टिप्पणी करे तो नाराज होने के बजाय उसे खुलेमन से स्वीकार करें। वैसे आप गलतियां करने से तभी बच पाएंगे, जब कुछ नहीं करेंगे। अपने अवगुण या खोट को स्वीकार करना श्रेष्ठ मानवीय गुण है। औसत सोच का व्यक्ति ऐसा करने में असमर्थ होता है। अवांछनीय या अनुचित कार्य की अनदेखी का अर्थ है संशोधन के द्वार बंद कर देना। सर्वगुणसंपन्न व्यक्ति तो साक्षात देवता है। भूल-चूक की स्वीकारोक्ति प्रगति की राह में पहला चरण है। इस प्रक्रिया में आप अनेक व्यक्तियों का विश्वास जीतते हैं। जिस सत्य का सामना करने के लिए तैयार नहीं, उसे बदलेंगे कैसे? जिसे अपनी अपूर्णताओं का आभास नहीं वह मूर्ख नहीं, बल्कि दयनीय है, क्योंकि ऐसा व्यक्ति अपने अवगुणों को दूर नहीं कर सकेगा। जिस सीमा तक हम अपनी अपूर्णताओं और अवांछनीय व्यवहार के प्रति सजग रहेंगे और समाधान की ओर अग्रसर रहेंगे, उसी अनुपात में हम नैतिक रूप से समृद्ध होंगे। व्यावहारिक जीवन में संयमी, संयत व्यक्ति से भी भूल-चूक हो जाती है। उन्नत सोच का व्यक्ति अपनी भूल को तुरंत स्वीकार कर लेगा। मध्यम सोच वाले को गलती का अहसास तो होगा, वह मन में कुढ़ेगा भी, किंतु लज्जित होने की आशंका से वह गलती को खुलेआम नहीं मानेगा। अपनी छवि के प्रति अत्यंत चौकस अधिसंख्य व्यक्ति अपने गलत कार्य या कथन की वैसी संरक्षा करेंगे जैसे सद्गुण या शील दांव पर हो।

जीवन में गुरु की आवश्यकता क्यों?



संकलित
प्रेरणा

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस कीचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। बाघ भीधीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा। तुम्हें कौन ले जाएगा? थोड़ी ही देर में सच में ही एक आदमी वहां पर आया और गाय को कीचड़ से निकालकर अपने घर ले गया।

अंतर्मन



आज की पाती

सरकारी धन का उचित प्रयोग करें सरकारें

देश में बहुत से राज्यों के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं, जैसे कि कहीं सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं हैं अर्थात सरकारी अस्पतालों में मरीजों के लिए इलाज की सुविधाएं नहीं, कहीं स्ट्रीट लाइट, कहीं सफाई व्यवस्था, कहीं पीने वाले पानी की समस्या, कहीं टूटी सड़के, लेकिन इनमें से कुछ राज्य बेवजह ही सरकारी पैसे को मुफ्त में लोगों को बांट रहे हैं। अगर इस सरकारी पैसे को ज्यादा से ज्यादा आम लोगों को मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए खर्च किया जाए तो लोगों को सुविधाएं मिलेंगी, जो लोगों की साफ-सफाई, गरीबों को बीमारियों और अन्य बहुत सी समस्याओं को हल करेंगी। इसी तरह बुजुर्गों के लिए बुढ़ापा पेंशन कम से कम 5000 रुपए प्रति माह होनी चाहिए। - *मदन साहू, सरायपाली*

ट्रेंड

व्यापक बदलाव



सात वर्ष पहले आज ही के दिन अनुच्छेद 370 और 35ए इतिहास बन गए, जिससे जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के विकास की नई शुरुआत हुई। दोनों क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी व लोगों के जीवन में व्यापक बदलाव देखने को मिला। -**नरेंद्र मोदी,** पीएम

शीर्ष कोर्ट में 38 जज होंगे



न्यायपालिका के बढ़ते कार्यभार, संवैधानिक एवं कानूनी व्याख्या के उभरते नए सवालों को ध्यान में रखकर उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाना समय की मांग है। अब शीर्ष अदालत में प्रधान न्यायाधीश को मिलाकर कुल 38 न्यायाधीश हो जाएंगे। -**अर्जुन राम मेघवाल,** केंद्रीय मंत्री

गृहमंत्री जिम्मेदार



छात्रों के खिलाफ हुई हिंसा के लिए भारत के गृह मंत्री जिम्मेदार हैं। उनमें न तो संसद में आकर इस मुद्दे पर बोलने का शिष्टाचार है और न ही यह बताने का साहस कि आखिर क्या हुआ। मुझे युवाओं और उन नौजवानों पर गर्व है, जिन्होंने संविधान, भारत की अवधारणा व देश के भविष्य की रक्षा के लिए आवाज उठाई। -**राहुल गांधी,** नेता विपक्ष

बुनियादी ढांचे का निर्माण



जेन-जेड को यह जानना चाहिए। महज 12 वर्षों में भाजपा-नीत सरकार ने भारत के आधुनिक बुनियादी ढांचे का 60-70 प्रतिशत से अधिक निर्माण किया है। शेष 30-40 प्रतिशत का निर्माण कांग्रेस-नीत सरकारों के करीब 60 वर्षों के शासन के दौरान हुआ। -**पेमा खांडू,** मुख्यमंत्री अरुणाचल प्रदेश

करंट अफेयर

मैसाचुसेट्स ने 15 अगस्त को 'इंडिया डे' किया घोषित



मैसाचुसेट्स की गवर्नर मॉरा हेली ने राज्य के विकास में भारतीय समुदाय के योगदान को मान्यता देते हुए 15 अगस्त को 'इंडिया डे' घोषित किया है और राज्य के निवासियों से इस अवसर के आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लेने का आह्वान किया। एक अगस्त को जारी सरकारी आदेश में गवर्नर ने यह भी कहा कि सामुदायिक संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपने वार्षिक स्वतंत्रता दिवस समारोहों तथा सामुदायिक सेवा गतिविधियों के माध्यम से नागरिक भागीदारी, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आपसी समझ को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसी तरह की घोषणा बोस्टन की मेयर मिशेल वू ने भी की है। उन्होंने भी 15 अगस्त को 'इंडिया डे' घोषित किया है। उन्होंने बोस्टन में भारतीय वाणिज्य दूतावास के नए कार्यालय के उद्घाटन का स्वागत किया और 'सेलबोस्टन-250' कार्यक्रम में भारतीय नौसैनिक पोत आईएनएस सुदर्शिनी के आगमन पर भी प्रसन्नता व्यक्त की। मैसाचुसेट्स की गवर्नर द्वारा जारी सरकारी आदेश में कहा गया है कि 15 अगस्त 2026 को भारत की ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से 1947 में मिली आजादी की 79वीं वर्षगांठ होगी।

ऑफ बीट

जाने कुछ ब्लैक होल दूसरों से बड़े क्यों?



ब्लैक होल घने खगोलीय पिंड होते हैं, जिनका गुरुत्वाकर्षण इतना मजबूत होता है कि कुछ भी खुद में समेट लेते हैं, यहां तक कि प्रकाश भी, इससे बच नहीं सकता है। जो कुछ भी ब्लैक होल के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव की सीमा को पार करेगा, वह ब्लैक होल में गिर जाएगा। इस गहरे, घने गड्ढे के अंदर, इसे फिर कभी नहीं देखा जा सकेगा। ब्लैक होल ब्रह्मांड में यहां-वहां फैले रहते हैं। हमारी आकाशगंगा जैसी आकाशगंगाओं में कुछ छोटे ब्लैक होल बेतरतीब ढंग से बिखरे हुए हैं। अन्य विशाल ब्लैक होल, जिन्हें 'सुपरमैसिव' ब्लैक होल कहा जाता है, आकाशगंगाओं के केंद्र में स्थित हैं। इनका वजन हमारे सूर्य के द्रव्यमान से दस लाख से एक अरब गुना तक हो सकता है। तो आप सोच रहे होंगे: खगोलशास्त्री संभवतः इतनी अंधेरी और इतनी बड़ी चीज़ कैसे देख सकते हैं? मैं एक खगोलशास्त्री हूं जो हमारे ब्रह्मांड में बने पहले सुपरमैसिव ब्लैक होल का अध्ययन करता है। मैं यह समझना चाहता हूं कि ब्लैक होल कैसे बनते हैं और वे किस प्रकार के खगोलीय माहौल में विकसित होते हैं। दो प्रसिद्ध वैज्ञानिकों, अल्बर्ट आइंस्टीन और कार्ल श्वार्ज़चाइल्ड ने सबसे पहले ब्लैक होल का विचार प्रस्तुत किया था।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

विपक्ष ने शाह की गैरमौजूदगी पर उठाए सवाल खरगे ने कहा

चर्चा से क्यों भाग रहे, प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री संसद में आकर बयान दें, हम चर्चा के लिए तैयार, इससे ही समाधान का रास्ता निकलेगा

हंगामा की भेंट चढ़ी संसद की कार्यवाही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि गृह मंत्री अमित शाह संसद नहीं आ रहे हैं, क्योंकि वह छात्रों के खिलाफ हुई बर्बरता के दोषी हैं। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, देश के गृह मंत्री मुंह छुपा रहे हैं क्योंकि वो छात्रों के गुनहगार हैं। इस दौरान उनके हाथ में कथित तौर पर पैलेट गन से घायल हुए एक शख्स की तस्वीर है।विपक्ष लगातार सीजेपी के 'संसद चलो' मार्च के दौरान दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के खिलाफ दिल्ली पुलिस की कथित कार्रवाई का मुद्दा उठा रहा है।



अन्य नेताओं से सीख लें राहुल : सिंह

राहुल गांधी के बयान पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि राहुल गांधी दूसरों पर ज्ञान ना बांटे। राहुल गांधी जैसा दुर्भाग्यपूर्ण विपक्ष का नेता भगवान ना करें कभी हो, इस देश ने महान विपक्ष के नेता देखें हैं मैं कहूंगा कि उनसे कुछ शिक्षा लें।

प्रश्नकाल में रुकावट डाल रहा विपक्ष



भाजपा के प्रवक्ता संबित पात्रा ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि सत्र पर करोड़ों खर्च होने के बावजूद, प्रश्नकाल और शून्यकाल में रुकावट डाली जा रही है, जिससे सांसदों को अपने चुनाव क्षेत्र से जुड़े मुद्दे उठाने का मौका नहीं मिल पा रहा है।

संसद में हंगामा सभापति बोले

वेल में आने और प्लेकार्ड दिखाने पर होगी कार्रवाई

राज्यसभा व लोकसभा दोनों ही सदनों में बुधवार को भी हंगामा जारी रहा। सदन की कार्यवाही प्रारंभ होने के कुछ ही देर बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया। लोकसभा में विपक्षी सांसदों की नारेबाजी को देखते हुए कार्यवाही शुरू होने के कुछ देर बाद ही सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में हंगामे व नारेबाजी के बीच कुछ देर के लिए सदन की कार्यवाही संचालित रही, कुछ ही देर बाद स्थगित कर दिया गया। सभापति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि मैं सभी सदस्यों से आग्रह करता हूं कि वे सहयोग करें। सदन के वेल में कभी न आएं। तख्तियां कभी न दिखाएं। यदि कोई पालन नहीं करता है, तो कार्रवाई होगी।



सदन में होती रही नारेबाजी

सभापति के इस निर्देश के बावजूद सदन में लगातार नारेबाजी होती रही। राज्यसभा में दिन की शुरुआती कार्यवाही शुरू होने पर भी सदन में गतिरोध दिखाई दिया। सबसे पहले राज्यसभा की कार्यवाही की शुरुआत में विभिन्न मंत्रालयों से संबंधित आवश्यक विधायी दस्तावेज सदन के पटल पर रखे गए। हंगामा बढ़ गया और शून्यकाल की कार्यवाही पूरी नहीं हो सकी। विपक्षी सांसद अपनी सीटों से उठकर आगे गए और नारेबाजी करने लगे। इस पर राधाकृष्णन ने सभी सदस्यों को अपनी सीटों पर वापस जाने के लिए कहा, लेकिन नारेबाजी जारी रही। विपक्षी प्लेकार्ड लिए रहे।

150 ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद करेगी सेना!

हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। अब वो दिन दूर नहीं, जब भारतीय सेना के जंगी बेड़े की युद्धक क्षमता में कई गुना की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। जिसके पीछे की बड़ी वजह आगामी कुछ महीनों में बल द्वारा किया जाने वाला 150 ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइलों (विस्तारित रेंज) की खरीद से जुड़ा एक बेहद महत्वपूर्ण समझौता है। जिस पर मौजूदा साल की अंतिम तिमाही के नवंबर महीने में हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि समझौते पर आने वाली कुल अनुमानित लागत 10 हजार करोड़ रुपए तक हो सकती है।

सरस्वती नदी का होगा संरक्षण और विकास

हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि सरस्वती नदी न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यह हमारी प्राचीन सभ्यता एवं संस्कृति की जीवंत गवाह भी है। इसके पुनर्जीवन परियोजना को राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में सर्वोच्च स्थान दिया गया है। मुख्यमंत्री सैनी बुधवार को सचिवालय में हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

विपक्षी सांसदों ने संसद के मकर द्वार पर किया प्रदर्शन

राहुल ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

जंतर मंतर में छात्रों ने हिंसा नहीं की प्रदर्शनकारियों के घर गुंडे भेजे गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

छात्रों के खिलाफ दिल्ली पुलिस की कथित कार्रवाई और चढ़ावा चोरी का मुद्दा उठाया

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने छात्र आंदोलन को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग करने वाले छात्रों के साथ मारपीट की गई, उन्हें धमकाया गया और उनके घरों तक लोगों को भेजा गया। राहुल ने कहा कि छात्रों ने कोई हिंसा नहीं की, बल्कि वे बेहतर शिक्षा व्यवस्था और परीक्षा पेपर लीक रोकने की मांग कर रहे थे।उन्होंने छात्र आंदोलन में शामिल कई युवाओं से खुलकर बातचीत की। छात्रों ने उन्हें बताया कि प्रदर्शन के दौरान उनके साथ मारपीट की गई और उन्हें डराया-धमकाया गया। राहुल ने कहा कि खराब होती शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाना कोई अपराध नहीं है। अगर छात्र व्यवस्था में बदलाव चाहते हैं तो उन्हें अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि देश को ऐसी शिक्षा व्यवस्था चाहिए जो युवाओं का भविष्य सुरक्षित करे और परीक्षा पेपर लीक जैसी घटनाएं बंद हों। उन्होंने 20 जुलाई को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के खिलाफ दिल्ली पुलिस की कथित कार्रवाई और बिहार में छात्र आंदोलन के दौरान कथित रूप से एके-47 के इस्तेमाल के मुद्दे पर गृह मंत्री अमित शाह से जवाब मांगा।

धमकाने की भी बात कही

अन्य मुद्दों को भी उठाया



रिया ने बताया- उन्हें परेशान किया जा रहा

प्रेस वार्ता में छात्र आंदोलन से जुड़े कुछ युवा भी मौजूद थे। रिया अहीर ने कहा कि वह वही लड़की हैं, जो मुंबई पुलिस की गाड़ी के सामने खड़ी हुई थीं। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने 20 निर्दोष लड़कों को बचाने की कोशिश की थी। रिया ने आरोप लगाया कि अब उन्हें लगातार परेशान किया जा रहा है। कार्यक्रम में वह युवती भी मौजूद थी, जिसे प्रदर्शन के दौरान पैलेट गन लगी थी। छात्रों ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए। राहुल ने आरोप लगाया कि प्रदर्शन के बाद छात्रों के घरों तक गुंडे भेजे गए और एक 15 साल की लड़की से जबरन माफी मंगवाई गई। उन्होंने कहा कि किसी छात्र को इस तरह डराकर माफी मंगवाना पूरी तरह गलत है। कांग्रेस कार्रवाई को स्वीकार नहीं करती।

सरकार को छात्रों की मांग सुननी चाहिए

राहुल ने कहा कि हजारों युवाओं ने संविधान, भारत की अवधारणा और देश के भविष्य की रक्षा के लिए आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि सरकार को छात्रों की मांग सुननी चाहिए, न कि उन्हें डराना चाहिए। गृह मंत्री और प्रधानमंत्री सामने आकर सवालों का जवाब नहीं दे रहे हैं। उन्होंने दोहराया कि छात्रों की मांग केवल बेहतर शिक्षा व्यवस्था, पेपर लीक पर रोक और सुरक्षित भविष्य की है। राहुल ने कहा कि विपक्ष छात्रों की आवाज उठाता रहेगा। उन्होंने सरकार से शिक्षा व्यवस्था में सुधार, परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाने और छात्रों के खिलाफ कथित कार्रवाई रोकने की मांग की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात रखना हर नागरिक का अधिकार है और सरकार को छात्रों की शिकायतों का समाधान करना चाहिए, न कि उन्हें दबाने की कोशिश करनी चाहिए।

'यौम-ए-इस्तेहसाल' मनाने की बेतुकी पाक की कोशिशों को भारत ने किया खारिज

'कश्मीर, लद्दाख भारत के अभिन्न अंग थे, हैं और हमेशा रहेंगे'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान है कि अपनी नापाक हरकतों से बाज आने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामले में 5 अगस्त (भारत के लिए जम्मू-कश्मीर से हटाई गई धारा-370, 35ए की 7वीं वर्षगांठ का दिन) को तथाकथित 'यौम-ए-इस्तेहसाल' के रूप में मनाने और इसे लेकर की गई पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री व विदेश मंत्री इशाक डार की टिप्पणियों को भारत ने बुधवार को सिरे से खारिज कर दिया है। यहां राजधानी में इस विषय पर मीडिया द्वारा पूछे गए कुछ प्रश्नों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बयान जारी कर कहा कि पाकिस्तान की यह हरकत और कुछ नहीं बल्कि हमारे देश के खिलाफ दुर्भावना के साथ किए जाने वाले दुष्प्रचार और राजनीतिक रूप से की जा रही बेतुकी और निरर्थक कोशिशों का हिस्सा मात्र है। जिसे भारत कतई स्वीकार नहीं करता है और हम इसे सिरे से खारिज करते हैं। जहां तक लद्दाख केंद्रशासित प्रदेश के साथ-साथ समूचे जम्मू-कश्मीर का मसला है। तो यह पूरा क्षेत्र भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा बना रहेगा।



पीओके में जारी रक्तपात रोके पाक

उन्होंने पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री की टिप्पणी को एक पूर्वानुमानित नाटक करार देते हुए कहा कि भारत के आंतरिक मामलों पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय पाकिस्तान को अपने अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में चल रहे रक्तपात को रोकना चाहिए।

संवैधानिक बदलाव, आंतरिक मामला है

उन्होंने कहा कि 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से की गई धारा-370 की समाप्ति और अनुच्छेद 35(ए) के प्रावधानों को हटाकर खत्म किया गया राज्य का विशेष दर्जा एक संवैधानिक परिवर्तन है। जो पूरी तरह से भारत का आंतरिक मामला है। यह हमारे देश के द्वारा लिए गए कुछ ऐसे फैसले हैं, जिनसे इलाके के लोगों को अभूतपूर्व रूप से फायदा हुआ है। उनका सामाजिक-आर्थिक विकास, सुशासन और लोकतांत्रिक सशक्तिकरण भी इसी बदलाव का नतीजा है। इस लिहाज से देखें तो भारत के अंदरूनी मसलों में पाकिस्तान को किसी भी प्रकार से दखल देने या टीका-टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है।

यूपी में डेढ़ दर्जन प्रमुख हस्तियों ने थामा कांग्रेस का दामन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बेमौसम सियासी बरसात

प्रशासनिक, राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र के हैं दिग्गज

अभी न कोई चुनाव है, न कोई टिकटों की मारामारी है। लेकिन उप्र विधानसभा चुनाव को लेकर गोटियां सजने लगी हैं। उत्तर प्रदेश समेत देश की प्रशासनिक, राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी करीब डेढ़ दर्जन प्रमुख हस्तियों ने बुधवार को कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया। पार्टी के मीडिया व प्रचार (संचार विभाग) के अध्यक्ष व सांसद पवन खेड़ा, उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम, ओबीसी विभाग के अध्यक्ष अनिल जयहिंद और लोकसभा सांसद राकेश राठौर इस अवसर पर मौजूद रहे। इन हस्तियों को कांग्रेस में शामिल करते हुए गौतम ने भाजपा सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज देश का हर वर्ग सरकार से ठगा हुआ महसूस कर रहा है। कुछ चुनिंदा पूंजीपतियों को छोड़कर भाजपा ने हर वर्ग को कमजोर किया है। उन्होंने कहा कि इस मुश्किल समय में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी युवाओं और वंचित-शोषित वर्गों की आवाज को मजबूती से रख रहे हैं। राहुल गांधी के विचार और जज्बे से प्रभावित होकर कई महत्वपूर्ण लोग कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय युद्धाभ्यास 'तरंगशक्ति' में करेगा भागीदारी

भारत के आसमान में होगी अमेरिका के एफ-35 स्टेल्थ विमान की गर्जना!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ के बाद भारतीय वायुसेना द्वारा अगले सितंबर महीने में अंतरराष्ट्रीय स्तर का एक अति-महत्वपूर्ण 'तरंगशक्ति युद्धाभ्यास-2026' आयोजित किया जाएगा। जिसमें दुनिया के अलग-अलग भागों में मौजूद नई दिल्ली के मित्र राष्ट्रों की हवाई सेनाएं अपने जंगी बेड़े के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगी। रक्षा सूत्रों ने बताया कि इस बार युद्धाभ्यास का आयोजन पाकिस्तान से लगी हुई भारत की पश्चिमी-सीमा के करीब स्थित राजस्थान के जोधपुर एयरबेस पर किया जाएगा। जिसके लिए 26 जुलाई से लेकर 10 अक्टूबर 2026 तक का समय तय किया गया है। अमेरिका के अलावा युद्धाभ्यास में फ्रांस, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे देश शामिल हो सकते हैं।

इस बार होगा युद्धाभ्यास का दूसरा संस्करण

तरंगशक्ति एक द्विवार्षिक युद्धाभ्यास है यानी इसका आयोजन वायुसेना द्वारा हर दो साल में एक बार किया जाता है। 2026 में इसका दूसरा संस्करण होगा। जिसके फिलहाल सबसे बड़े आकर्षणों में अमेरिका का अत्याधुनिक पांचवीं पीढ़ी का एफ-35 स्टेल्थ लड़ाकू विमान है। जिसकी युद्धाभ्यास के दौरान भारत के पश्चिमी-हवाई क्षेत्र में प्रचड़ गर्जना सुनाई देगी। ज्ञात हो कि एफ-35 अमेरिका का पांचवीं पीढ़ी का एक उन्नत लड़ाकू विमान है। जिसका भारत की मेजबानी में होने वाले युद्धाभ्यास में शामिल होने का घटनाक्रम एक ऐसे समय में सामने आ सकता है। जब एक ओर वायुसेना में लड़ाकू विमानों की स्क्वाड्रन की संख्या तेजी के साथ घटती जा रही है। वहीं, दूसरी ओर भारत भी इसी पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान से जुड़ी अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्वदेशी एम्का परियोजना के साथ-साथ अन्य विकल्पों पर भी विचार कर रहा है।

हरिभूमि क्लासिफाईड
तलाश की नई सुबह
epaper : www.haribhoomi.com
लघु विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 6263818152

Appointment आवश्यकता

टीचर
आवश्यकता है- Teacher की आवश्यकता है। अंग्रेजी माध्यम (बी.एड) को प्राथमिकता वेतन 4000 से 6000 तक (English, Maths, Social Science) पता- लिटिल पॉवर इंग्लिश मीडियम स्कूल बोरियाखुर्द रायपुर (छ. ग.) संपर्क करें- समय 9:00 से 2:30 तक मो. नं. 9039640860, 9755848827. (आरे-812)

चिकित्साकर्मी
आवश्यकता है- रिसर्च बेस आयुर्वेदिक दवाईयों के प्रमोशन हेतु छत्तीसगढ़ के सभी तहसील स्तर मे डाक्टर्स, नर्स, मेडिकल प्रोफेशनल की आवश्यकता है :- सेलरी + कमीशन २००००/- से- ५००००/- 91657-33916, 97135-17535. (आरे-418)

मार्केटिंग/टेलीकॉलर
आवश्यकता है- पेंट, सीमेंट शोरूम में कार्य हेतु मार्केटिंग स्टाफ- टेली कॉलिंग, कलेक्शन पर्सन-की आवश्यकता है, आकर्षक वेतन योग्यतानुसार संपर्क: नरेश ट्रेडर्स, टाटीबंध रायपुर 9827163561.(आरे-222)

हेल्पर
आवश्यकता है- भैय्या जी ढाबा (हनोदा) में कार्य करने के लिए रसोइया और हेल्पर की जरूरत है। संपर्क करें- 7000680424. (आरे-324)

हरिभूमि

मार्केटिंग
आवश्यकता है- रियल स्टेट हेतु मार्केटिंग कार्य के लिए लड़को(उम्र 18 से 35)की आवश्यकता वेतन योग्यतानुसार + कमीशन, पता - शंकरनगर, चौपाटी रायपुर (मिले - सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक) 9098334681. (आरे-209)

दुकान कार्य
आवश्यकता है- स्टेशनरी दुकान में कार्य हेतु लड़के/लड़कियों की समय सुबह 10:30 से रात में 9:00 बजे लक्ष्मी सेल्स स्टेशनरी गली 1, विनार बार के बाजू जय स्तंभ चौक, रायपुर फोन- 0771- 4263621, 9685431345. (आरे-A)

घरेलु कार्य/कुक
आवश्यकता है- घरेलू कार्य एवं स्वादिष्ट खाना बनाने के लिए दो महिला की आवश्यकता हैं । (१) समयः सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक , वेतन : रु 10000 प्रतिमाह (२) समयः 24 घंटे (रहकर कार्य करने हेतु) वेतन :रु 15000 प्रतिमाह आयु : 35 से 60 वर्ष तक स्थानः गुरुद्वारे के पास, नेहरू नगर, भिलाई संपर्क करें: 9826708233.(Ro-SPD/0069)

सेल्समैन/ऑपरेटर
आवश्यकता है- विरदी साड़ी शोरूम हेतु पुरुष और महिला , सेल्समेन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता, पता:- विरदी साड़ी कंकालीपारा रोड , रायपुर संपर्क समय 10:30 से 9:00, 9425522577, 9425522576.(आरे-811)

ड्राइवर
आवश्यकता है- अनुभवी कार ड्राइवर की आवश्यकता न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव अनिवार्य, वेतन 15,000 प्रतिमाह। समय : सुबह ९ बजे से रात्रि ९ बजे तक , संपर्क करें: 9826708233 ,पता: 4/17, दक्षिण गंगोत्री, पोस्ट सुपेला, भिलाई (छ.ग.) (Ro-SPD/0070)

कंस्ट्रक्शन कार्य
आवश्यकता है- कंस्ट्रक्शन के कार्य की जानकारी रखने वाले व्यक्ति की कटोरा तालाब के आसपास रहने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता पता- सनी होतवानी महादेव कंस्ट्रक्शन बबला सीमेंट हाऊस संत कंवर राम चौक कटोरा तालाब रायपुर(आरे-295)

अन्य
आवश्यकता है- जिलास्तरीय कंपनी भर्तीपद-फॉरेस्टगार्ड , क्लर्क, वनपाल, चपरासी , हेतु 10वीं+12वी पास लड़के लड़कियां, उम्र (18 -42) सैलरी- 26500/- - 42500/- आवेदन हेतु - मार्कसीट, आधारकार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो , व्हाट्सएप / कॉल करे- 9005465772.(आरे-118)

Property प्रापर्टी
बेचना है - बिलासपुर नया हाईकोर्ट के पास काली ढाबा के सामने 5168 वर्गफुट प्लॉट एवं मोपका में कमर्शियल डायवर्सन किया हुआ 2500 वर्गफुट प्लॉट बेचना है सम्पर्क करें 7898855268 (ब्रोकर क्षमा करें) (आरे-41541)

RAIPUR SMART BUSINESS
GST ITR फाइल बनवाएं मात्र 500/-
25 वर्ष का अनुभव
• CMA Data • Balance Sheet • प्रोजेक्ट रिपोर्ट
• फूड लाइसेंस • Income Tax Audit • TDS रिफंड
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार हैं।
संपर्क: शेखर गुप्ता RIFCO Tax Consultants
C-74, सेक्टर- 1 आदर्श विद्यालय के पीछे, देवेन्द्र नगर, रायपुर
Whatsaap पर बनवाएं 9300755544, 8878655544





आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध मे किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध मे किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वादों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare





हेल्थ क्वेस्ट

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

जब गले में फील हो दर्द और खराश



मेरी उम्र 45 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरे गले में दर्द बना हुआ है। इस वजह से कुछ भी खाने-पीने में तकलीफ होती है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हो रहा है और यह कैसे ठीक होगा?

-अनिल, बिलासपुर

हालांकि इस समय मौसम में उतार-चढ़ाव है यानी, बारिश होने पर ठंडा हो जाना और धूप निकलने पर गर्म होना। ऐसे में ठंडा पानी या फ्रिज में रखी चीजें खाने से इस तरह की समस्या आती हैं। आप ठंडा पानी और फ्रिज में रखी ठंडी चीजें बिल्कुल ही ना खाएं। इसके अलावा सुबह-शाम गर्म पानी में नमक डालकर गरारा करें। इससे आराम मिल सकता है। अगर आराम न मिले तो जरूर आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर चेकअप करवा सकते हैं। कई बार टांसिल की समस्या भी हो जाती है, जिसके लिए मेडिसिन लेनी पड़ती है।

मेरी उम्र 29 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरी आंखों से पानी रिसता रहता है। आंखों में कुछ चुभने जैसा भी महसूस होता रहता है। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?

-मनीष, रायपुर

पिछले कुछ दिनों का मतलब दो-चार दिन या इससे अधिक दिन, क्योंकि कई बार आंख में कुछ चले जाने के बाद चार-पांच दिन इस तरह की समस्या बनी रहती है। आंखों में चुभन होती है और पानी आता है। लेकिन अगर ऐसा नहीं है और समस्या इससे अधिक दिन से है तो जरूर आपको एक बार आंखों के डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए। इस बात का ध्यान जरूर रखें कि किसी दूसरे सलाह पर कोई भी दवा मेडिकल स्टोर से लेकर आंख में ना डालें। इससे आपको नुकसान पहुंच सकता है। राहत के लिए दिन में आंखों को ठंडे पानी से धुलें।

मेरी उम्र 35 वर्ष है। मुझे खाना ठीक से हजम नहीं होता है। खाने के बाद मितली आने लगती है। पेट हमेशा भारी-भारी रहता है। इस वजह से सुस्ती भी छाई रहती है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का कोई सॉल्यूशन बताएं।

-मुकेश, रायगढ़

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपका डाइजेशन सिस्टम ठीक नहीं है। इसके लिए सबसे पहले आपको अपना खान-पान और लाइफस्टाइल सुधारनी होगी। सुबह वॉक करें। ब्रेकफास्ट में ऑयली या तली-भुनी चीज बिल्कुल ना खाएं। लंच में सलाद और दही या छाछ जरूर लें। रात का खाना बिल्कुल ही हल्का करें और सोने से 3 घंटे पहले खाना खा लें। इस तरह डाइट हैबिट में चेंज करने से आपको आराम मिल सकता है।

मेरी उम्र 37 वर्ष है। मुझे यह जानना है कि बहुत से एक्सपर्ट्स बारिश के मौसम में हरी सब्जियां नहीं खाने की सलाह देते हैं। क्या यह सही है? क्या इन्हें खाना सेहत के लिए नुकसानदायक भी हो सकता है?

-सचिन, भोपाल

जी यह बात सही है। हालांकि हरी सब्जी नुकसानदेय नहीं है। लेकिन बारिश और उमस की वजह से इस मौसम में इन सब्जियों में जल्दी कीटाणु लग जाते हैं। इससे बचने के लिए इनमें पेस्टिसाइड का इस्तेमाल होता है या कई बार अगर पेस्टिसाइड का प्रयोग नहीं हुआ तो भी कीटाणु होने की संभावना अधिक रहती है। जो हमारे सेहत के लिए नुकसानदेय होते हैं। इसलिए इस मौसम में हरी सब्जी खाने से मना किया जाता है।

मेरी उम्र 59 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मेरा मन बेवजह बेचैन रहता है। किसी भी काम में मन नहीं लगता। सुस्ती छाई रहती है। कृपया मेरी इस समस्या का कारण और निदान बताएं।

-युगल किशोर, रोहतक

सबसे पहले आप इस बात पर गौर करें कि पिछले कुछ दिनों में ऐसा क्या हुआ है या आपके जीवन में कोई असामान्य घटना घटी है क्या? क्योंकि ऐसे मामले में प्रायः देखा गया है कि समस्या शुरू होने के बाद बेचैनी शुरू हो जाती है। अगर ऐसा है तो पहले आप उस समस्या का समाधान करें। इसके साथ ही रुटीन लाइफ जरूर फॉलो करें। यानी सुबह समय पर उठना। और टाइम से नाश्ता, खाना-पीना। अगर इस तरह से भी आपको आराम नहीं मिलता है तो जरूर आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क करना पड़ेगा। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।

मेंटल हेल्थ

रजनी अरोड़ा

तमाम तरह की जिम्मेदारियों का बोझ, अनियमित जीवनशैली, डिजिटल एडिक्शन, वर्क प्रेशर, फ्यूचर प्लानिंग्स जैसे कई कारणों से आज के दौर में तमाम लोग मेंटल क्लटर का सामना करते हैं। ध्यान न देने पर इससे गंभीर मेंटल इश्यूज पैदा हो सकते हैं। ऐसे में जरूरी है कि इसके कारणों को समझते हुए मेंटल क्लटर को रिमूव करने के उपाय किए जाएं। इस बारे में हम दे रहे हैं बहुत यूजफुल सजेशंस।

ऐसे रिमूव करें मेंटल क्लटर रहिए मेंटली फिट-एनर्जेटिक





आज के डिजिटल युग में हमारा मस्तिष्क पहले की तुलना में कहीं अधिक जानकारी ग्रहण कर रहा है। सुबह उठते ही मोबाइल नोटिफिकेशन, सोशल मीडिया, ई-मेल, समाचार, कार्यस्थल का दबाव, पारिवारिक जिम्मेदारियां और भविष्य की योजनाएं। ये सभी मिलकर दिमाग पर लगातार प्रेशर डालते रहते हैं।

क्या होता है मेंटल क्लटर

दिमागी दबाव के कारण तनाव हार्मोन कॉर्टिसोल बढ़ सकता है। रक्तचाप बढ़ने की संभावना भी रहती है। नींद की गुणवत्ता खराब हो सकती है। रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित हो सकती है। बार-बार सिरदर्द और थकान महसूस हो सकती है। लंबे समय तक ऐसा रहने पर स्ट्रेस, एंजाइटी और डिप्रेशन का जोखिम भी बढ़ सकता है। विशेषज्ञ इसे मेंटल क्लटर यानी मानसिक अव्यवस्था, दिमागी उलझन कहते हैं। यह कोई मानसिक रोग नहीं है, बल्कि हमारे मस्तिष्क पर बढ़ते संज्ञानात्मक और भावनात्मक बोझ का संकेत है। मेंटल क्लटर एक दिन में नहीं बनता और एक दिन में खत्म भी नहीं होता। यह धीरे-धीरे जमा हुई चिंताओं, जिम्मेदारियों, अधूरी भावनाओं और लगातार भागती हुई जिंदगी का परिणाम होता है। जब मन हर समय भरा हुआ रहता है, तो किसी काम में कंसंट्रेट कर पाना मुश्किल हो जाता है, इससे तनाव बढ़ जाता है।

कम हो सकता है मेंटल क्लटरः जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव करके या छोटी-छोटी अच्छी आदतें अपनाकर इस मेंटल क्लटर को धीरे-धीरे कम किया जा सकता है। क्योंकि शांत मन ही सबसे बड़ी सफलता, सबसे बड़ी संपत्ति और सबसे बड़ी आजादी है। जब व्यक्ति अपने मन को व्यवस्थित करना शुरू करता है, तो तनाव कम होने लगता है और मन अनावश्यक बोझ से मुक्त होता है। व्यक्ति बेहतर निर्णय ले पाता है, अधिक रचनात्मक बनता है और जीवन का आनंद अधिक संतुलित ढंग से उठा पाता है। जीवन की सबसे बड़ी दौड़ बाहर नहीं, हमारे अपने मन के भीतर चलती है। यदि मन में अनावश्यक विचारों, डर, तुलना और पछतावे का शोर भरा रहेगा, तो बाहरी सफलता भी सच्ची खुशी नहीं दे पाएगी। इसलिए समय-समय पर अपने मन को भी व्यवस्थित करना जरूरी है। जो बातें व्यक्ति के नियंत्रण में नहीं हैं। उन्हें स्वीकार करना चाहिए। जो बदल सकती हैं, उनके लिए प्रयास करना चाहिए और जो बातें केवल मानसिक बोझ बढ़ाती हैं, उन्हें जाने देना चाहिए।

अपनाएं ब्रेन डंप तकनीकः यदि दिमाग में लगातार विचार घूम रहे हों, तो उन्हें बार-बार सोचने के बजाय कागज पर लिख दें। इसे ब्रेन डंप कहा जाता है। इसमें आप अधूरे काम की चिंताएं, आइडिया, अगले दिन की योजना, महत्वपूर्ण बातें एक डायरी में लिख देते हैं। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि लिखने से मस्तिष्क को यह संदेश मिल जाता है कि जानकारी सुरक्षित है। इससे उसे हर समय याद रखने की आवश्यकता नहीं रहती और मानसिक दबाव कम होने लगता है।

डेली 10 मिनट नो वर्क टाइमः आज अधिकांश लोग हर खाली समय में मोबाइल उठा लेते हैं। लेकिन मस्तिष्क को भी आराम चाहिए। दिन में 10-15 मिनट बिना मोबाइल, बिना टीवी, बिना संगीत, बिना किसी काम के केवल शांत बैठें। यह समय मस्तिष्क को विचारों को व्यवस्थित करने का अवसर देता है।

करें माइंडफुलनेस का अभ्यासः मेंटल क्लटर का सबसे बड़ा कारण है दिमाग का हमेशा अतीत या भविष्य में रहना। माइंडफुलनेस हमें वर्तमान क्षण में लौटना सिखाती है। जैसे सांसों पर ध्यान देना, धीरे-धीरे भोजन करना, टहलते समय आस-पास की आवाजों को महसूस करना। शोध बताते हैं कि नियमित माइंडफुलनेस से तनाव कम होता है, ध्यान केंद्रित करने की क्षमता बढ़ती है।

डिजिटल डिटॉक्स करेंः हर नोटिफिकेशन मस्तिष्क का ध्यान भंग करता है। विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि फोन से अनावश्यक एप्स हटाएं, नोटिफिकेशन सीमित रखें, सुबह उठते ही मोबाइल न देखें, रात में सोने से एक घंटा पहले स्क्रीन बंद कर दें। सप्ताह में एक दिन नो-स्क्रीन डे रखें। इससे मस्तिष्क को लगातार मिलने वाली सूचनाओं का दबाव कम होता है।

निर्णयों की संख्या कम करेंः दिन भर छोटे-छोटे निर्णय भी मानसिक ऊर्जा खर्च करते हैं। इसे डिसीजन फटीग कहा जाता है। इसे कम करने के लिए अगले दिन के कपड़े रात में ही निकाल लें। सप्ताह भर के भोजन की योजना पहले बना लें। कामों की सूची पहले से तैयार रखें। इससे दिमाग महत्वपूर्ण निर्णयों पर अधिक ऊर्जा लगा पाता है।

अधूरे काम पूरे करेंः मनोविज्ञान में जीगार्निक प्रभाव नामक सिद्धांत बताता है कि अधूरे काम दिमाग में बार-बार आते रहते हैं। इसलिए छोटे काम तुरंत पूरे करें, बड़े कामों को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटें, हर पूरा काम सूची से काट दें। इससे मानसिक संतुष्टि मिलती है और क्लटर कम होता है।



पर्याप्त नींद लेंः नींद के दौरान मस्तिष्क पूरे दिन की जानकारी को व्यवस्थित करता है। कम नींद लेने पर ध्यान कम होता है, याद्दाश्त कमजोर होती है, मानसिक क्लटर बढ़ता है। अधिकांश वयस्कों के लिए प्रतिदिन 7-9 घंटे की गुणवत्तापूर्ण नींद आवश्यक मानी जाती है।



प्रकृति के साथ समय बिताएं

हरी घास, पेड़, पक्षियों की आवाज और खुला आसमान मस्तिष्क को शांत करते हैं। अध्ययनों में पाया गया है कि सप्ताह में कुछ समय प्राकृतिक वातावरण में बिताने से तनाव कम हो सकता है और मानसिक स्पष्टता बढ़ सकती है।

शरीर को सक्रिय रखेंः नियमित व्यायाम केवल शरीर ही नहीं, मस्तिष्क के लिए भी लाभदायक है। रोज 30 मिनट तेज चलना, योग, साइकिल चलाना, तैराकी। डब्ल्यूएचओ भी सप्ताह में कम-से-कम 150 मिनट मध्यम तीव्रता वाले व्यायाम की सलाह देता है।

अपनी भावनाएं व्यक्त करेंः कई लोग अपनी परेशानियां मन में दबाकर रखते हैं। दबी हुई भावनाएं भी मानसिक क्लटर बन जाती हैं। इसलिए विश्वसनीय मित्र से बात करें, परिवार के साथ समय बिताएं, आवश्यकता हो तो साइको काउंसलर की सहायता भी ले सकते हैं।

मल्टीटास्किंग से बचेंः एक साथ कई काम करने से उत्पादकता बढ़ती नहीं, बल्कि दिमाग एक काम से दूसरे काम पर जाता रहता है, इसे टास्क स्विचिंग कहते हैं। इसके बजाय एक समय में एक ही काम करें, पूरा ध्यान उसी पर दें, फिर छोटा-सा ब्रेक लें।

मेंटल बाउंडरीज तय करेंः हर समस्या आपकी जिम्मेदारी नहीं होती। हर बहस में शामिल होना जरूरी नहीं। हर व्यक्ति को खुश रखना संभव नहीं। स्वस्थ मेंटल बाउंडरीज बनाना मानसिक शांति के लिए जरूरी है। *

(ब्रिटिश यूनिवर्सिटी, बहरीन में साइकोलॉजी की प्रोफेसर डॉ. कोमल चावला से बातचीत पर आधारित)

डॉक्टर्स एडवाइस



डॉ. नीरज संदूजा
डायरेक्टर-वियान आई एंड रेटिना सेंटर, गुरुग्राम

अगर आपको डायबिटिक रेटिनोपैथी की समस्या है तो इसके इलाज में लापरवाही बरतने या देरी करने से दृष्टि के कमजोर होने या फिर लॉस होने का रिस्क बढ़ जाता है। ऐसे में इस बारे में पूरी सावधानी बरतना जरूरी है।

आंखों के लिए हार्मफुल डायबिटिक रेटिनोपैथी



अच्च रक्त शर्करा (हाई ब्लड शुगर) का स्तर लंबे समय बाद आंखों की रेटिना को नुकसान पहुंचा सकता है। मधुमेह (डायबिटीज) के कारण रेटिना पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को डायबिटिक रेटिनोपैथी कहा जाता है। रेटिनोपैथी के कारण आंखों की रेटिना में रक्त वाहिकाओं (ब्लड वेसल्स) को नुकसान पहुंचता है। रेटिनोपैथी के लक्षण आमतौर पर दोनों आंखों को प्रभावित करते हैं।

सचेत होना है जरूरीः मधुमेह से संबंधित रेटिनोपैथी की शुरुआती स्थिति में लक्षण सामने नहीं भी आ सकते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह समस्या तब तक दृष्टि में बदलाव लाना शुरू नहीं करती, जब तक कि क्षति अधिक गंभीर या आपकी रेटिना में व्यापक रूप से न फैल जाए। इसके बावजूद कुछ लक्षणों के सामने आने पर सचेत होना बेहतर रहेगा। इनमें शामिल हैं- आंखों के आगे काले धब्बे, जाल या धागे जैसे निशान घूमना। किसी व्यक्ति या वस्तु को स्पष्ट रूप से देखने में दिक्कत या धुंधला दिखना। रात में देखने की क्षमता का कमजोर होना। रंगों का फीका या धुंधला दिखना। दृष्टि धीरे-धीरे क्षीण होना।



कभी साफ तो कभी अचानक बहुत धुंधला दिखना। देखने के दायरे में खाली या काले घेरे महसूस होना।

कराएं डाइलेटेड आई एग्जामः डायबिटीज से पीड़ित सभी लोगों को नेत्र रोग विशेषज्ञ से परामर्श लेकर आंखों की पूरी जांच, खासकर 'डाइलेटेड आई एग्जाम' (आंख की पुतली फैलाकर की जाने वाली जांच) करवाना चाहिए। 'डाइलेटेड आई एग्जाम' से लक्षण दिखने से पहले ही रेटिना में होने वाले बदलावों का पता लगाने में मदद मिलती है और मरीजों की आंखों में हुए शुरुआती नुकसान का पता लगाया जा सकता है। स्पष्ट है, ऐसी स्थिति में नेत्र विशेषज्ञ मरीज की आंखों की रोशनी पर दुष्प्रभाव पड़ने से पहले ही इलाज शुरू कर सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप आंखों की रोशनी बचाने में बहुत मदद मिल सकती है।

बचाव के तरीकेः डायबिटिक रेटिनोपैथी से बचाव भी संभव है। इसके लिए डायबिटिक पेशेंट्स को कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

कंट्रोल रखें ब्लड शुगरः शुगर को सामान्य रखना बीमारी को और अधिक बिगड़ने से रोकने का सबसे पहला उपाय है। अपने ब्लड शुगर और एचबीए1सी के स्तर को डॉक्टर की सलाह के मुताबिक सही सीमा में रखें।

नियमित जांचः साल में कम से कम एक बार नेत्र विशेषज्ञ से चेकअप कराएं और डायलेटड आई एग्जाम जांच कराएं।

नॉर्मल ब्लड प्रेशरः हाई बीपी और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखें क्योंकि ये आंखों की नसों को नुकसान पहुंचाते हैं।

स्वस्थ जीवनशैलीः रोजाना व्यायाम करें, वजन नियंत्रित रखें और पौष्टिक आहार लें। इस संदर्भ में अपने डॉक्टर या डाइटिशियन से परामर्श लेना बेहतर रहेगा।

धूम्रपान से दूरीः सिगरेट या तंबाकू का सेवन



पूरी तरह बंद कर दें, क्योंकि ये रक्त वाहिकाओं (ब्लड वेसल्स) पर तेजी से प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं।

दवाएं समय पर लेंः डॉक्टर द्वारा दी गई डायबिटीज की दवा या इंसुलिन का सेवन बिना चूके सही समय पर करें।

इलाज के तरीकेः डायबिटिक रेटिनोपैथी के ट्रीटमेंट के लिए कुछ तरीके उपलब्ध हैं।

इंट्राविट्रियल इंजेक्शनः आंख के पर्दे में अगर सूजन आ जाए तो इसको रोकने के लिए नेत्र विशेषज्ञ के परामर्श से एंटी-वीईजीएफ इंजेक्शन दिए जाते हैं।

लेजर उपचार (फोटोकोएगुलेशन): लेजर किरणों की मदद से लीक हो रही या कमजोर खून की नसों को सुखाया जाता है ताकि वे आंख में और अधिक नुकसान न पहुंचा सकें।

विट्रेक्टॅमीः जब आंख के अंदर बहुत अधिक खून भर जाए या पर्दा अपनी जगह से उखड़ने लगे (जिसे मेडिकल भाषा में रेटिनल डिटैचमेंट कहते हैं) तब इस प्रकार की सर्जरी की जाती है।

सही डाइट का करें सेवनः डायबिटिक रेटिनोपैथी के पेशेंट का खान-पान ऐसा होना चाहिए, जो ब्लड शुगर को नियंत्रित रखे, आंखों की नसों को मजबूत बनाए और सूजन कम करे। जैसे-

- हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक और ब्रोकली आदि को खानपान में शामिल करना लाभप्रद है। हरी पत्तेदार सब्जियों को अच्छी तरह धोकर ही इस्तेमाल करें।
- ओमेगा-3 से भरपूर चीजें जैसे अखरोट, अलसी के बीज, चिया सीड और फैटी फिश (जैसे सैल्मन या टूना) आंखों की रक्त वाहिकाओं को स्वस्थ रखने में लाभप्रद हैं। इनका सेवन करें।
- जौ, बाजरा, रागी, ओट्स और मल्टीग्रेन आटे की रोटी का सेवन करें, जो शुगर को तेजी से नहीं बढ़ने देते।
- जामुन, संतरा, अमरूद और पपीता का सेवन करें, क्योंकि इन फलों में एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन सी होते हैं।

क्या न खाएंः अगर आप डायबिटिक रेटिनोपैथी के पेशेंट हैं तो कुछ फूड्स का सेवन करने से बचें।

- मिठाइयां, कोल्ड ड्रिंक, पैकेट वाले फ्रूट जूस और शहद से दूर रहें।
- मैदा, सफेद ब्रेड, पास्ता और सफेद चावल खाने से बचें।
- चिप्स, जंक फूड्स और ज्यादा नमक वाले डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ ब्लड प्रेशर और शुगर दोनों बढ़ाते हैं। *

प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला



जैकेट के शेष

ट्रेन से पहुंची 500 किलो पनीर की ...

का मुंह ताकते रहे। बाद में नियमों के आधार पर राज्य शासन की खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने इस पनीर को सीज कर जांच के लिए सैंपल उठाया है। मिल्क पावडर और पॉम आयल से बनाए जाने वाले एनालॉग पनीर पर राज्य शासन ने पिछले दिनों प्रतिबंध लगाया था, जिसके बाद इसके चोरी-छिपे सप्लाई और बिक्री का दौर शुरू हो गया है। सोमवार को 100 किलो के बाद बुधवार को सुबह करीब 500 किलो पनीर पकड़ा गया। यह पनीर अमरकंटक एक्सप्रेस में भोपाल से भेजा गया था जिसे रायपुर में उतारा गया। करीब दस पेटियों में छोटे-छोटे पैकेट में मिल्क-सॉलिड नामक पनीर मौजूद था जिसके एनालॉग होने का संदेह है। माना जा रहा है कि इस पनीर को विभिन्न साधनों से छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ ओडिशा में खपाया जाना था। बताया जाता है कि करीब दस बजे ट्रेन से उतारे गए पार्सल को रोका गया मगर उस पर कार्रवाई के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा रेलवे के खाद्य सुरक्षा अधिकारी आपस में मुंह ताकते रहे। एफडीए टीम का तर्क था कि पनीर रेलवे स्टेशन में पकड़ा गया है इसलिए कार्रवाई रेलवे के एफएसओ को करनी चाहिए। रेलवे के अधिकारियों का तर्क था कि उनकी जिम्मेदारी रेलवे स्टेशन में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की होती है। इसलिए जब्ती और सैंपलिंग की कार्रवाई राज्य शासन की टीम को करनी चाहिए। इसी उधेड़बुन में करीब चार घंटे बीतने के बाद एफडीए की टीम ने पनीर को जब्त सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा है। पनीर का संबंध मध्यप्रदेश के किस व्यापारी से हैं और छत्तीसगढ़ किसके आर्डर पर पहुंचा था इस बारे में कुछ सुराग नहीं मिल पाया है।

छग में एआई मिशन पर खर्च होंगे 500 करोड़...

के इंडिया एआई मिशन के अनुरूप छत्तीसगढ़ को उत्तरदायी, नवाचार-आधारित और भविष्य उन्मुख डिजिटल राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बीईएमएल को सस्ती दर पर जमीनः मंत्रिपरिषद् ने छत्तीसगढ़ में हैवी अर्थ मूविंग इक्वीपमेंट मैन्युफैक्चरिंग संयंत्र की स्थापना के लिए भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड(बीईएमएल) को रियायती दर पर भूमि आवंटित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। बीईएमएल भारत सरकार का एक प्रतिष्ठित मिनीरत्न सार्वजनिक उपक्रम है। हैवी अर्थ मूविंग इक्वीपमेंट मैन्युफैक्चरिंग संयंत्र हेतु यह राज्य का पहला उद्योग होगा, जिसकी स्थापना से छत्तीसगढ़ को देश के औद्योगिक मानचित्र पर नई पहचान मिलेगी और राज्य में आधुनिक भारी मशीन निर्माण उद्योग की शुरुआत होगी।

लोक निर्माण में नया ...

गुणवत्ता की निगरानी जैसी सभी प्रक्रियाएं एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संचालित होंगी। सी-डैक पुणे द्वारा विकसित इस प्रणाली को पहले लोक निर्माण विभाग में लागू किया जाएगा, जिसके बाद अन्य निर्माण एवं अधोसंरचना विभागों में भी इसका विस्तार किया जाएगा। इससे निर्माण कार्यों में पारदर्शिता बढ़ेगी, भुगतान की प्रक्रिया तेज होगी, कार्यों की रियल-टाइम निगरानी संभव होगी और परियोजनाओं का क्रियान्वयन अधिक प्रभावी एवं जवाबदेह बनेगा।

अंजोर विजन के लिए अनुदान...

तथा छत्तीसगढ़ अंजोर विजन 2047 के अनुरूप प्राथमिकता आधारित परियोजनाओं की पाइपलाइन तैयार की जाएगी। इसके लिए परियोजना प्रबंधन इकाई की स्थापना की जाएगी। यह परियोजना पूर्णतः अनुदान आधारित होने से राज्य पर कोई अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ेगा तथा इससे संस्थागत क्षमता निर्माण, निवेश संवर्धन और सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति को गति मिलेगी।

हरिभूमि-आईएनएच का जिला ...

सिंह जूदेव, जिला भाजपा अध्यक्ष टीकेश्वर गबेल, पूर्व विधायक केशव चंद्रा, पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्णकांत चन्द्रा, सभापति जिला पंचायत आयुष शर्मा, जिला कांग्रेस के प्रवक्ता दिगंबर प्रसाद चौबे, कांग्रेस जिला अध्यक्ष रश्मि गबेल, नगर पालिका शक्ति के अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, पूर्व मंत्री नोबेल वर्मा, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, एसपी प्रफुल्ल ठाकुर, सीईओ वाशु जैन, डा.श्याम चंद्रा, मुकेश बंसल, मांगेराम अग्रवाल, कंवलधर साहू शामिल होंगे।

भालू के हमले में भाई-बहन ...

लोगों की मौत हुई है। ग्राम लारगांव मरकाटोला के बरपारा निवासी 42 वर्षीय हलालखोर जुर्री 5 अगस्त बुधवार सुबह बैल चराने के लिए गांव में खेत की ओर गए थे। इसी दौरान उस पर अचानक भालू ने हमला कर दिया। भाई की चीख-पुकार सुनकर उसकी बहन चमरीन बाई मौके पर पहुंची और उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन भालू ने उस पर भी हमला कर दिया। हमले में भाई और बहन दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही उनकी छोटी बहन खोरिन बाई भी सहायता के लिए पहुंची, जिस पर भी भालू ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवती को जिला अस्पताल कांकेर लाया गया, जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रायपुर रेफर किया गया है। घटना के बाद भालू शाम चार बजे तक दोनों शवों के पास ही बैठा रहा और शव को उठाने नहीं दिया, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना रहा। भालू के तेवर को देखते हुए रेस्क्यू के लिए रायपुर से टीम बुलाई गई। शाम करीब साढ़े चार बजे पहुंची रेस्क्यू टीम ने ट्रैंक्विलाइजर गन से भालू को बेहोश करके पकड़ लिया। इसके बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल कांकेर भेजा गया।

सिहारीनाला के बुर्जुग भी हुआ भालू का शिकारः दूसरी घटना नरहरपुर वन परिक्षेत्र के ग्राम सिहारीनाला में हुई। यहां देवबली राम धुवा बुधवार सुबह अपने खेत जाने के लिए निकले थे। घर और खेत के बीच स्थित जंगल में घात लगाए बैठे भालू ने उन पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दोपहर तक घर वापस नहीं लौटने पर उनका पुत्र उन्हें खोजने निकला, जहां रास्ते में उनका शव मिला। सूचना पर पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरहरपुर भेजा गया।

पश्चिम एशिया तनाव से नहीं ...

कारण महंगाई का दबाव व्यापक स्तर पर फैलने का जोखिम बना हुआ है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष और व्यापार तनावों के कारण बढ़ी वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की जीडीपी वृद्धि मजबूत बनी हुई है। घरेलू मांग में मजबूती, विनिर्माण और सेवा क्षेत्र की बेहतर गतिविधियों तथा मजबूत निर्यात से आर्थिक वृद्धि को समर्थन मिल रहा है। केंद्रीय बैंक का ब्याज दरों और मौद्रिक नीति के रुख पर अगला फैसला आर्थिक आंकड़ों पर निर्भर करेगा। आरबीआई आर्थिक परिदृश्य को लेकर सतर्क भी है। दक्षिण-पश्चिम मानसून, अल नीनो की स्थिति, वैश्विक घटनाक्रम और वैश्विक व्यापार नीतियों से जुड़े जोखिमों के कारण आर्थिक परिदृश्य अनिश्चित बना हुआ है। मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि केंद्रीय बैंक का मुख्य लक्ष्य मध्यम अवधि में खुदरा महंगाई को चार प्रतिशत के निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप लाना है। आरबीआई गवर्नर की अध्यक्षता वाली छह-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने आम सहमति से नीतिगत रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर यथावत रखने का फैसला किया। इसके साथ ही आरबीआई ने ईरान युद्ध के कारण ऊर्जा की बढ़ी लागत के साथ भविष्य में महंगाई के रुख को लेकर अधिक स्पष्टता को लेकर इंतजार करने का विकल्प चुना।

सेना प्रमुख का बड़ा संदेश- 24 घंटे तैयार रहना होगा

भविष्य के युद्ध को लेकर किया अलर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



थल सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने मौजूदा सुरक्षा हालात और भविष्य के युद्धों के लिए सेना की तैयारियों का जायजा लिया है। इसके लिए उन्होंने लखनऊ स्थित मध्य कमान के मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरान सेना प्रमुख को मेक इन इंडिया के तहत बने आधुनिक हथियारों और सैन्य उपकरणों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने उन्हें इलाके की सुरक्षा स्थिति, नए बुनियादी ढांचे के विकास और आधुनिकीकरण के प्रयासों से अवगत कराया। मध्य कमान के जवानों से मुलाकात के बाद उन्होंने नॉर्थ इंडिया के मुख्यालय का भी दौरा किया और वहां तैनात अधिकारियों व सैनिकों के साथ सीधा संवाद किया। सैनिकों को संबोधित करते हुए सेना प्रमुख ने कहा कि किसी भी सेना की मजबूती उसकी तैयारी, लचीलापन और आत्मनिर्भरता पर टिकी होती है। उन्होंने सभी रैंकों के अधिकारियों और जवानों से आह्वान किया कि वे हर समय मुस्तैद रहें. उन्होंने कहा कि सीमा पर उभरती नई सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए सैनिकों का सतर्क और तकनीक के साथ भविष्य के लिए तैयार रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने जवानों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि देश की सुरक्षा में किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरती जा सकती और हमें हर परिस्थिति के लिए 24 घंटे तैयार रहना होगा।

भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयारीः दौरे के बाद अपने बयान में सेना प्रमुख ने कहा कि इस यात्रा ने भारतीय सेना की उच्च स्तर की तैयारी को दर्शाया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारतीय सेना लगातार खुद को तकनीकी रूप से सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने पर ध्यान दे रही है। देश में बने स्वदेशी हथियारों के इस्तेमाल से सेना की ताकत कई गुना बढ़ गई है।

तेल और तेल की धार, अब ई-20 को बनाया सियासी आधार

जयराम के आरोप आमजनों से छीना विकल्प, व्यापारियों को पहुंचाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने ई 20 (20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित) पेट्रोल को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए एक विस्तृत पोस्ट में उन्होंने आरोप लगाया कि मार्च 2025 से देश के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर व्यावहारिक रूप से केवल ई20 पेट्रोल ही उपलब्ध कराया जा रहा है और आम उपभोक्ताओं के सामने अब सामान्य पेट्रोल का विकल्प लगभग समाप्त हो गया है।

जयराम रमेश ने दावा किया कि एथेनॉल मिश्रित ईंधन के कारण वाहन कम माइलेज दे रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। उन्होंने एक स्वतंत्र विश्लेषण का हवाला देते हुए कहा कि अप्रैल 2023 से मार्च 2026 के बीच भारतीय वाहन चालकों ने कम माइलेज की भरपाई के लिए सामूहिक रूप से लगभग 88 हजार 234 करोड़ रुपये अतिरिक्त खर्च किए। हालांकि इस दावे की सरकार ने आधिकारिक पुष्टि नहीं की है और इस पर अलग-अलग मत सामने आए हैं।

कांग्रेस नेता ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री के उस पुराने बयान का भी उल्लेख किया, जिसमें एथेनॉल आधारित ईंधन को पेट्रोल और डीजल का सस्ता विकल्प बताया गया था।

पेज एक के शेष

29 वर्ष पश्चात रक्षा पर्व ...

मनाया जाएगा। इस बार रक्षाबंधन में अतिगंड योग और सौम्य योग बन रहा है। इसके अलावा इस दिन संस्कृत दिवस भी मनाए जाने की परंपरा है।

डीईओ कार्यालय पहुंची ...

के नेतृत्व में जांच दल मंगलवार को रामानुजगंज स्थित डीईओ कार्यालय पहुंचा। टीम को कार्यालय के भंडार गृह का भौतिक सत्यापन करना था, लेकिन भंडार प्रभारी लिपिक के अवकाश पर होने का हवाला देकर सत्यापन नहीं कराया गया। अधिकारियों का कहना है कि अवकाश की स्थिति में किसी अन्य कर्मचारी को प्रभार दिया जाना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। डीईओ से सहयोग मांगा गया, पर जांच आगे नहीं बढ़ सकी और टीम को बिना सत्यापन के लौटना पड़ा।

शराब दुकान से अवैध बिक्री...

देशी शराब दुकान पर कार्रवाई करने का है।

धमतरी में शराब जब्ती से खुली परतें : विभागीय आदेशों के अनुसार 25 जुलाई 2026 को धमतरी जिले के अर्जुनी थाना क्षेत्र में पुलिस ने 53 पेटी देशी और विदेशी शराब जब्त की थी। इसके बाद आबकारी विभाग ने शराब की बोतलों पर लगे होलोग्राम और अन्य अभिलेखों की जांच की। जांच में यह पाया गया कि जब्त शराब बलौदाबाजार जिले के लटुवा स्थित सरकारी देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान से निकली थी।

जांच में संबंधित दुकान से निर्धारित सीमा से अधिक थोक बिक्री किए जाने का मामला सामने आया। आदेश में कहा गया है कि दुकान की निगरानी और नियंत्रण में गंभीर शिथिलता रही, जिसके कारण शराब का अवैध परिवहन और उपयोग संभव हुआ।

दुकान से अवैध शराब बेचने...

से अधिक मात्रा में शराब की बिक्री किए जाने और निगरानी में गंभीर लापरवाही के आरोप पाए गए। इस मामले में एक उपनिरीक्षक को सस्पेंड किया गया है, इसके साथ ही सहायक जिला आबकारी अधिकारी पर कार्रवाई की अनुशंसा की गई है।एक अन्य मामले में बलौदाबाजार जिले आबकारी उप निरीक्षक पी माधव राव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

दो उप निरीक्षक...

उड़नदस्ता, दुर्ग रहेगा। एक अन्य मामले में बलौदा बाजार जिले के आबकारी उप निरीक्षक पी. माधव राव को निलंबित किया गया है। मामला ये है कि स्थानीय जन प्रतिनिधि ने रोहांसी की विदेशी शराब दुकान में अधिक दर पर शराब की बिक्री की शिकायत की थी। इसकी जांच राव को सौंपी गई थी। उन्होंने विदेशी की जगह देशी शराब दुकान में अधिक कीमत पर शराब बिक्री का प्रकरण कायम किया और कार्रवाई कर दी। आरोप है कि उन्होंने मूल शिकायत को नजर अंदाज किया। इस कार्रवाई को लेकर जनप्रतिनिधियों की ओर से असंतोष जाहिर किया गया था। इसके बाद जब ये अधिकारी देशी कंपोजिट मदिरा दुकान में जांच करने गए तो वहां सीसीटीवी कैमार की रिकॉर्डिंग में गड़बड़ी पाई गई। लेकिन माधव राव ने सीसीटीवी में सुधार करने के संबंध में सूचित नहीं किया।

पीएससी में गड़बड़ी, पूर्व आईएएस...

अनुसार, वर्ष 2020 से 2022 के बीच जब सीजीपीएससी की राज्य सेवा परीक्षा आयोजित की जा रही थी, तब जीवन किशोर ध्रुव आयोग के सचिव पद पर पदस्थ थे। आरोप है कि पद की गोपनीयता बनाए रखने की संवैधानिक जिम्मेदारी होने के बावजूद उन्होंने मुख्य परीक्षा के गोपनीय प्रश्नपत्र अपने बेटे सुमित ध्रुव को उपलब्ध कराए।

सरकार ने 456 पत्रकारों को की वित्तीय सहायता प्रदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने पत्रकार कल्याण योजना (जेडब्ल्यूएस) लागू की है, जिसके तहत मृत्यु, स्थायी विकलांगता, गंभीर बीमारियों और दुर्घटना से संबंधित अवस्थाओं में अस्पताल में भर्ती होने के कारण उत्पन्न होने वाली अत्यधिक कठिनाई की स्थिति में पत्रकारों और मीडिया कर्मियों या उनके परिवारों को तत्काल आधार पर एकमुश्त अनुग्रह सहायता प्रदान की जाती है। प्रेस सूचना ब्यूरो- पीआईबी और राज्य तथा केंद्र शासित प्रदेश सरकारों से मान्यता प्राप्त पत्रकारों के साथ-साथ गैर-मान्यता प्राप्त पत्रकार भी इस योजना के अंतर्गत शामिल हैं। केंद्रीय सूचना और प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने संसद में दामोदर अग्रवाल द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी । जेडब्ल्यूएस योजना के तहत, सरकार ने 2014-15 से 2025-26 तक 456 पत्रकारों और मीडिया कर्मियों या उनके परिवारों को 19.41 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की है।

// आम सूचना //

(वाके मौजा सुन्दरकेरा प.ह.नं. 37 रा.नि.म. नवापारा, तह. गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.) ख.नं. 1224/1, 1224/3, 1227 एवं खसरा नं. 1224/2, 1224/4, 1229/4, 1229/3 भूमि के संबंध में)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, मेरे पक्षकार क्रेता अमित शर्मा वगैराह के द्वारा विक्रेतागण सेवकराम साहू पिता श्री भगवानीदास साहू वगैराह एवं अश्विनी कुमार साहू पिता श्री सहदेव साहू दोनों निवासी ग्राम सुन्दरकेरा तह. गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. के हक एवं संयुक्त स्वामित्व की भूमि जो कि मौजा सुन्दरकेरा प.ह.नं. 37 रा.नि.म. नवापारा, तह. गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. ख.नं. 1224/1, रकबा 0.1600हे., ख.न. 1224/3, रकबा 0.5600 हे., ख.न. 1227 रकबा 0.2800 हेक्टेयर एवं ख.नं. 1224/2 रकबा 0.15 हे., ख.न. 1224/4, रकबा 0.18 हे., ख.न. 1229/4, रकबा 0.24 हे., ख.न. 1229/3, रकबा 0.12 हेक्टेयर भूमि को क्रय करने का लिखित इकरारकर बयाना स्वरूप अग्रिम राशि का भुगतान कर दिया गया है, शेष रजिस्ट्री कराये जाना बाकी है, मेरे पक्षकार को विश्वस्नीय सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुआ है, कि विक्रेतागण के द्वारा उक्त भूमि के इकरारनामा के अस्तित्व में रहते हुए किसी अन्य व्यक्ति या संस्था को विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है, यदि कोई भी व्यक्ति या संस्था उक्त संपत्ति के संबंध में लेन-देन या इकरारनामा सौदा करने का प्रयास करता है तो वह अवैधानिक व विधि-विरुद्ध होगा।

अतः उक्त सौदाकृत भूमि के संबंध में कोई भी व्यक्ति संस्था निकाय बैंक शासकीय निकाय, अर्धशासकीय निकाय, कंपनी साहूकार आदि के द्वारा उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार से संक्षार किया जाता है तो उक्त किये गये संव्यवहार अवैध व विधि विरुद्ध होगा। जिससे होने वाले नुकसान के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे जो कि मेरे पक्षकार पर बंधकारी नहीं होंगे व मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त भूमि के स्वामीगण व संव्यवहार करने वाले व्यक्ति/ संस्था के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करने को बाध्य होगा इसलिए आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त खसरों के भूमि के संबंध में कोई संव्यवहार / क्रय / सौदा / इकरार ना करें। सो सूचना जानें।

रायपुर (छ.ग.) भवदीय
दिनांक- 05/08/2026 पुष्पेन्द्र परिहार
रामदेव साहू, बरखा सिंह (अधिवक्तागण)
लाल गंगा शापिंग माल शॉप नं. 156
जी.ई.रोड़ लालगंगा रायपुर (छ.ग.)
मो.नं.-8770035426

पावरग्रिड POWERGRID

सूचना

1. विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 62 तथा धारा 79(1)(डी) के साथ पठित, केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (कार्य संचालन) विनियम, 2023 के विनियम 15(1)(ए) एवं विनियम 23 तथा केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (टैरिफ के नियम एवं शर्तें) विनियम, 2019 एवं केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (टैरिफ के नियम एवं शर्तें) विनियम, 2024 के अंतर्गत, पश्चिमी क्षेत्र में **याचिका–1:** एसेट–1: लाइन रिएक्टर और उससे जुड़ी लाइन बे के साथ 400 केवी भचाऊ सब–स्टेशन का विस्तार और एसेट–2: **"एस्सार पावर गुजरात लिमिटेड की कनेक्टिविटी के लिए ट्रांसमिशन सिस्टम"** के तहत एस्सार गुजरात टीपीएस–भचाऊ 400 केवी डी/सी (ट्रिपल) लाइन और **याचिका–2:** एसेट–1: **"भाटापारा (पीजी) में 1x500 एमवीए, 400/220 केवी आईसीटी (तृतीय) की क्षमता वृद्धि"** परियोजना के अंतर्गत पावरग्रिड भाटापारा उपकेंद्र पर संबद्ध 400 केवी एवं 220 केवी बे सहित 01x500 एमवीए, 400/220 केवी तृतीय आईसीटी के लिए वर्ष 2019–24 की ट्रूइंग–अप ट्रांसमिशन टैरिफ तथा वर्ष 2024–29 के टैरिफ ब्लॉक हेतु ट्रांसमिशन टैरिफ के निर्धारण के संबंध में याचिकाएं।
2. ऊपर बताए गए ट्रांसमिशन सिस्टम के लाभार्थी एमपीपीएमसीएल, एमएराइडीसीएल, जीयूबीएनएल, इडी गोवा, डीएनएचडीडीपीसीएल, सीएसपीडीसीएल और सीटीयूआईएल हैं; इसके अलावा, जेकेटीएल, डब्लूआरएसएस एक्सएक्सआई (A) टीएल और इपीजीएल सिर्फ याचिका–1 में लाभार्थी हैं।
3. टैरिफ विवरण:

क. 2019–24 ब्लॉक (₹ लाख में)

याचिका सं.	संपत्ति सं.	डीओसीओ/ईसीओडी	31.03.2024 तक पूरा होने की लागत		2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
याचिका -1	1	09.08.2021	2751.14	ट्रूइंग-अप के आधार पर संशोधित एएफसी	-	-	306.15	482.11	514.17
	2	02.06.2022	90244.04		-	-	-	12659.09	15118.29
याचिका -2	1	11.10.2023	2904.40		-	-	-	-	354.15

ख. 2024–29 ब्लॉक (₹ लाख में)

याचिका सं.	संपत्ति सं.	31.03.2029 तक पूरा होने की लागत		2024-25	2025-26	2026-27	2027-28	2028-29
याचिका -1	संयुक्त	92995.18	एएफसी	15205.49	14781.47	14375.43	13981.83	13609.04
याचिका -2	1	3427.83		675.36	715.84	744.72	740.76	738.06

4. टैरिफ तय करने के लिए किए गए आवेदन की एक कॉपी आवेदक की वेबसाइट **www.powergrid.in.** पर उपलब्ध है।
5. आवेदन में दिए गए टैरिफ तय करने के प्रस्तावों पर कोई भी व्यक्ति (जिसमें लाभार्थी भी शामिल है) अपने सुझाव और आपत्तियां सचिव, सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन, 6वीं, 7वीं और 8वीं मंजिल, टॉवर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली–110029 (या उस पते पर जहां कमीशन का कार्यालय स्थित है) के पास जमा कर सकता है। साथ ही, इसकी एक कॉपी आवेदक के कॉर्पोरेट कार्यालय के पते पर भी भेजनी होगी। यह सब इस सूचना के प्रकाशित होने के 30 दिनों के भीतर किया जाना चाहिए।

स्थान: गुरुग्राम हस्ता./–
तिथि: 06.08.2026 वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (वाणिज्यिक)

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजीकृत कार्यालय: बी–9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली–110016
कॉर्पोरेट कार्यालय: "सौदामिनी", प्लॉट नं.–2, सेक्टर–29, गुरुग्राम–122001 (हरियाणा)
फोन: 0124-2571700-719, वेबसाइट: www.powergrid.in, सीआईएन: L40101DL1989GOI038121
एक महारत्न पीएसयू

PG / CC / Notice-50 / Advt-54/26-27 Pamm

homefirst We'll take you home

Home First Finance Company India Limited
CIN: L65990MH2010PLC240703, Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

धारा 13 (2) के तहत मांग सूचना

आप, निम्नलिखित ऋणधारक, ने अनुसूची में उल्लिखित संपत्ति को गिरवी रखकर ऋण लिया है और आप ही ने ऋण समझौते के लिए ऋणधारक/सह–ऋणधारक/जमानतदार के रूप में कार्य किया है। आपके द्वारा किए गए चूक के परिणामस्वरूप, प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों का पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (संक्षेप में सरफेसी अधिनियम) के प्रावधानों के तहत **03-08-2026** को आपके ऋण खाते को गैर–निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हम, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड, ने सरफेसी अधिनियम की धारा 13(2) के साथ धारा 13(13) के तहत आपके द्वारा दिए गए पते पर मांग नोटिस जारी किया है। उक्त नोटिस **03-08-2026** को जारी किए गए हैं और इनमें कहा गया है कि आपने आपको स्वीकृत विभिन्न ऋणों के भुगतान में चूक की है। अतः, वर्तमान प्रकाशन एसएआरएफईईएसआई अधिनियम की धारा 13 (2) के प्रावधान के अनुसार और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के प्रावधान के अनुसार नोटिस देने के लिए किया गया है:

क्र. सं.	खाता, ऋणधारक(ओं) व जमानतदार(ओं) का नाम और पता	लागू की जाने वाली सुरक्षा का विवरण	मांग नोटिस की तिथि तक कुल बकाया राशि, ब्याज और अन्य व्यय सहित (रुपये में)
1.	उमाशंकर सिंह, पूनम देवी सिंह	फ्लैट/संपत्ति/ज़मीन - खसरा नंबर 271/40 का भाग, क्षेत्रफल 1150 वर्ग फ़ीट, मौजा अछौली, रानीलक्ष्मी बाई वार्ड, वार्ड नंबर 07, प.ह.नं. 100/28, आर.आई.सी. रायपुर-21-रावाभांटा, तहसील धरसींवा, ज़िला रायपुर (छ.ग.), रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 में स्थित। चौहद्दी: पूर्व-कला देवी की भूमि, पश्चिम-सड़क, उत्तर-त्रिवेणी पधियार की भूमि, दक्षिण-सड़क	8,66,973
2.	उत्कर्ष शुक्ला, मंजू शुक्ला	मकान- खसरा नंबर 326/17, क्षेत्रफल 900 वर्ग फ़ीट, मौजा भाठागांव, डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, वार्ड नंबर 63, प.ह.नं.60, आर.आई.सी.रायपुर-13, तहसील व ज़िला रायपुर (छ.ग.), रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 में स्थित। चौहद्दी: पूर्व-सड़क, पश्चिम-विक्रेता की भूमि, उत्तर-राहुल साहू का प्लॉट, दक्षिण-विक्रेता की भूमि।	34,44,781
3.	विनोद दीप, बिमला दीप	मकान- प.ह.नं. 23, खसरा नंबर 60/1, संपत्ति वाली भूमि खसरा नंबर 60/123 का भाग, क्षेत्रफल-1375 वर्ग फ़ीट, मौजा- परसुलीडीह, प.ह. नंबर -23, आर.आई.सी. रायपुर-16-सरागांव, तहसील धरसींवा, ज़िला रायपुर (छ.ग.), रायपुर, छत्तीसगढ़-492015 में स्थित संपत्ति। चौहद्दी: पूर्व-विक्रेता की भूमि, पश्चिम-सड़क, उत्तर-बाउंड्री वॉल, दक्षिण-विक्रेता की भूमि।	13,26,025

आपको इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को ब्याज और लागत सहित उपर्युक्त राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड उक्त अधिनियम के प्रावधानों के तहत उधारकर्ताओं, बंधककर्ताओं और गारंटरों की सभी या किसी एक या अधिक सुरक्षित संपत्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करेगी, जिसमें उनकी सुरक्षित संपत्तियों पर कब्जा करना भी शामिल है। उक्त अधिनियम के तहत होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को प्राप्त शक्तियों में शामिल हैं: (1) ऋणधारकों/जमानतदारों की सुरक्षित संपत्तियों पर कब्जा करने की शक्ति, जिसमें सुरक्षित संपत्तियों को मुक्त करने के लिए पट्टे, आवंटन या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण का अधिकार शामिल है; (2) सुरक्षित संपत्तियों का प्रबंधन अपने हाथ में लेना, जिसमें पट्टे, आवंटन या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण का अधिकार शामिल है, और सुरक्षित संपत्तियों को वसूल करना; और होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड द्वारा सुरक्षित संपत्तियों का कोई भी हस्तांतरण, हस्तांतरित सुरक्षित संपत्तियों के सभी अधिकारों और संबंधों में उसी प्रकार निहित होगा जैसे कि हस्तांतरण आपके द्वारा किया गया हो।

उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के प्रावधानों के अनुसार, आपको होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड की पूर्व सहमति के बिना, ऊपर उल्लिखित और होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के पास गिरवी रखी गई किसी भी सुरक्षित संपत्ति को बिक्री, पट्टे या अन्य किसी भी तरीके से (आपके व्यवसाय के सामान्य संचालन के अलावा) हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

स्थान: रायपुर,
दिनांक: 06-08-2026
हस्ताक्षरकर्ता: अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

न्यायालय तहसीलदार बेमेतरा, तहसील व जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

क्र. /1255/प्र.1/तह./2026 **// ईश्तहार //** रा.प्र.क्र..... वर्ष 2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता निवासी ग्राम बेमेतरा प.ह.नं. 22 तहसील व जिला बेमेतरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुख्य पोस्ट मास्टर जनरील छत्तीसगढ़ का अर्धशासकीय पत्र क्रमांक/बी/9-4/बुक ऑफ इनफार्मेशन /2025-26 खण्ड-वी/66 रायपुर दिनांक 08.05.2026 द्वारा ग्राम बेमेतरा तहसील व जिला बेमेतरा स्थित भूमि खसरा नं 1199 रकबा 0.093 हे. भूमि को प्रवर अधीक्षक डाकघर दुर्ग संभाग भारतीय डाक विभाग के नाम पर आबंटन किये जाने पत्र कलेक्टर महोदय बेमेतरा जिला बेमेतरा की ओर प्रस्तुत किया है, जो जांच प्रतिवेदन हेतु अनुविभागीय अधिकारी रा. बेमेतरा जिला बेमेतरा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ।

अतः उक्त आवेदित भूमि को आबंटन किये जाने मे यदि किसी व्यक्ति / संस्था / विभाग को दावा/आपत्ति हो तो वे नियत पेशी तारीख दिनांक-17/08/26 तक इस न्यायालय मे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित

खबर संक्षेप

एनबीसीसी को मिला 780 करोड़ रुपए का बड़ा ऑर्डर

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनबीसीसी लिमिटेड को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से आंध्र प्रदेश में कार्यालय परिसर और अधिकारियों एवं कर्मचारियों के आवासीय परिसर के निर्माण के लिए 780.38 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। आरबीआई से 780.38 करोड़ रुपये का एक ऑर्डर मिला है।

मणिपाल हेल्थ का शेयर 11 फीसदी बढ़त के साथ सूचीबद्ध



नई दिल्ली। मणिपाल हेल्थ एंटरप्राइजेज का शेयर अपने निर्गम मूल्य 590 रुपये के मुकाबले 11 प्रतिशत की बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर 11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 655 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 11.86 प्रतिशत चढ़कर 660 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर इसने 10.50 प्रतिशत की बढ़त के साथ 652 रुपये पर शुरुआत की।

रुपया 13 पैसे मजबूत होकर 95.15 प्रति डॉलर पर



मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पश्चिम एशिया संकट के बीच लगातार चौथी बार नीतिगत रेपो दर को यथावत रखने के फैसले के बाद रुपया बुधवार को 13 पैसे मजबूत होकर 95.15 प्रति डॉलर पर रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में रातभर आई गिरावट और अमेरिकी डॉलर की कमजोरी से निवेशकों की धारणा को समर्थन मिला।

इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग 2030 तक चार करोड़ नौकरियां करेगा पैदा : रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है और आने वाले कुछ सालों में यह देश में रोजगार का बड़ा जरिया बन सकता है।

- टैलेंट कंपनी एडेको इंडिया ने जारी की रिपोर्ट

टैलेंट कंपनी एडेको इंडिया की एक नई रिपोर्ट के मुताबिक, 2030 तक ईवी इंडस्ट्री में 3 करोड़ से 4 करोड़ नई नौकरियां पैदा हो सकती हैं। इसके साथ ही हर साल भर्ती में 15 से 20 फीसदी की बढ़ोतरी होने का अनुमान है। रिपोर्ट के अनुसार, अब इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल सिर्फ कारों तक सीमित नहीं है। दोपहिया, कमर्शियल वाहन, बसें और पब्लिक ट्रांसपोर्ट में भी ईवी की मांग तेजी से बढ़ रही है। इसी वजह से यह सेक्टर अब सिर्फ गाड़ियां बनाने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि बैटरी, चार्जिंग, रिसाइक्लिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और ऊर्जा से जुड़ा एक बड़ा उद्योग बनता जा रहा है।

हर साल भर्ती में 15 से 20 प्रतिशत बढ़ोतरी होने का अनुमान

युवाओं को मिलेगी स्थाई नौकरियां

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि शुरुआत में 40 से 50 फीसदी नौकरियां कॉन्ट्रैक्ट या फ्लेक्सी स्टाफिंग के रूप में मिल सकती हैं, जो बाद में स्थायी नौकरी में बदल सकती हैं। बैटरी रिसाइक्लिंग भी तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र बन गया है। वित्त वर्ष 2022 से 2026 के बीच इस बाजार में 55 फीसदी की सालाना औसत ग्रोथ दर्ज की गई है। वहीं, ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े क्षेत्रों में अगले 10 वर्षों के दौरान 45 फीसदी तक नई प्रतिभाओं की मांग बढ़ने का अनुमान है। रिपोर्ट का कहना है कि 'मेक इन इंडिया' अभियान के साथ ईवी सेक्टर का विस्तार भारत की कच्चे तेल पर निर्भरता कम करेगा, ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाएगा और 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करने में भी मदद करेगा।



लोगों को मिलेगी डायरेक्ट जॉब

2030 तक बनने वाली कुल नौकरियों में 10 से 15 फीसदी युवाओं को सीधा फायदा मिलेगा, जबकि 85 से 90 फीसदी अप्रत्यक्ष रूप से ईवी सेक्टर से जुड़ेंगे। यानी सप्लाई चेन, सर्विस, चार्जिंग स्टेशन, बैटरी निर्माण, लॉजिस्टिक्स और दूसरे जुड़े क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में रोजगार पैदा होंगे। रिपोर्ट 100 से ज्यादा कंपनियों से मिली जानकारी के आधार पर तैयार की गई है। इसमें बताया गया है कि आने वाले समय में सिर्फ फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारियों की ही नहीं, बल्कि इंजीनियरिंग, बैटरी टेक्नोलॉजी, एनर्जी सिस्टम, सेमीकंडक्टर, मोटर डिजाइन और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों के विशेषज्ञों की मांग भी तेजी से बढ़ेगी।

वैश्विक पैसेंजर ईवी बाजार में भारत की हिस्सेदारी चार फीसदी

एडेको इंडिया के निदेशक दीपेश गुप्ता ने कहा कि भारत अभी पैसेंजर ईवी बाजार में दुनिया का करीब 4 फीसदी हिस्सा रखता है, जबकि इलेक्ट्रिक दोपहिया बाजार में उसकी हिस्सेदारी 17 फीसदी है। उनका कहना है कि अगर भारत अपनी मैन्युफैक्चरिंग और कुशल कर्मचारियों की संख्या बढ़ाता है, तो वह वैश्विक ईवी सप्लाई चेन में और बड़ी भूमिका निभा सकता है। उन्होंने बताया कि कई राज्य अब नई ईवी नीतियों को लागू कर रहे हैं।

कारोबारी गतिविधियां पिछले 53 महीनों में सबसे धीमी गति से बढ़ीं

सेवा क्षेत्र की वृद्धि जुलाई में साढ़े चार साल के निचले स्तर पर, नए ऑर्डर की रफ्तार सुस्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि जुलाई में घटकर करीब साढ़े चार साल के निचले स्तर पर आ गई। घरेलू और निर्यात, दोनों बाजारों में नए कारोबार के ऑर्डर धीमे पड़ने, कड़ी प्रतिस्पर्धा और मांग कमजोर होने के कारण कारोबारी गतिविधियों की रफ्तार सुस्त रही। एक मासिक सर्वेक्षण में बुधवार को यह जानकारी दी गई।

एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई (क्रय प्रबंधक सूचकांक) के अनुसार, कारोबारी गतिविधियां पिछले 53 महीनों में सबसे धीमी गति से बढ़ीं। मांग कमजोर रहने और प्रतिस्पर्धी दबाव के बीच नए कारोबार में केवल मध्यम वृद्धि दर्ज की गई।

- घरेलू और निर्यात, दोनों बाजारों में नए कारोबार काफी धीमे रहे
- नए कारोबार में केवल मध्यम वृद्धि दर्ज की गई
- सूचकांक जून के 57 .4 से घटकर जुलाई में 53 .3 पर आ गया



सेवा क्षेत्र में उत्पादन का विस्तार जारी

मौसम संबंधी उतार-चढ़ाव के आधार पर समायोजित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जून के 57.4 से घटकर जुलाई में 53.3 पर आ गया। यह करीब साढ़े चार साल में वृद्धि की सबसे धीमी दर है। हालांकि, सूचकांक 50 के तटस्थ स्तर से ऊपर बना रहा, जिससे यह संकेत मिलता है कि सेवा क्षेत्र में उत्पादन का विस्तार लगातार जारी है।

कर्मचारियों की संख्या में कोई बदलाव नहीं

केवल छह प्रतिशत कंपनियों ने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की जानकारी दी, जबकि 92 प्रतिशत कंपनियों ने कहा कि उनके कर्मचारियों की संख्या में कोई बदलाव नहीं हुआ। भंडारी ने कहा कि नियुक्तियों में मध्यम सुधार हुआ, जबकि लागत दबाव कम होने और कंपनियों द्वारा बिक्री मूल्य बढ़ाने से लाभ मार्जिन में भी सुधार आया।

परिवहन लागत बढ़ने से सेवा क्षेत्र में दबाव

सर्वेक्षण के अनुसार, जुलाई में ईंधन, श्रम, कच्चे माल, प्रौद्योगिकी और परिवहन लागत बढ़ने से सेवा क्षेत्र में लागत का दबाव बना रहा। हालांकि, निर्यात से मिलने वाले नए कारोबार ने सकारात्मक रुख बनाए रखा। कंपनियों ने संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन और अमेरिका से कारोबार बढ़ने की जानकारी दी। सेवा क्षेत्र की कंपनियों ने कर्मचारियों की संख्या में भी वृद्धि जारी रखी।

नए कारोबार में वृद्धि फरवरी 2022 के बाद सबसे धीमी

एचएसबीसी की भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, /"भारत का सेवा क्षेत्र जुलाई में भी बढ़ा, लेकिन इसकी रफ्तार कुछ धीमी रही। कई महीनों के मजबूत प्रदर्शन के बाद घरेलू और निर्यात, दोनों बाजारों में नए कारोबार की वृद्धि कमजोर पड़ी। सर्वेक्षण के अनुसार, नए कारोबार में वृद्धि फरवरी, 2022 के बाद सबसे धीमी रही।

ऑर्डर टाले जाने से वृद्धि प्रभावित

सर्वेक्षण में शामिल कंपनियों ने बताया कि कड़ी प्रतिस्पर्धा, मांग में कमी, बाजार की कमजोर परिस्थितियों और ऑर्डर टाले जाने से वृद्धि प्रभावित हुई। जुलाई में नियुक्तियों की रफ्तार में कुछ सुधार हुआ। हालांकि, यह सुधार सीमित रहा।

कारोबारी विश्वास घटकर सात महीने के निचले स्तर पर

सर्वेक्षण के अनुसार, बेहतर मांग और बाजार परिस्थितियों की उम्मीद, प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण की रणनीति तथा विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ने की संभावना से कंपनियों का कारोबारी भरोसा बना रहा। हालांकि, समग्र कारोबारी विश्वास जुलाई में घटकर सात महीने के निचले स्तर पर आ गया।

विनिर्माण क्षेत्र में मामूली तेजी आई

इस बीच, एचएसबीसी इंडिया कंपोजिट पीएमआई उत्पादन सूचकांक जून के 57.1 से घटकर जुलाई में 54.3 पर आ गया। यह मार्च, 2022 के बाद विस्तार की सबसे धीमी रफ्तार को दर्शाता है। सर्वेक्षण के अनुसार, सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में उल्लेखनीय सुस्ती रही, जबकि विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन की वृद्धि में मामूली तेजी आई।

सियाम ने ई20 ईंधन से वाहनों को दिक्कत संबंधित पत्र वापस लिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाहन विनिर्माताओं के संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को भेजा वह पत्र वापस ले लिया है, जिसमें ई20 ईंधन (20 प्रतिशत एथनॉल युक्त पेट्रोल) से होने वाले नुकसान और उससे वाहनों में आने वाली दिक्कतों पर चिंता जताई गई थी।

संगठन ने कहा है कि इस मामले में अभी और अधिक आंकड़े जुटाए जाने की आवश्यकता है। सियाम ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि संबंधित पत्र विभिन्न हितधारकों के बीच नियमित रूप से होने वाली तकनीकी चर्चाओं का हिस्सा था। इनमें उद्योग संगठन, पेट्रोलियम विपणन कंपनियां (ओएमसी), वाहन विनिर्माता कंपनियां (ओईएम) तथा परीक्षण एजेंसियां शामिल हैं। संगठन ने कहा, ''पत्र में उद्धृत कुछ आंकड़ों के सत्यापन के लिए देश के विभिन्न क्षेत्रों से विस्तृत आंकड़े एकत्र करने और हमारी सदस्य वाहन विनिर्माता कंपनियों के साथ व्यापक विचार-विमर्श की आवश्यकता है। उसने कहा कि मीडिया में प्रकाशित संबंधित आंकड़ों का भी इसी प्रकार सत्यापन किया जाना जरूरी है। इसलिए सियाम अपना पहले भेजा गया पत्र वापस ले रहा है।



इंजन के पुर्जों में जंग लगने की बात कही

मीडिया की खबरों के अनुसार, अब वापस लिए जा चुके पत्र में सियाम ने कहा था कि जांच में पाया गया कि ई20 ईंधन से संबंधित समस्या वाले वाहनों में इस्तेमाल किए गए ईंधन में क्लोराइड की अधिक मात्रा के कारण इंजन के पुर्जों में जंग और घिसाव हुआ। पत्र में इंजन के पुर्जों पर क्लोराइड के अत्यधिक नुकसानदेह प्रभाव का भी उल्लेख किया गया था।

बिजनेस साइट

मैसूर दीप ने किया ब्लंट ब्लैक परफ्यूम लांच



इंदौर। देश की तीन अग्रणी अगरबत्ती निर्माता कंपनियों में से एक तथा ख्यात जेड ब्लैक ब्रांड की निर्माता कंपनी, मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस (एमडीपीएच) ने पर्सनल फ्रेग्रेन्स कैटेगरी में भी सफलतापूर्वक कदम बढ़ा लिए हैं। यह नया विस्तार कंपनी द्वारा 'ब्लंट ब्लैक' एक प्रीमियम परफ्यूम (ईडीपी) की रेंज की लांचिंग की घोषणा के साथ हुआ है। इस प्रीमियम प्रोडक्ट की लांचिंग कंपनी द्वारा निरंतर विस्तृत हो रहे विविधतापूर्ण पोर्टफोलियो को दर्शाती है। जो कि अगरबत्ती और पूजन संबंधित उत्पादों की विरासत को आगे बढ़ाते हुए तेजी से बढ़ते प्रीमियम फ्रेग्रेन्स सेगमेंट के नए मार्केट से भी सफलतापूर्वक जुड़ रहा है। तीन दशकों से भी अधिक की सुगंध संबंधी विशेषज्ञता के साथ ब्लंट ब्लैक वर्तमान के उन कन्ज्यूमर को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 152 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लगातार चौथी बार अपनी प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कोई बदलाव नहीं किए जाने के बाद बुधवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबारी सत्र में बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 152 अंक चढ़कर बंद हुआ।

इस दौरान 30 शेयर वाला सेंसेक्स 152.05 अंक बढ़त के साथ 78,581 अंक पर रहा। सेंसेक्स के 17 शेयर बढ़त में जबकि 12 नुकसान में रहे। वहीं एक बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। सूचकांक बढ़त के साथ खुला और सत्र के पहले हिस्से में 79,055.38 अंक के दिन के उच्च स्तर को छू गया। हालांकि, दोपहर के कारोबार में सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 769.64 अंक टूटकर 78,285.74 अंक के निचले स्तर पर आ गया।

बाजार बंद होने से ठीक पहले दिग्गज बैंकिंग, वाहन और पूंजीगत वस्तु शेयरों में आई तेजी ने सेंसेक्स को घाटे से उबरने में मदद की। निफ्टी 9.75 अंक की मामूली बढ़त के साथ 24,624.65 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 24,677.60 अंक के उच्च स्तर तक गया और 24,497.95 अंक के निचले स्तर तक आया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंटरग्लोब एविएशन और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर सबसे अधिक बढ़त में रहे। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचसीएल टेक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर नुकसान में रहे।



- आरबीआई के रेपो दर को स्थिर रखने का बाजार पर सीमित प्रभाव
- सूचकांक बढ़त के साथ खुला, 770 का हाई लगाकर टूटा

शेयरों की समापन कीमतें तय करने नई प्रणाली शुरू

इक्विटी नकद खंड में समापन नीलामी सत्र (सीएएस) सोमवार से चालू हो गया, जिसने कीमत निर्धारण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और मजबूत बनाने के उद्देश्य से पात्र शेयरों की समापन कीमतें तय करने के लिए एक नई नीलामी आधारित प्रणाली शुरू की है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 2028/न.पा.नि./ 2026 रायगढ़ दिनाँक 05/08/26

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सि.नि.क्र.	कार्य का विवरण	अनु. लागत राशि रू. (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	196871	नगर पालिक निगम, रायगढ़ क्षेत्रान्तर्गत कोसाबाड़ी केन्द्र के पास ऑक्सीजोन निर्माण कार्य। (05 वर्ष के संधारण सहित) (द्वितीय निविदा)	933 .41	20 .08 .2026

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता, न.पा.नि., रायगढ़

संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर (छ.ग.)

(छ.ग. विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 18 / 2008 द्वारा स्थापित)

E-mail:- registrarsua@yahoo.co.in Phone:- 07774-222789, Fax:- 07774-222791

क्रमांक : 777/ स्थापना / अतिथि शिक्षक / 2026 अम्बिकापुर, दिनांक 24/07/2026

अतिथि व्याख्याता हेतु संक्षिप्त विज्ञापन

संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर के विश्वविद्यालय शिक्षण विभागान्तर्गत विधि, ग्रामीण प्रौद्योगिकी, वनस्पतिशास्त्र, प्राणीशास्त्र, रसायनशास्त्र, भौतिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स, ललित कला, अंग्रेजी, मानव-विज्ञान और जनजातीय अध्ययन, वाणिज्य, भूगोल, राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, इतिहास, अर्थशास्त्र, हिन्दू अध्ययन में अध्यापन व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदक अपने समस्त प्रमाण-पत्रों एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ दिनांक 18.08.2026 को सायं 5.00 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

नोट :- विस्तृत विज्ञापन विश्वविद्यालय की बेबसाईट www.sggvscg.ac.in पर प्राप्त की जा सकती है।

S-48668/1 कुलसचिव

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited

(A Government of Chhattisgarh Undertaking) (ISO 9001 : 2015 Certified)
1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No. 1, Telibandha, Raipur(C.G.)-492006
CIN: U45203CT1981SG001853, PAN: AABCM6288N,
GST Reg. No. 22AABCM6288N5ZY Phone: 0771-6621000 Fax: 0771-2583794
Website: www.csidc.in, Email address.csidc.cg@nic.in,csidc_raipur@yahoo.com

NOTICE INVITING TENDER (3rd Call)

(Through e-Procurement Portal Only)

NIT No.: 24/CSIDC/E.E.1/Division-1/2026-27/ 196796 Raipur, dated 04/08/2026

Online (Percentage Basis) tenders in Form-A are invited from contractors registered in Class-C & Above in New Unified Registration System (E-Registration) website https://eproc.cgstate.gov.in at appropriate class, for the following works:-

S. No.	Name of Work	Registered Contractor in CGPWD or in appropriate class in other dep't.	Time allowed Including rainy season	Estimated Cost (INR Lacs)	EMD (INR Rs.)	Cost of Tender Doc. (INR) including GST 18%
1	Up gradation of Existing 30m & 24m wide BT roads including Street Light at I/A Silpahri, Distt. Bilaspur (C.G.)	C& Above	03 Months i/c rainy season	195.59 Lacs	1,47,000/-	3540/-

The tender document and other details can be downloaded from the web portal (website) https://eproc.cgstate.gov in from 04/08/2026 and shall be submitted online only Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

NOTE: 1) The interested tenderers for online submission of tender may contact CG eProc Helpdesk Operated by Mjunction Services Limited, they may reach Helpdesk using 18002582502 (from 9 AM to 11 PM) (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk.eproc@ cgswan gov in

2) Tenderer may contact to E E., Div-1, CSIDC, Udyog Bhawan in working hours to clear their doubt if any before online submission of the tender

S -48672/1 Executive Engineer, Division-I

कार्यालय, नगर पालिका परिषद् खरसिया जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़)

क्रमांक/676/न.पा.प./ लो.नि.वि/ 2026-27 खरसिया, दिनांक 5/8/26

।। रूची की अभिव्यक्ति सूचना (EOI) (द्वितीय) ।।

नगर पालिका परिषद् खीरसिया क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 18 स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में (स्वीमिंग पुल, इनडोर गेम्स, जिम, बाक्स क्रिकेट, कैन्टीन, पार्किंग, बॉलीवाल, बास्केटबाल एवं अन्य) का नियमित रूप से रख रखाव के साथ-साथ संचालन हेतु नगर पालिका परिषद् खरसिया की निर्धारित किरायेदारी आबंटन शर्तों के तहत 01 वर्ष की किरायेदारी पर उपलब्ध कराने हेतु राशि रू. 2000000.00 (बीस लाख रूपये) वार्षिक किराया राशि पर उच्चतम बोली किराये की रूचि की अभिव्यक्ति बंद लिफाफे में राशि 500/-रू. प्रस्तुतीकरण शुल्क के साथ नगर पालिका परिषद खरसिया में कार्यालयीन समय पर दिनांक 21/08/26 समय दोपहर 3.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं, प्राप्त रूचि की अभिव्यक्ति दिनांक 21/08/26 समय शाम 4:00 बजे खोले जायेंगे।

क्र	कार्य का विवरण	न्यूनतम ऑफर राशि (रू. लाख में)	अमानत राशि एफ.डी. आर/टी.डी.आर के रुप में
1	वार्ड क्रमांक 18 स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में (स्वीमिंग पुल, इनडोर गेम्स, जिम, बाक्स क्रिकेट, कैन्टीन, पार्किंग, बॉलीवाल, बास्केटबाल एवं अन्य) का संचालन कार्य।	20.00	50000.00

उपरोक्त कार्य की ऑफर की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत ऑफर विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् खरसिया

समाहरणालय, सारण

(मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग)

बिहार सरकार

अधिहरित (Confiscated) वाहनों के सार्वजनिक नीलामी हेतु अति अल्पकालीन सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सारण जिला अंतर्गत मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 (यथा संशोधित) के अधीन विभिन्न थाना कांडों/उत्पाद वादों में जब्त एवं समाहर्त्ता सह जिला दण्डाधिकारी,सारण के न्यायालय द्वारा सुसंगत प्रावधानों के तहत राजसात किये गये अधोलिखित सारणी में अंकित वाहनों की सार्वजनिक नीलामी (Public Auction) "जहाँ है, जैसे है" के रूप में अपर समाहर्त्ता (विभागीय जाँच), सारण की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय कमिटी द्वारा **प्रथम नीलामी दिनांक–24.08.2026 एवं आवश्यकतानुसार उसके अगले दिन तथा द्वितीय नीलामी दिनांक:–27.08.2026 एवं तृतीय नीलामी दिनांक–31.08.2026 को 11.30 बजे पूर्वाह्न से कार्यालय सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, समाहरणालय सारण में सम्पन्न की जायेगी।** इच्छुक आवेदक/आवेदिका उक्त आलोक में विहित शर्तों एवं बंधेजो के साथ उक्त वाहनों की सार्वजनिक नीलामी में भाग ले सकते है।

नीलामी हेतु वाहनों का विवरण:–

क्र0 स0	अधिहरण वाद सं0	राज्यसात वाहन के अभिरक्षा का स्थान	अधिहरित किये गए वाहन का प्रकार/रजिस्ट्रेशन नंबर/चेचिस/इंजन संख्या	मोटरयान निरीक्षक द्वारा निर्धारित न्यूनतम मूल्य	अग्रधन की राशि (रू0 में)	अभियुक्ति त	वाहन स्वामी का नाम एवं पता
01	603/2025	सोनपुर उत्पाद थाना कांड सं0–69/2025	हुण्डई आई 10 कार HR51AF-1774 CH.NO. MALAM51CR9M366817 EN.NO-G4HG9M803212	25000.00	5000.00	चेसिस अस्पष्ट स्क्रैप।	संजीव भट्ट, पिता–सोनलाल भट्ट, पता–05 ब्लॉक न0–17, फिल्ड सेक्टर,–31, फरिदाबाद, हरियाणा।

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 009194 (Excise) 2026-27 सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।

जिला पदाधिकारी, सारण

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला स्वास्थ्य समिति, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

tele : 07824-222-069/108 email: cmho-bemetara.cg@gov.in

क्र./ एन.एच.एम./ एच.आर. /2026-27 / 879 बेमेतरा, दिनांक 08/07/2026

-:: विज्ञापन ::-

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रम में रिक्त संविदा पदों पर भर्ती किये जाने हेतु समस्त अर्हताधारी इच्छुक अभ्यर्थियों से दिनांक 08.07.2026 से दिनांक 14.08.2026 तक सायं 05:00 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिग्नल चौक के पास, पुराना अस्पताल परिसर, बेमेतरा, जिला बेमेतरा (छ.ग.) में पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। निर्धारित तिथि उपरांत एवं अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नही किया जावेगा। आवेदन से संबंधित समस्त विस्तृत दिशा-निर्देश, नियम व शर्तें एवं आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-बेमेतरा (छ.ग.) के सूचना पटल तथा जिला-बेमेतरा (छ.ग.) की आधिकारिक वेबसाईट www.bemetara.gov.in पर अवलोकन कर सकते है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला – बेमेतरा (छ. ग.)

S-48671/2

संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, व्यावसायिक परिसर द्वितीय तल, सेक्टर-27, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.), दूरभाषः 0771-2995629

ई-मेल : E-Mail: sanskriti.rajbhasha@gmail.com,

:: "मुख्यमंत्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना" हेतु प्रविष्टियां आमंत्रित ::

राज्य की कला एवं संस्कृति परंपरा के अंतर्गत छत्तीसगढ़ अंचल के विविध लोक कलाओं नृत्य संगीत, लोकगाथा, छत्तीसगढ़ी गीतकार, वाद्ययंत्र वादक, शिल्प कलाकार, छत्तीसगढ़ पाक कला, छत्तीसगढ़ सौंदर्यकला के कार्यशील कलाकारों के संरक्षण, संवर्धन एवं कला दलों के सतत विकास, कलाकारों को यथोचित प्रोत्साहन/सम्मान/आर्थिक सहायता की प्रक्रिया को मानक एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से "**मुख्यमंत्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना**" स्थापित किया गया है, जिसके लिए प्रविष्टियां निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित है।

1. **प्रोत्साहन के लिए निम्नांकित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए प्रविष्टियां पंजीकृत डाक के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।**
2. **प्रोत्साहन का प्रकार :-**

क्रमांक	प्रोत्साहन का प्रकार
1	नृत्य-संगीत, लोक नाट्य, लोकगाथा, छत्तीसगढ़ी गीतकार
2	वाद्ययंत्र वादक
3	शिल्प कलाकार
4	छत्तीसगढ़ पाक कला (छत्तीसगढ़ी व्यंजन)
5	छत्तीसगढ़ सौंदर्यकला (श्रृंगार)

3. वांछित जानकारी निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध किया जाना अनिवार्य है आवेदन प्रारूप विभाग की वेबसाईट पर उपलब्ध है एवं कार्यालय संचालनालय संस्कृति विभाग, नवा रायपुर से भी प्राप्त किया जा सकता है।
4. **आवेदन हेतु दिशा निर्देश :-**

• आवेदन वांछित जानकारियों के क्रमानुसार प्रारूप में होना अनिवार्य है।
• चिन्हारी पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य है एवं विधावार, निर्धारण वार्षिक प्रोत्साहन न्यूनतम राशि 12,000/- से अधिकतम राशि 24,000/- मात्र ई-पेमेंट के माध्यम से देय होगा।
• लाभान्वित होने वाले कलाकार जिसकी सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय राशि रूपये 96,000/- से अधिक न हो। (आय प्रमाण पत्र संलग्न करें, तहसीलदार द्वारा जारी विगत वित्तीय वर्ष हेतु जारी आय प्रमाण पत्र को प्राथमिकता दी जावेगी)
• चयनित कलाकारों/दलों को वित्तीय वर्ष में 1 बार प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी तथा आगामी 02 वर्षों के लिए अपात्र होंगे।
• बैंक खाता धारक का नाम, खाता क्रमांक एवं आई.एफ.सी. कोड एवं पैन कार्ड की छायाप्रति।
• प्रोत्साहन योजना से संबंधित जानकारी विभागीय वेबसाईट **WWW.cgculture.in** पर भी देखी जा सकती है।
• प्रविष्टियां/प्रस्ताव प्राप्त होने की अंतिम तिथि 31.08.2026 है तथा प्रविष्टियों के लिए लिफाफे में विषय "**मुख्यमंत्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना 2026**" स्पष्ट अंकित किया जावे।
• समिति का निर्णय अंतिम होगा एवं प्रस्तुत की गई प्रविष्टियों के संबंध में कोई भी पत्राचार मान्य नहीं होगा।

संचालक
संस्कृति एवं राजभाषा

G-262702581/1

राज्य के 156 उत्कृष्ट खिलाड़ियों के नाम राजपत्र में प्रकाशित

सरकारी नौकरी में नियुक्ति प्रक्रिया भी जल्द पूरी होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

करीब एक दशक से उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित होने के बावजूद सरकारी नौकरी का इंतजार कर रहे खिलाड़ियों के नाम राजपत्र (गजट) में प्रकाशित कर दिए हैं। सरकार की ओर से जारी राजपत्र में विभिन्न खेलों के 156 उत्कृष्ट खिलाड़ियों के नाम शामिल किए गए हैं। इन खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश और देश का प्रतिनिधित्व किया। इसके बावजूद लंबे समय से उन्हें सरकारी नौकरी का लाभ नहीं मिल पा रहा था।राजपत्र में नाम प्रकाशित होने के साथ ही अब इन 156 खिलाड़ियों के लिए सरकारी नौकरी का रास्ता साफ हो गया है। उम्मीद है कि अब नियुक्ति प्रक्रिया भी जल्द पूरी होगी और उन्हें उनकी उपलब्धियों के अनुरूप सरकारी सेवा में अवसर मिलेगा। खेल जगत से जुड़े लोगों ने भी इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे खिलाड़ियों के हित में बड़ा कदम बताया है। माना जा रहा है कि भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा और प्रदेश में खेल संस्कृति को भी मजबूती मिलेगी।

जारी सूची

आर्चरी खिलाड़ी : धर्मेश गोफने, बिन्देश्वरी मरावी, नित्या धुर्वे, भरत कुमार यादव, आरती मसराम।
बैडमिंटन : वेंकट गौरव प्रसाद, जूही देवांगन, आकर्षी कश्यप, फेंसिंग में स्वाती विश्वकर्मा, वी. जॉनसन सोलोमन, यशपाल ध्रुव, अभिलाष राज, अनूप चौधरी,अनुराग चौधरी
हॉकी : रेणुका यादव, कराटे में रूपेश दास, बोनिता तालुकदार, मोनिका पाढ़ी, नितिन सिंह, राजेश।
कयाकिंग केनोइंग : प्रमोद फरिकार, कौशल नंदनी ठाकुर, काजल धीवर, पिंकी साहू, शिवांगी ठाकुर,हेमलता सार्व, सोनू साहू, स्वाती साहू, देवकुमारी साहू,अशोक कुमार,गणेश यदु
पैरा एथलेटिक्स : संगीता मसीह, ईश्वरी निषाद, प्रीति यादव, –पैरा स्विमिंग में ममता मिश्रा , किसराम पटेल, भरत सिंह,
साफ्ट टेनिस : वुशु में आयुषी चौहान, बलराम साहू, महेन्द्र पासी,विरेन्द्र कुमार धीवर, नितिन नावलेकर,प्रतीक सिंह ठाकुर।
बास्केटबॉल : फरहन अंजुम, एकता शिर्के, कृतिका रजक, दिपाली मतेलकर,कल्पना पटेल,महिमा भारद्वाज, मेघा सिंह, रिया वर्मा, निशा नेताम, अंशु श्रीवास, गुलब्शा अली।
हैण्डबॉल : शाही रिजवान ए. प्रिया राव,एम. रमेश, एम. वेंकट राव, ऐमेश्वर वर्मा, यासी जीबरान, योगेश, कंचन महानंद, दिव्या सिन्हा,अनुजा दुबे, मुकेश्वरी, चित्रा, पी. दिनकर, पूनम यादव,राधेश्याम सिंह यादव, राजेश कुमार,रेवंती, रजनी, सोनिया, दुर्गा स्वामी, नीरज सेमल्टी, यशोदा साहू।
नेटबॉल : पलाश कुमार यदु, सृष्टि कांसकार, सुनील आदित्य, अंजली सोनकर, लखेश्वरी वर्मा, अतुल जायसवाल ।
डेफ स्विमिंग : व्हील चेयर फेंसिंग में कोमल कुमार मरकाम, महेन्द्र कुमार साहू, मालती पनौरे, मनोहर साहू, हरिहर सिंह राजपूत, रामफूल टोन्डर, रोहिणी साहू, राजेश कुमार साहू, सीता साहू ,उत्तरा नवरंग, दीक्षा तिवारी, दिलीप कुमार साहू, दुर्गा साहू, आशीष पटेल, द्वारिका प्रसाद जांगड़े।
साफ्टबॉल : इनेन्द्र कुमार साहू, बीरू बाघ, मानस केशरवानी, बिरेन्द्र, किशन महानंद, हितेश निर्मलकर, प्रिंस सिंह, रितेश कुमार यादव, विश्वनाथ पाठक, विनय कुमार सोनवानी,निखिल नायक, भूपेन्द्र कुमार गढ़े, पी. आशीष कुमार, प्रदीप झा, सारंग नेताम, सौरभ यादव, सोनू कुमार गुप्ता, सुनील राज, सूरज अग्रवाल, दीपक कुमार, वसीम मोहम्मद, चंदन कंवर, चंदन तांडी, चन्द्रशेखर पूरी गोस्वामी, जयेश कुमार राणा,जगमोहन दास, जगदीश महानंद, नरेश निर्मलकर, आशीष पाटिल, गौरव डहरिया, तैराकी में सृष्टि नाग।
व्हालीबॉल : दीपेश कुमार सिन्हा, धर्मवीर सिंह।
पैरा पॉवर लिफ्टिंग, यशपाल ध्रुव, अभिलाष राज, जगदीश विश्वकर्मा - वेटलिफ्टिंग, मोना पटेल - फेंसिंग, भारती सिन्हा – कराटे, दुर्गेश साहू – कराटे, धनेश्वर फरिकार – कराटे, रमेश कुमार – पैरा स्विमिंग, राजेन्द्र यादव – पैरा स्विमिंग, अलका यादव – साफ्टटेनिस, मीना – वुशू, मेश्वरी साहू – वुशू, रियाज़ नवाज़ – वुशू, लीलिमा सोनी – वुशू, प्रिति साहू – हैण्डबॉल, टी. प्रतीक कुमार – नेटबॉल, एस. मोहन राव – नेटबॉल, इमरान खान – नेटबॉल, मनोज साहू – नेटबॉल, विकास बंशपाल – नेटबॉल, निलेश शर्मा – नेटबॉल, भोजराज साहू – नेटबॉल, प्रकाश विश्वकर्मा – नेटबॉल, प्रशांत जेकब – नेटबॉल, लवकेश शर्मा – नेटबॉल, लुमेन्द्र साहू – नेटबॉल, राजू साहू – साफ्टबॉल, योगेन्द्र कुमार श्रीवास – साइक्लिंग (स्पेशल ओलम्पिक) शामिल हैं।

खबर संक्षेप



15 अक्टूबर से डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप

नई दिल्ली। शुभंकर शर्मा और अनिर्बान लाहिड़ी 15 से 18 अक्टूबर तक दिल्ली गोल्फ क्लब में होने वाली डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे जबकि इसमें रोरी मैकलरॉय और गत चैंपियन टॉमी फ्लीटवुड जैसे दिग्गज भी भाग लेंगे। चार मिलियन डॉलर ईनामी राशि का यह टूर्नामेंट 'रेस टू दुबई' के 9 टूर्नामेंटों में आठवां है। डीपी वर्ल्ड टूर चैंपियनशिप दुबई में नवंबर में होगी।

पीआईएफ लंदन चैंपियनशिप में भाग लेंगी 4 भारतीय



लंदन। दीक्षा डागर और अदिति अशोक समेत 4 भारतीय गोल्फर 20 लाख डॉलर ईनामी राशि के लेडीज यूरोपीय टूर (एलईटी) की पीआईएफ लंदन चैंपियनशिप में भाग लेंगी। दीक्षा दो बार एलईटी खिताब जीत चुकी हैं । वह लगातार शीर्ष दस में रही हैं और फिलहाल 'आर्डर आफ मेरिट' में आठवें स्थान पर है। वह 2023 में शीर्ष तीन में रही थी।

सिनसिनाटी ओपन नहीं खेलेंगे अल्काराज

सिनसिनाटी। दुनिया के दूसरे नंबर के टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज दाईं कलाई की चोट के कारण सिनसिनाटी ओपन से हट गए। यह चोट उन्हें अप्रैल से परेशान कर रही है। स्पेन के अल्काराज इस हार्ड कोर्ट टूर्नामेंट में अपने खिताब का बचाव करने की तैयारी कर रहे थे। यह प्रतियोगिता यूएस ओपन से पहले महत्वपूर्ण अभ्यास टूर्नामेंट मानी जाती है। टूर्नामेंट निदेशक बॉब मोरान ने कहा, 'हम जानते हैं कि कार्लोस जल्द से जल्द कोर्ट पर लौटने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। हम उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं और भविष्य में सिनसिनाटी में उनका स्वागत करने की उम्मीद करते हैं।

गिल की कप्तानी में जुड़ेगा एक और नया अध्याय

भारतीय टीम ने 1932 में खेला था पहला टेस्ट

ऐतिहासिक मैच : 15 अगस्त को 600वां टेस्ट खेलेगी टीम इंडिया

एजेंसी ⏭ कोलंबो

भारतीय टीम दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए श्रीलंका पहुंच चुकी है। जब 15 अगस्त को दोनों टीमें पहले टेस्ट के लिए आमने सामने होंगी तो वो एक ऐतिहासिक मैच बन जाएगा।

दुनिया की केवल दो ही टीमें ऐसी हैं, जो अब तक 600 टेस्ट मैच खेल पाई हैं, अब उसमें भारत का नाम भी शामिल हो जाएगा। ये एक बड़ी उपलब्धि होगी, जो भारत की आजादी की वर्षगांठ के दिन मिलेगी। इस बीच टीम इंडिया श्रीलंका पहुंच चुकी है और जल्द ही तैयारी भी शुरू हो जाएगी। भारतीय टीम अब तक 599 टेस्ट मैच खेल चुकी है और श्रीलंका के खिलाफ गॉल में होने वाला मुकाबला 600वां मैच होगा।

आजादी से पहले खेल लिया था पहला टेस्ट

भारत ने अपना पहला टेस्ट आजादी से पहले ही खेल लिया था। पहला मुकाबला 1932 में खेला गया था। तब भारत के कप्तान सीके नायडू हुआ करते थे, तब से लेकर अब तक इतना लंबा सफर तय किया गया है, जोकि अपने आप में ऐतिहासिक रहा है। इस बीच 1932 से लेकर अभी तक कई टेस्ट कप्तान रहे, लेकिन अब शुभमन गिल की कप्तानी में एक और अध्याय जुड़ने जा रहा है।


सारांश जैन


आकिब नबी

इंग्लैंड ने खेले सबसे ज्यादा टेस्ट, दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया

अब तक केवल दो ही टीमें ऐसी हैं, जो 600 टेस्ट का आंकड़ा पार कर चुकी हैं। सबसे ज्यादा टेस्ट तो इंग्लैंड ने ही खेले हैं। टीम अब तक 1097 टेस्ट खेल चुकी है। उसकी बराबरी करना किसी के लिए भी करीब करीब असंभव टाइप का है। इंग्लैंड ने अपना पहला टेस्ट 1877 में खेला था। इसके बाद दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया की टीम है। ऑस्ट्रेलिया ने भी अपना पहला टेस्ट साल 1877 में ही खेला था। तब से लेकर अब तक टीम 882 टेस्ट खेल चुकी है।

599 टेस्ट खेल चुकी है टीम इंडिया

भारत ने अपना पहला टेस्ट साल 1932 में खेला था। तब से लेकर अब तक टीम 599 टेस्ट खेल चुकी है। इस दौरान भारत ने 186 टेस्ट मैच जीते हैं और 188 में हार का सामना करना पड़ा है। 224 मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। केवल एक ही मैच ऐसा हुआ, जो टाई पर समाप्त हुआ है। 15 अगस्त को भारत और श्रीलंका की टीमें भिड़ेंगी तो रोमांच अपने चरम पर होगा। ये सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेली जाएगी।

श्रीलंका को 2-0 से हराने से भारत को होगा फायदा

श्रीलंका के खिलाफ शुरू हो रहे टेस्ट सीरीज से पहले टीम इंडिया वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 की अंकतालिका में 5वें स्थान पर है। भारत ने अब तक वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 साइकल में कुल 9 टेस्ट खेले हैं, जिसमें उसे 4 में जीत मिली है जबकि 4 मैचों में उसे हार मिली है और एक मैच ड्रॉ रहा है साथ ही भारत की जीत प्रतिशत 48.15 है। अब भारत अगर श्रीलंका को 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 से हरा देता है तो टीम इंडिया की जीत प्रतिशत 57.58 हो जाएगी और वो 5वें स्थान से चौथे स्थान पर पहुंच जाएगी।

आईसीसी रैंकिंग

शुभमन-इशान टॉप पर, बाबर आजम को फायदा, वैभव टॉप 50 में बरकरार



एजेंसी ⏭ दुबई

आईसीसी ने अपनी पुरुष क्रिकेट की ताजा रैंकिंग जारी कर दी हैं। इन दिनों दुनियाभर में जारी इंटरनेशनल क्रिकेट के मुताबिक पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान बाबर आजम को टेस्ट बैटर्स की रैंकिंग में चार स्थान का फायदा हुआ है। जबकि टी20 बल्लेबाजों में इशान किशन और वनडे बल्लेबाजों में शुभमन गिल टॉप पर हैं। वहीं टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में 15 साल के वैभव सूर्यवंशी 48वें स्थान पर टॉप 50 में बने हुए हैं। जारी ताजा रैंकिंग में नीदरलैंड्स के विकेटकीपर बल्लेबाज और कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने वनडे के बल्लेबाजों की रैंकिंग में चार स्थान की छलांग से 38वें से 34वें स्थान पर जगह बनाई है। जबकि टेस्ट के बल्लेबाजों की रैंकिंग में बाबर आजम 19वें से 15वें स्थान पर आ गए हैं। दुनिया में इस वक्त टी20 इंटरनेशनल हो नहीं रहा है, इसी कारण उसमें बदलाव नहीं हुए हैं। इशान किशन नंबर 1 बल्लेबाज हैं और राशिद खान गेंदबाजों में नंबर 1 पर काबिज हैं।

ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में भारतीय अव्वल

वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में नीदरलैंड्स के ही रुलोफ वान डर मर्व 11 स्थान की छलांग के साथ 74वें से 63वें स्थान पर आ गए हैं। जबकि टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह टॉप पर हैं। वहीं कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज और रविंद्र जडेजा (14वें, 15वें, 16वें क्रमशः) को श्रीलंका सीरीज से पहले एक-एक स्थान का फायदा हुआ है। पाकिस्तान के मोहम्मद अब्बास 9 स्थान की छलांग के साथ 17वें स्थान पर आ गए हैं। टेस्ट ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में रविंद्र जडेजा टॉप पर हैं। अक्षर पटेल को दो स्थान का नुकसान हुआ और वह 10वें से 12वें पर खिसक गए।

शीर्ष पर प्रज्ञानानंदा, हासिल किए 18 में से 12 अंक

सेंट लुइस रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज : रैपिड मुकाबलों में चली सटीक चालें

एजेंसी ⏭ सेंट लुइस

ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा ने सेंट लुइस रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज प्रतियोगिता के रैपिड वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 18 में से 12 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। उन्होंने इसके साथ ही वर्ष के अंत में होने वाले 'ग्रैंड शतरंज टूर (जीसीटी)' फाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीदें भी कायम रखी हैं।

प्रज्ञानानंदा ने सिंदारोव को छोड़ा पीछे

विश्व चैंपियनशिप 2026 की दौड़ से बाहर हो चुके प्रज्ञानानंदा ने 9 दौर के रैपिड मुकाबलों में बेहतरीन तकनीक, सटीक चालों और जीत के जज्बे का परिचय दिया। उन्हें हालांकि के नौवें और अंतिम दौर में नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर जॉर्डन वान फोरेस्ट से हार का सामना करना पड़ा, फिर भी वह एक अंक की बढ़त के साथ शीर्ष पर बने रहे। उन्होंने उजबेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव (11 अंक) को पीछे छोड़ा, जो इस वर्ष विश्व चैंपियनशिप मुकाबले में डी. गुकेश को चुनौती देंगे।



पुरस्कार राशि 2 लाख अमेरिकी डॉलर

प्रतियोगिता का परिणाम केवल रैपिड वर्ग से तय नहीं होगा। अब 18 ब्लिट्ज मुकाबले खेले जाएंगे, जिनके बाद कुल विजेता का फैसला होगा। प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि दो लाख अमेरिकी डॉलर है, जिसमें विजेता को 50 हजार अमेरिकी डॉलर मिलेंगे। प्रज्ञानानंदा ने रैपिड वर्ग में चार जीत (प्रत्येक जीत पर दो अंक), चार ड्रॉ और एक हार के साथ कुल 12 अंक जुटाए। अब उनका पूरा ध्यान 18 दौर के ब्लिट्ज मुकाबलों पर होगा, जहां प्रत्येक जीत के लिए एक अंक मिलेगा। सिंदारोव 11 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि अमेरिका के वेस्ली सो 10 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

बीच टूर्नामेंट में मार्करम ने छोड़ा एमएसजी का साथ

मैनचेस्टर। 'द हंड्रेड' के मौजूदा सीजन के बीच मैनचेस्टर सुपर जायंट्स (एमएसजी) को एक झटका लगा है। टीम के कप्तान एडेन मार्करम निजी कारणों से टूर्नामेंट को बीच में ही छोड़कर घर लौट गए हैं। उनके स्थान पर माइकल ब्रेसवेल को टीम में शामिल किया गया, जबकि कप्तानी का जिम्मा जोस बटलर को मिला है। रिपोर्ट के अनुसार, एडेन मार्करम 'द हंड्रेड 2026' के शेष मैच नहीं खेल सकेंगे। मार्करम निजी कारणों के चलते इंग्लैंड में जारी टूर्नामेंट के बीच में ही साउथ अफ्रीका लौट गए हैं। फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, मैनचेस्टर सुपर जायंट्स पुष्टि कर सकती है कि पुरुष टीम के कप्तान एडेन मार्करम निजी कारणों से साउथ अफ्रीका लौट गए हैं।

कोरिया मास्टर्स : श्रीकांत का सफर समाप्त, तन्वी और पृथ्वी-कृष्णा जीते

एजेंसी ⏭ आसान

बीडब्ल्यूएफ कोरिया मास्टर्स 2026 के मेंस सिंगल्स में भारत को निराशा हाथ लगी, जहां पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 किदांबी श्रीकांत इजराइल के डेनिल डुबोवेंको के खिलाफ 20-22, 21-14, 12-21 से हारकर पहले ही दौर में बाहर हो गए। वहीं विमेंस सिंगल में तन्वी शर्मा ने जीत हासिल की।

पहला गेम 22-20 से हारने के बाद, किदांबी वापसी नहीं कर सके और इजराइली खिलाड़ी ने अगले दो गेम 21-14 और 21-12 से जीतकर श्रीकांत का सफर पहले ही दौर में खत्म कर दिया। विमेंस सिंगल्स में भारत के लिए कुछ बेहतर खबर थी। ताइपे ओपन चैंपियन तन्वी शर्मा ने चीन की युआन एन क्यूई को मात देकर अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी। दूसरे दौर में उनका सामना हमवतन श्रियांशी वालिसेट्टी से होगा।



मेंस डबल्स में मिली बड़ी जीत

भारत को मेंस डबल्स इवेंट में एक बड़ी जीत मिली। वर्ल्ड नंबर 118 जोड़ी पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय और कृष्णा प्रसाद गारागा ने थाईलैंड के चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों वोरापोल थींगसा-नग्गा और चालोएमपोन चारोएनकिटामॉर्न को हराया। भारतीय टीम ने वर्ल्ड नंबर 48 जोड़ी के खिलाफ 21-16, 21-18 से जीत हासिल करते हुए दूसरे दौर में अपनी जगह सुनिश्चित की। पुरुषों के सिंगल्स क्वालीफाइंग राउंड में, तुषार सुवीर ने कनाडा के शौर्य गुल्लैया के खिलाफ 21-15, 21-12 से शानदार जीत के साथ शुरुआत की, लेकिन जापान के शोगो ओगावा के विरुद्ध क्वालीफाइंग फाइनल में 21-10, 21-17 से हारने के बाद वे मेन ड्रॉ में जगह नहीं बना सके।

यूको बैंक UCO BANK (भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking) Honours Your Trust

शाखा : नरदहा, रायपुर (छ.ग.)

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 8 (1)] के तहत

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **यूको बैंक, शाखा- नरदहा, रायपुर (छ.ग.)** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था। ऋणी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम के नियम 8,9 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य (कब्जा) नीचे वर्णित दिनांक को ग्रहण कर लिया है तथा जिसका विवरण अधोवर्णित है।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है । ऋणी/बंधककर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद्द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त सम्पत्ति का **किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय यूको बैंक के मूल ब्याज व अन्य व्यय के भार के अधीन होगा** जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

क्र. सं.	ऋणी/गारंटर एवं बंधककर्ता का नाम	अचल संपत्ति का विवरण	मांग सूचना की तिथि / कब्जा सूचना की तिथि	मांग सूचना तिथि को बकाया राशि
1.	**ऋणी- शिव शंकर इंटरप्राइजेज, प्रोपराइटर- श्रीमती छबि दास। गारंटर- श्रीमती छबि दास पति श्री उत्तम दास । दोनों का पताः** डी-9, मानसपुरम कॉलोनी, संतोष नगर, मठपुरेना, रायपुर (छ.ग.)।	**श्रीमती छबि दास पति श्री उत्तम दास** के नाम पर खसरा नं. 240/1 (म्यूटेशन के बाद खसरा नं. 240/3), मौजा-छछनपैरी, प.ह.नं. 120/11, आरआईसी- केंदरी, तहसील-अभनपुर, जिला- रायपुर (छत्तीसगढ़) । क्षेत्रफल 5000 वर्ग फुट स्थित भूमि के समस्त भाग । ऊपर बताई गई सेल डीड (बिक्री विलेख) रायपुर के सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में बुक नंबर 01, ग्रंथ नंबर 55508, पेज नंबर 31 से 44, सेल डीड सीरियल नंबर 3588 (दिनांकः 01/09/2012) के तहत रजिस्टर्ड है । **इसकी चौहद्दी : उत्तर-** खसरा नं. 241, **दक्षिण-** खसरा नं. 240/2, **पूर्व-** खसरा नं. 239/1, **पश्चिम-** 416/14 एवं सड़क ।	22/04/2026 / 01/08/2026	₹ 35,78,192.01 + ब्याज देय एवं अन्य खर्च ।

दिनांकः 06.08.2026 स्थान- रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक

No. 2
व्यवहार न्यायालय, गुण्डरदेही
न्यायालय का नाम श्री प्रशांत कुमार देवांगन, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, गुण्डरदेही, बालोद
विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए समन
(O. 5, R. 1, 5.)
प्रो. नं.290/26
व्यवहार वाद ब/4/2022
आईसीआईसीआई बैंक लिमि द्वारा मैनेजर उत्तम कुमार बनाम सीताराम अन्य
NEXT DATE: 27-08-2026
प्रेषिती,
जामुन बाई
जामुन बाई आ. स्व. सीताराम, स्थाई पता– बरबसपुर जिला बालोद वर्तमान पता जामनारा, पोस्ट बोरी तह. व जिला राजनांदगांव छ.ग., Rajnandgaon, Chhattisgarh
चूँकि वादी आईसीआईसीआई बैंक लिमि द्वारा मैनेजर उत्तम कुमार ने आपके विरुद्ध दावा वास्ते हेतु वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 27–08–2026 को दिन में 10.30 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक् अनुदेश दिए गए हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान् प्रश्नों के उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजें जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिसादन का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या प्रतिसादन के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक को अवकाश घोषित हो जाये या पीठासीन अधिकारी के अवकाश होने पर प्रकरण अगले कार्यदिवस पर रखा जावेगा और अगर आप अगले कार्यदिवस पर अनुपस्थित रहते हैं तो प्रकरण में आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जा सकेगी। यह आज तारीख 24–07–2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी

No. 2
व्यवहार न्यायालय, गुण्डरदेही
न्यायालय का नाम श्री प्रशांत कुमार देवांगन, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, गुण्डरदेही, बालोद
विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए समन (0.5, R.1, 5.)
प्रो.न. 288/26
व्यवहार वाद ब/4/2022
आईसीआईसीआई बैंक लिमि द्वारा मैनेजर उत्तम कुमार बनाम सीताराम अन्य
NEXT DATE : 27-08-2026
प्रेषिती,
ढालेश्वरी, ढालेश्वरी आ. स्व. सीताराम स्थायी पता– बरबसपुर, वर्तमान पता– झुरानदी, तह. व जिला खैरागढ (छ.ग.), CHHATTISGARH
चूँकि वादी आईसीआईसीआई बैंक लिमि द्वारा मैनेजर उत्तम कुमार ने आपके विरुद्ध दावा वास्ते हेतु वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 27–08–2026 को दिन में 10.30 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक् अनुदेश दिए गए हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान् प्रश्नों के उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजें जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिसादन का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या प्रतिसादन के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक को अवकाश घोषित हो जाये या पीठासीन अधिकारी के अवकाश होने पर प्रकरण अगले कार्यदिवस पर रखा जाएगा और अगर आप अगले कार्यदिवस पर अनुपस्थित रहते हैं तो प्रकरण में आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जा सकेगी। यह आज तारीख 24–07–2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया **व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ श्रेणी, जिला बालोद (छ.ग.)** .
नोटः– 1. समन तामिली के 30 दिन के भीतर जवाबदावा प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है
2. वाद पत्र तथा दस्तावेजों की प्रति संलग्न है। (प्रशांत के व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी दवारान 17 निर्देशः– यदि प्रतिवादी समन लेने से इंकार करे/मौके पर न मिले/उसके घर पर बालिग सदस्य मौजूद न मिले तो समन की तामिली प्रतिवादी के निवास स्थान के बाहरी द्वार या बाहरी सहज दृश्य भाग पर पा कर प्रतिस्थापित तामिल करें।

सहारा रेगिस्तान में कभी बहती थीं नदियां, रहते थे हिप्पो

नई दिल्ली। सहारा रेगिस्तान का जिक्र होते ही दिमाग में बेहिसाब रेत, झुलसा देने वाली गर्मी और धरती की सबसे मुश्किल जगहों में से एक का नजारा दिखता है। लेकिन, भू-विज्ञान कुछ और ही कहानी बताता है। रेत के टीलों के नीचे पुरानी नदियों, विशाल झीलों और ऐसे इकोसिस्टम के निशान दबे हैं जहां कभी दरियाई घोड़े, मगरमच्छ और फलते-फूलते इंसानी समुदाय रहा करते थे।

वैज्ञानिकों ने अब पता लगा लिया है कि ये बड़े बदलाव अचानक नहीं हुए, बल्कि ये कुदरती जलवायु चक्र का हिस्सा थे, जिसने लाखों सालों से उत्तरी अफ्रीका का रूप बदला है। नई रिसर्च और सैटेलाइट से मिली जानकारियों और समुद्र की तलछट में सुरक्षित सबूतों से पता चल रहा है कि दुनिया का सबसे बड़ा गर्म रेगिस्तान बार-बार हरा-भरा क्यों हुआ, वे उपजाऊ इलाके हजारों सालों तक कैसे बने रहे और अगली बार 'ग्रीन सहारा' कब आएगा।

20 हजार सालों में कैसे हरा-भरा हो जाता है सहारा रेगिस्तान?

वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि हर 20 हजार साल में सहारा रेगिस्तान बदल जाता है। अलग-अलग रिपोर्ट्स और एक रिपोर्ट से पता चलता है कि सहारा में ज्यादा बारिश वाले दौर अक्सर लगभग हर 20,000 साल में लौटते हैं। यह आंकड़ा पृथ्वी की एक लंबे समय तक चलने वाली गति से आता है जिसे 'एक्सियल प्रीसेशन' कहा जाता है। यह ग्रह की घूमने वाली धुरी की दिशा में धीरे-धीरे होने वाला बदलाव है। जैसे-जैसे पृथ्वी की स्थिति धीरे-धीरे बदलती है सूरज के चारों ओर ग्रह की स्थिति के हिसाब से मौसम का समय भी बदलता है। कुछ खास समय पर उत्तरी गोलार्ध में गर्मियों के दौरान तेज धूप मिलती है क्योंकि ये तब होती हैं जब पृथ्वी सूरज के थोड़ी ज्यादा करीब होती है। उस अतिरिक्त गर्मी का असर सिर्फ तापमान तक ही सीमित नहीं रहता। उत्तरी अफ्रीका में जमीन के गर्म होने से आस-पास के महासागरों के मुकाबले ज्यादा बड़ा अंतर पैदा होता है।





20 हजार वर्ष में फिर से बनने लगती हैं झीलें

इससे अफ्रीकी गर्मियों का मानसून मजबूत होता है जिससे नमी वाली हवा आज की तुलना में कहीं ज्यादा उत्तर तक पहुंच पाती है। बारिश उन इलाकों तक पहुंचती है जो अभी लगभग पूरी तरह सूखे हैं जिससे सहारा के बड़े हिस्सों में पेड़-पौधे, नदियां और झीलें बनने लगती हैं। बारिश में शुरुआती बढ़ोतरी पूरी कहानी का बस एक हिस्सा है। जब पौधे फैलने लगते हैं तो वे अपने आस-पास के माहौल को बदलने लगते हैं। रेगिस्तान की हल्की रेत की तुलना में पेड़-पौधे जमीन को गहरा रंग देते हैं जिससे सतह सूरज की रोशनी को वापस भेजने के बजाय उसे ज्यादा सोख पाती है। पौधों की परत मिट्टी में नमी बनाए रखने में भी मदद करती है और हवा में धूल के कण कम पहुंचते हैं। झीलें और आर्द्रभूमि वाष्पीकरण के जरिए और नमी जोड़ते हैं जिससे ऐसे हालात बनते हैं जिनमें और ज्यादा बारिश हो सकती है और फिर नई झीलों का निर्माण होने लगता है।

क्या समंदर से निकले एलियंस, ब्रिटेन के समुद्री तटों पर बहकर आए सैकड़ों नीले रहस्यमयी जीव

लंदन। अगर आप समंदर किनारे घूम रहे हों और अचानक रेत पर नीले रंग के सैकड़ों अजीब से जीव बिखरे दिखें, तो एक पल को तो लगेगा ही कि शायद कोई एलियन उतर आया है। कुछ ऐसा ही नजारा आजकल ब्रिटेन के खूबसूरत समुद्र तटों पर देखने को मिल रहा है। कम्ब्रिया के सेंट बीज बीच और वेल्स के तटों पर अचानक से सैकड़ों चमकीले नीले जीव पानी के साथ बहकर किनारे पर आ गए हैं। पहली नजर में लोग इन्हें जेलीफिश समझ रहे थे, लेकिन जब असलियत सामने आई तो हर कोई हैरान रह गया।



अद्भुत था नजारा

रेत पर बिखरी इन नीली सुंदर आकृतियों को देखकर लोग तस्वीरें लेने से खुद को रोक नहीं पा रहे हैं। स्थानीय पर्यटक लुईस निकोलसन ने बताया, वहां सैकड़ों नीले जीव बिखरे थे, जो बेहद खूबसूरत लग रहे थे। इतनी धूप भरे दिन में यह एक अद्भुत नजारा था।

जेलीफिश नहीं, तो फिर क्या हैं ये?

वैज्ञानिक भाषा में इन्हें 'वेलेला वेलेला' और आम भाषा में 'बाय-द-विंड सेलर्स' कहा जाता है। देखने में यह भले ही एक अकेला जीव लगे, लेकिन असल में यह छोटे-छोटे कई जीवों का एक समूह होता है, जो मिलकर एक साथ काम करते हैं। इनका आकार लगभग 2 इंच होता है। इनके शरीर के ऊपर एक छोटा सा पारदर्शी पाल बना होता है। हवा जब इस पाल से टकराती है, तो ये किसी छोटी नाव की तरह पानी की सतह पर तैरते रहते हैं।

झील में धीरे-धीरे समाते दिखे 33 फीट लंबे दो विशाल जीव

एडिनबर्ग। स्कॉटलैंड की मशहूर झील लॉक नेस इन दिनों चर्चा में, जिसके पीछे की वजह हैं ऐसे रहस्यमयी जीव, जिनके दिखने से इन दिनों लोगों में चर्चा का माहौल गर्म है। दरअसल, एक आयरिश हंटर ने लाइव वेबकैम के जरिए दो बेहद विशाल रहस्यमयी जीवों को पानी में धीरे-धीरे समाते देखा है। ये दावा ऐसे वक्त में सामने आया है जब उस एरिया में रहस्यमयी जीवों की हलचल पहले से काफी बढ़ गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इयोन फागन नाम के एक रहस्यमयी जीव हंटर ने आयरलैंड के काउंटी डोनेगल में अपने घर पर बैठे-बैठे लॉक नेस के लाइव वेबकैम पर कुछ ऐसा देख लिया, जिसने लोगों के होश उड़ा दिए हैं। 9 जुलाई की दोपहर करीब 3.29 बजे उन्हें पानी के अंदर दो विशाल आकार वाली चीज तैरती हुई नजर आईं।



कॉमन जलीय जीव से बहुत ज्यादा बड़े थे

यूं तो लॉक नेस झील में सील जैसे जीव देखने को मिल जाते हैं, जो करीब आठ फीट तक लंबे होते हैं। इयोन के मुताबिक ये दोनों जीव किसी भी कॉमन जलीय जीव से बहुत ज्यादा बड़े थे। उनका मानना है कि इतनी विशालकाय प्रजाति का इतने सालों से इंसान की नजरों से बचकर झील की गहराई में रहना अपने आप में बहुत बड़ा रहस्य है। जब ये दोनों जीव दिखाई दे रहे थे, उस वक्त मौसम थोड़ा बादलों वाला था और हवा से पानी में हल्की लहरें उठ रही थीं। बताया जा रहा है कि, हाल के दिनों में इस इलाके से रहस्यमयी शेप्स को देखे जाने की कई खबरें सामने आई हैं।

बदलते मौसम में आपके सेहत का रखें ख्याल
बैद्यनाथ नागपुर असली आयुर्वेद
काढ़ा रेंज के साथ
असहनीय दर्द
सूजन
ऐठन
में अपनाएँ
हरारत
बदन दर्द
आँखे लाल होना
में अपनाएँ
महारास्नादि काढ़ा
(गुग्गुलु युक्त)
☑ वात रोगों में दर्द से आराम दिलाने में सहायक
☑ जोड़ो के दर्द में उपयोगी
☑ पीठ दर्द, कमर दर्द और शारीरिक सूजन आदि में उपयुक्त।
Baidyanath NAGPUR Maharasnadi Kadha Useful to treat Painful Joints, Backache, Muscular Pain etc.
महासुदर्शन काढ़ा
(असली चिरायता युक्त)
☑ हाथपाँव का अकड़ना
☑ मुँह का स्वाद कड़वा होना
☑ भूख न लगना
☑ सिरदर्द व बदन दर्द
☑ आँखे लाल होना आदि में उपयुक्त।
Baidyanath NAGPUR Mahasudarshan Kadha (Swasthya Rakshak) For cough, cold and body ache महासुदर्शन काढ़ा
मुफ्त वैद्यकीय सलाह के लिए संपर्क करे : + 91 844 844 4935

ओम हॉस्पिटल
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
• हर्निया • चर्बी की गांठ
• पाइल्स • फिस्टुला
• पेट से संबंधित समस्त सर्जरी
• लेजर द्वारा बवासीर का ईलाज
• दूरबीन से होने वाली समस्त सर्जरी
महादेवघाट रोड, रायपुर चौक, रायपुर (छ.ग.) 8370008551
खरोरा रोड,तिल्दा (छ.ग.) 9302734809
सरायपाली (छ.ग.) 8370008558
जगदलपुर (छ.ग.) 8435908123
#Rajesh

THE BEST TREATMENT FOR
KIDNEY STONES WITH LITHOTRIPSY
• No incisions
• No pain
• No bleeding
• No hospital stay
Get back to your normal life
Get the best treatment for kidney stones
(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

कैंसर सर्जरी
पश्चात अंगों का पुनःनिर्माण
(जबड़ा, स्तन व अन्य)
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

TVS
1.8 CRORE संतुष्ट ग्राहक
नई TVS XL100
सिर्फ सौ नहीं, सौ से बढ़कर.
₹48 050* से शुरू
₹3 000* स्पेशल एक्सचेंज बोनस
The Bakery BREAD AND CAKES
LED हेडलैंप
अब 3 आकर्षक रंगों में उपलब्ध^
एलॉय व्हील्स के साथ ट्यूबलेस टायर्स
ब्लू । ग्रे । रेड
15% अधिक मायलेज+
स्कैन करें
Ex-showroom price of TVS XL100 Heavy Duty Kick Start variant in Chhattisgarh. * This exchange scheme is valid across India till 31st March, 2027 and is available exclusively through authorised TVS main dealers (AMDs) and authorised TVS dealers (ADs). ^ Colours available in TVS XL100 Heavy Duty Alloy variant. + Based on internal test conditions. As compared to BS-IV models. T&C apply.
FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com मुख्य अधिकृत डीलर – भटगांव : रायपुर टीवीएस, मो. 7909500091, फाफाडीह : सांई मोटर्स, मो. 6262626003, आरंग : सांई मोटर्स, मो. 6262626001, लालपुर : सांई मोटर्स, मो. 6262626006, तेलीबांधा : हीरा टीवीएस, मो. 7880134300, पंडरी : अवनि टीवीएस, मो. 8305165176, जी.ई. रोड : भारत टीवीएस, मो. 9111499111, भिलाई सुपेला: ईशान ऑटोवर्ल्ड प्रा. लिमिटेड, मो. 8871212121, रालस ऑटोकॉर्प प्राइवेट लिमिटेड, मो. 9171759000, भिलाई 3 : रालस ऑटोकॉर्प प्राइवेट लिमिटेड, मो. 9171759000, दुर्ग : एस.एस.डी. मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड, मो. 7693052762, जगदलपुर : स्पाक ऑटो स्टोर एलएलपी, मो. 7509199999, धमतरी : स्कूटर हाउस, मो. 9827196521, कवर्धा : श्री गुरुनानक ऑटोमोबाइल एलएलपी, मो. 9993309707, राजनंदगांव : एल.सी.के. मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड, मो. 9993876300, 8770681011, इंडियन टीवीएस, मो. 9826166566, 9826366566, खॉंडगांव : शाई सेल्स एलएलपी, मो. 9692465300, 9779595705, बागबाहरा : कनिज ऑटोमोबाइल्स एलएलपी, मो. 9355530533, दल्लीराजहरा : गुरुदेव ऑटोमोबाइल्स, मो. 9981931573, कांकेर : आयशा मोटर्स, मो.. 8448493681. अधिकृत डीलर – पखंजोर : बंगाल साइकिल एवं ऑटो पार्ट्स, मो. 9479220572, नगरी : दिकेश ऑटो, मो. 9981761572, चारामा : एन सांई टीवीएस ऑटोमोबाइल्स, मो. 9039179813, कुरुद : भिलाई ऑटो, मो. 8982652500, भखारा : समृद्धि मोटर्स, मो. 9202336345, मैनपुर : अनम ऑटो, मो. 7000618960, भानुप्रतापुर : सुभाष मोटर्स, मो. 9755249656, बांदे : रामकृष्ण ऑटो, मो. 6267093399, नारायणपुर : खुशी ऑटोमोबाइल्स, मो. 9406107712, नागरनार : श्री ऑटोमोबाइल्स, मो. 7008549433, गरियाबंद : दिकेश मोटर, मो. 8720000334, अभनपुर : श्री ओम ऑटो, मो. 9893369485, छुरा : पटेल ऑटोमोबाइल्स, मो. 8889994949, गोहरापदर : गणेश ऑटो केयर, मो. 9819380089, बिरगांव रायपुर : ओम श्री मोटर्स, मो. 9039358352, दौदेखुर्द : आर.एम. मोटर्स, मो. 9826133734, धामधा : श्री हरि मोटर्स, मो. 9302290263, भिंभौरी : भवानी मोटर्स, मो. 9926150675, राजिम : अरिहंत ऑटोमोबाइल्स, मो. 9826113240, नवापाराजिम : श्री कुशल ऑटो, मो. 8109788711, खरोरा : प्रतीक ऑटोमोबाइल्स, मो. 9827197564, नेऑरा : प्रतीक ऑटोमोबाइल्स, मो. 9300414173, उतई : वी.के. मोटर्स, मो. 8959187052, पाटन : देव ऑटो, मो. 9981086462, अमलेश्वर : शिवाय ऑटोमोबाइल्स, मो. 9111070701, डोंगरगढ़ : रेयांश ऑटो, मो. 7415344077, 9753211132, खैरागढ़ : आर.के. ऑटोमोबाइल, मो. 7489863424, पांखतराई : सांई मोटर्स, मो. 8305728281, पंडरिया : ज्योति एजेंसी, मो. 9893592635, डोंगरगांव : भारत ऑटो, मो. 9827196076, अम्बागढ़चौकी : भारत ऑटो, मो. 9827196076, मोहला : शुभम मोटर्स, मो. 9399757956, मुरमुंडा : हीरा इंटरप्राइजेज, मो. 8085039059, पोटिया चौक : माय ऑटोमोबाइल्स, मो. 8839205689, माना बस्ती : एन.एस.एम. मोटर्स, मो. 9826150446, सेजबहार : यशश्री मोटर्स, मो. 8390096555, शामपुर : डी.आर. सेल्स एण्ड सर्विस, मो. 9424146682, जुनवानी : जे.डी. मोटर्स, मो. 8959187052, गंडई : सानिया मोटर्स, मो. 9575726332, गुंडरदेही : शिवांश ऑटोमोबाइल्स, मो. 9340940548, बनियागांव : श्री वेंकटेश्वर, मो. 8871572202, सारागांव : श्री गणपति ऑटोज़, मो. 9981855981, फरसगांव : श्री नारायण सेल्स, एम. 9685968593, जामुल : एम.एस. ऑटोमोबाइल्स, मो. 9244008181, लाखोली : श्री श्रीवास मोटर्स, मो. 6266166230, सिलयारी : गौरव ऑटोमोबाइल, मो. 7566593315, छुईखदान : आर.के. ऑटोमोबाइल, मो. 7489863424, देवभोग : खेतेश्वर मोटर्स, मो. 7000186541, सुकमा : पी.आर. ऑटोमोबाइल, मो. 7824006017, बचेली : वोलेंटटीवीएस, मो. 8253001320, गीदम : जगदंबा टीवीएस, मो. 9893801015, गोहरापदर : गणेश ऑटो केयर, मो. 8319380089, बीजापुर : धनलक्ष्मी ऑटोमोबाइल, मो. 9479012090, सालेहवारा : विदर्भ मोटर्स, मो. 7587490364, केशकल : हर्ष ऑटोमोबाइल्स, मो. 9685512528.
dentsu/hb rai/05/26

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com